

# दैनिक शुभ भास्कर

हर कदम आपके साथ ...








वर्ष-01 अंक-72 RNI UP HIN/2015/64737 पृष्ठ: 9 , मुल्य = 4 रूपया मंगलवार , 7 मार्च 2023


## संक्षिप्त समाचार

### नगर परिषद कार्यालय में मनाया गया होली मिलन समारोह



**रिपोर्ट : स्वेता कुमारी पटना :** नगर परिषद मोकामा के सभागार भवन में आज होली मिलन समारोह मनाया गया । समारोह कार्यपालक पदाधिकारी मुकेश कुमार के नेतृत्व में मनाया गया । मुख्य अतिथि के तौर पर मोकामा आरपीएफ इंस्पेक्टर हरिकेश मीणा एवं मोकामा थानाध्यक्ष रामप्रीत कुमार मौजूद रहें ।इस मौके पर सभापति निलेश कुमार माधव , उपसभापति नीतू देवी सहित दर्जनों वार्ड पार्षद व समाजसेवी मौजूद रहे सभी ने एक दूसरे को गाल पर गुलाल लगाकर होली मिलन समारोह का आनंद लिया और भाईचारे का परिचय दिया ।वहीं कार्यपालक पदाधिकारी मुकेश कुमार को पूरे मोकामा क्षेत्र का मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया ताकि होली और सब ए बारात को शांतिपूर्ण तरीके से शहर में मनाया जा सके।

### अखण्ड अष्टयाम संकीर्तन का समापन



**भरगामा / अररिया**

प्रखंड मुख्यालय स्थित बजरंगबली मंदिर परिसर मे 24 घंटे का अखंड अष्टयाम सह हरे राम संकीर्तन भक्तिमय माहौल में संपन्न हो गया। इससे पूर्व विद्वानों द्वारा गीता पाठ, रामचरितमानस पाठ के साथ अष्टयाम की शुरूआत हुई थी ।इस दौरान 24 घंटे तक रामधुनी का आयोजन हुआ। सर्वप्रथम स्थानीय चंदो विश्वास के कीर्तन मंडली द्वारा कार्यक्रम मे हरिनाम का अखंड संकीर्तन शुरू किया गया ।इसके बाद दूर दराज से आए आधा दर्जन से अधिक कीर्तन मंडलियों द्वारा हरिनाम का अखंड संकीर्तन किया गया। जिसमे कई कीर्तन मंडलियों के आकर्षक झांकी का लोगो ने भरपूर आनंद उठाया ।इधर इस अखंड अष्टयाम मे बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया ।इस अवसर पर बजरंगबली मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था ।वही इस दौरान 24 घंटे तक भजन कीर्तन हरे राम , हरे कृष्ण की धुन से संपूर्ण वातावरण गुंजायमान होता रहा ।वही आयोजन के दौरान संध्याकालीन रासलीला का भी आयोजन किया गया ।इसको देख श्रद्धालु भाव - विभोर रहे ।वहीं स्थानीय कीर्तन मंडली द्वारा भक्ति पर आधारित आकर्षक झांकी को देखकर श्रद्धालुगण भक्ति में झूम उठे।दूर दूर से आए हजारों श्रद्धालुओंला ने कार्यक्रम का जमकर लुत्फ उठाया। रामायण पाठ, हवन पूणार्हुति, संकीर्तन पुजारी विमल झा , कृपानंद झा व अन्य पुजारियों द्वारा किया गया ।आयोजक विभीषण विश्वास ने बताया कि आयोजन को सफल बनाने मे स्थानीय दीपनारायण विश्वास , भालटु विश्वास , रूदल विश्वास, राजा मंडल , गोपी कुमार विश्वास , चंदु विश्वास , रामानंद राम , मनोज विश्वास , गिरानंद मंडल , कौशल विश्वास सहित ग्रामीणों का महत्वपूर्ण योगदान रहा ।

## क्या है Land For Job Scam, जिसके चलते राबड़ी देवी से पूछताछ कर रही CBI; पूरा लालू परिवार जद में

### 4 करोड़ से ज्यादा की जमीन 26 लाख में हथियाई

बिहार की राजनीति में इस वक्त सबसे ज्यादा चर्चा लैंड फॉर जॉब घोटाले की हो रही है। दरअसल, सीबीआई ने पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव और राबड़ी देवी के घर छापा मारा है। सीबीआई राबड़ी से मामले से जुड़े सवाल कर रही है। जमीन के बदले नौकरी देने के इस मामले में एजेंसी ने कार्रवाई की है। बता दें कि मामले में कोर्ट द्वारा लालू, राबड़ी और बेटी मीसा भारती सहित 14 आरोपियों को 15 मार्च को पेश होने के लिए समन भी जारी हो चुका है। आइए, जानें आखिर ये घोटाला है क्या और पूरा लालू परिवार इसकी जद में क्यों है... जमीन के बदले नौकरी घोटाला क्या है? लालू यादव द्वारा किए गए इस घोटाले का पूरा मामला रेलवे भर्ती से संबंधित है। मामले में लालू पर वर्ष 2004 से 2009 तक यूपीए सरकार में रेल मंत्री रहते हुए उनके और परिवार द्वारा जमीन के बदले लोगों को नौकरी देने का आरोप है। सीबीआई द्वारा मामले में लालू के साथ उनके परिवार पर भी केस दर्ज किया गया है और आरोप है कि लालू ने परिजनों के नाम पर नौकरी के बदले जमीनें रिश्वत में ली थी। बिना विज्ञापन जारी किए नौकरी दी लालू पर आरोप है कि उन्होंने रेल मंत्री रहते हुए ही बिना कोई विज्ञापन जारी कर रेलवे में ग्रुप-डी की नौकरी के लिए कई लोगों की भर्ती की थी। मामले में यह भी साफ हुआ कि जिन



लोगों को ये नौकरी मिली उन्हें अपनी जमीन तक देनी पड़ी। कई लोगों को तो आवेदन देने के 3 दिन में ही नौकरी दे दी थी। इसके तहत लोगों को जबलपुर, मुंबई, छत्तीसगढ़ और जयपुर आदि जगहों पर लगाया गया था। 12 लोगों से लालू ने परिजनों के नाम करवाए 7 प्लॉट सीबीआई के अनुसार, लालू यादव ने मंत्री रहते हुए जिन लोगों को नौकरी दी उनसे रिश्वत में जमीन ले ली। लालू ने पत्नी राबड़ी और बेटी मीसा समेत कई परिजनों के नाम पर इन प्लॉट को लिया। सीबीआई के अनुसार आरजेडी नेता ने नौकरी के नाम पर 12 लोगों से 7 प्लॉट सस्ते में या बिना कुछ दिए हासिल कर लिए। कई लोगों पर सीबीआई के छापे इस घोटाले को लेकर सीबीआई कई बार लालू समेत उनके करीबियों के ठिकानों पर छापेमारी कर चुकी है। सीबीआई लालू के बेटे और बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के गुरुग्राम मॉल, सांसद अशफाक करीम, फैयाज अहमद, MLC सुनील सिंह और सुबोध राय के ठिकानों पर छापे मार चुकी है। अब राबड़ी देवी से इसी मामले में सीबीआई पूछताछ कर रही है। बता दें कि मामले में राजद के पूर्व विधायक भोला यादव गिरफ्तार भी हो चुके हैं। 4 करोड़ से ज्यादा की जमीन 26 लाख में हथियाई लालू पर आरोप है कि उन्होंने लैंड फॉर जॉब घोटाले में बिहार के लोगों को ही नौकरी दी और करीब 4 करोड़ की जमीन 26 लाख में परिजनों के नाम करवा ली। ये सारे प्लॉट कुल मिलाकर करीब एक लाख स्क्वायर फीट से भी ज्यादा के थे। IRCTC घोटाले से अलग है ये मामला बता दें कि रेलवे भर्ती घोटाला IRCTC घोटाले से अलग है। आईआरसीटीसी घोटाला भी लालू के रेल मंत्री रहते हुए 2004 में होने का आरोप है। 2004 में रेलवे बोर्ड द्वारा IRCTC को रेलवे की कैटरिंग और होटलों की सेवा का पूरा जिम्मा सौंप दिया गया था। आरोपों के अनुसार, इस दौरान रांची के बीएनआर होटल की सेवा और विकास कार्यों के लिए जारी टेंडर में कई अनियमिताएं हुई थी। आरोप है कि इस टेंडर को पाने वाले एक प्राइवेट होटल से लालू ने रिश्वत ली थी। आरोप है कि होटल मालिकों ने लालू को पटना में कई एकड़ जमीन भी दी थी।

## जिला पदाधिकारी डॉ॰ नवल किशोर चौधरी की अध्यक्षता में जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारीयों के साथ लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक की गयी

**दैनिक शुभ भास्कर जिला ब्यूरो शैलेश कुमार तिवारी की रिपोर्ट**




गोपालगंज बिहार जिला पदाधिकारी डॉ॰ नवल किशोर चौधरी की अध्यक्षता में समाहरणालय सभा कक्ष मे सभी जिला स्तरीय एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों के सथ लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक की गयी। इस क्रम में लंबित पत्रों की समीक्षा की गई तथा विभाग से प्राप्त तीन महत्वपूर्ण लंबित पत्रों का निष्पादन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया ।सभी विभागों के कार्यालय प्रधान को अपने विभाग के तरफ से तीन योजनाओं /कार्यों का मास्टर प्लान तैयार कर सामान्य शाखा में भेजने का निर्देश दिया गया ।जो जन उपयोगी एवं विकासात्मक कार्य हो वही सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को महोदय ने निर्देश दिया कि आप सभी अपने प्रखंडों में संभावनाओं की तलाश करें ,प्रयास करें कि कई स्कीमों को एक साथ मल्टीपल पॉकेट की तरह प्रपोजल तैयार करें /क्रिएशन क्रिएट करें जिससे कई डिपार्टमेंट की योजनाओं को एक साथ एक पंचायत में मॉडल स्पॉट के रूप में तैयार किया जा सके , 11 मार्च तक तीन प्रपोजल प्रस्तुत करें वहीं निर्देश दिया गया कि ऐसे स्पॉट को चिन्हित करें जहां से कई क्षेत्रों के लोगों को चिकित्सा व्यवस्था सुलभता से मिल सके। समीक्षा के क्रम में सभी पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया गया कि वित्तीय अनुशासन अनुपालन सुनिश्चित करें। 31 मार्च को सारण स्नातक क्षेत्र निर्वाचन तिथि है अतः थावे महोत्सव की अगली तिथि निर्धारित करने का निर्देश दिया गया ।स्थानीय कलाकारों की सहभागिता कराने के निर्देश दिए गए ।शिक्षा विभाग द्वारा महोत्सव के अवसर पर प्रभातफेरी ,वाद विवाद प्रतियोगिता ,लेखन गायन आदि कार्यक्रम की तैयारियों लिए निर्देश दिए। शिक्षा विभाग को नारायणी रीवर फ्रंट ,परसौनी खास पंचायत और थावे मंदिर को परिभ्रमण स्थल के रूप में प्रचलन में लाए जाने हेतु निर्देश दिए ।वरीय कोषागार पदाधिकारी शशिकान्त आर्य ,कार्य पालक पदाधिकारी नगर परिषद,गोपालगंज संदीप कुमार,जिला सहकारिता पदाधिकारी राम नरेश पाण्डेय,मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी विरेन्द्र प्रसाद ,जिला सॉख्यिकी पदाधिकारी निर्मल कुमार,प्रखंड विकास पदाधिकारी कुचायकोट वैभव शुक्ला आदि पदाधिकारीगण उपस्थित थे ,साथ ही सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी,अंचल पदाधिकारी एवं अन्य पदाधिकारीगण विडियो कॉन्फ्रेंसिग के माध्यम से उपस्थित रहे।

## ग्राम कचहरी सचिव एवं न्याय मित्र के मृत्यु काल में आश्रितों को दिया जाएगा चार लाख रूपए

**दैनिक शुभ भास्कर आनंद कुमार की रिपोट**

भागलपुर/ जगदीशपुर बिहार सरकार पंचायती राज विभाग द्वारा निर्गत पत्र में ग्राम कचहरी सचिव एवं न्याय मित्र के मृत्यु होने की स्थिति में 400000 अनुदान राशि की स्वीकृति संबंधित आदेश दिया गया है ,आदेश संख्या-8प / वि०-05-133 / 2018 / 216 / पं०रा० पटना, दिनांक 1)/.ख्र/2019 बिहार पंचायत राज अधिनियम, 2006 की धारा 90 के प्रावधान के आलोक में प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम कचहरी का गठन किया गया है ताकि ग्रामीणों को सस्ता एवं सुलभ न्याय प्राप्त हो सके। इस क्रम में वर्ष 2007 में ग्राम कचहरी के कार्यों के संचालन में सहायता प्रदान करने हेतु संविदा के आधार पर ग्राम कचहरी सचिव एवं ग्राम कचहरी न्यायमित्र का नियोजन प्रत्येक ग्राम कचहरी में किया गया है ।संविदा पर नियोजित उक्त कर्मियों के संबंध में उच्च स्तरीय समिति की अनुशंसा के आधार पर सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के संकल्प संख्या - सह - पठित ज्ञापांक- 3 / एम0-13/2018 सा0-12534 दिनांक 17.09.2018 के माध्यम से संसूचित राज्य सरकार के निर्णय के आलोक में ग्राम कचहरी सचिव एवं न्यायमित्र की सेवा अवधि के दौरान मृत्यु होने की स्थिति में सामाजिक सुरक्षा के रूप में मृतक के आश्रित को एकमुश्त ₹4,00,000.00 (चार लाख रुपये) मात्र अनुग्रह अनुदान का निर्णय संसूचित किया गया है ।इस मद में होने वाला व्यय स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय के निम्नांकित बजट शीर्ष से विकलनीय होगा,"मुख्य शीर्ष 2515 अन्य ग्राम विकास कार्यक्रम,उपमुख्य शीर्ष-00-लघु शीर्ष - 196-निदेशन एवं प्रशासनझउपशीर्षझ0010 मुख्यालय पंचायत स्थापना अंतर्गत - 0010.37.01-अनुग्रह अनुदानह्व । इसका विपत्र कोड-16-2515001980010 एवं मांग संख्या - 16 है ।उपर्युक्त अनुग्रह अनुदान की स्वीकृति संबंधित जिला पदाधिकारी द्वारा दी जायेगी। इस मद में पर्याप्त आवंटन जिला पदाधिकारी को समय-समय पर विभाग द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा। संबंधित ग्राम कचहरी सचिव / न्यायमित्र की मृत्यु संबंधी सूचना सक्षम प्राधिकार द्वारा प्रदत्त मृत्यु प्रमाण पत्र के साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा जिला पदाधिकारी को उपलब्ध कराई जाएगी, जो यथाशीघ्र सम्यक छान-बीन के पश्चात मृतक के आश्रित को अनुग्रह अनुदान की स्वीकृति प्रदान करेंगे ।यह आदेश सामान्य प्रशासन विभाग के संकल्प संख्या - 12534 दिनांक 17.09.2018 के निर्गत होने की तिथि यानी 17.09.2018 से प्रभावी होगा ।असाधारण अंक में आदेशः आदेश दिया जाता है कि इसे बिहार राजपत्र के आगामी सर्वसाधारण की जानकारी हेतु प्रकाशित किया गया है साथ ही साथ ऐसे महंगाई दौर में ग्राम कचहरी सचिव एवं न्याय मित्र के मानदेय वृद्धि को लेकर भी काफी चिंता में है ग्राम कचहरी संघ के प्रदेश अध्यक्ष श्री गौरव लाल यादव एवं संघ के पदाधिकारी मानदेय वृद्धि को लेकर लगातार कोशिश में लगे हुए हैं। इधर ₹6000 मानदेय को लेकर भागलपुर जिला के जगदीशपुर प्रखंड अंतर्गत सामूहिक तौर पर ग्राम कचहरी सचिव फिरदौस अहमद आजाद राय श्वेता कुमारी जुली कुमारी सौरभ कुमार सुमन प्रतिमा देवी रीता कुमारी शोभा देवी प्रदीप कुमार दास शिव रंजन कुमार प्रकाश कुमार सोमा भारती सभी ने मिलकर समाचार के माध्यम से सरकार से निवेदन किया है कि सभी का मानदेय प्रत्येक माह ₹40,000 होनी चाहिए।

## चनावे जेल में हुआ महिला कैदियों के बीच जागरूकता कार्यक्रम

गोपालगंज बिहार आज दिनांक 6 मार्च 23 को मंडल कारा,चनावे में जिला सत्र न्यायाधीश श्री राकेश मालवीय के निर्देश पर एवं राष्ट्रीय महिला आयोग के सहयोग से महिला बंदियों को महिलाओं से संबंधित विभिन्न विषयों पर जागरूक करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव श्री नर्वदेश्वर पांडे के द्वारा किया गया मौके पर पैनल अधिवक्ता गिरिजेश मिश्रा व अनुपमा कुमारी सहित जेल प्रशासन के पदाधिकारी व कर्मी मौजूद रहे कार्यक्रम में महिला बंदियों से जुड़े एवं कारा मुक्ति के पश्चात उनके पुनर्वास व समाज में जाकर एक नई सोच के साथ स्वावलंबन से जुड़ी हुई बातें बताई गई वही यह भी बताया गया कि जागरूकता का परिणाम है कि महिलाएं अब हर क्षेत्रों में अपना योगदान देकर देश विकास में अहम भूमिका निभा रही हैं समाज में कई समस्याएं हैं, जिसका शिकार महिलाएं हो जाती हैं एवं परिस्थिति जन्य कुछ अपराध उनसे भी हो जा रही हैं जिस पर महिलाओं को सोचने समझने की जरूरत है एवं सबसे बड़ी जरूरत है कि महिला भी एक महिला दूसरी महिला का सम्मान व आदर करें ' कार्यक्रम में मंडल कारा की महिला बंदियों व महिला सुरक्षा कर्मी आदि उपस्थित रहे' कार्यक्रम में महिला बंदियों के बीच हैंडबिल आदि भी वितरित किया गया '

## खसरा रूबेला के रोकथाम के लिए बैठक आयोजित

**भरगामा / अररिया**



सोमवार को भरगामा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रखंड क्षेत्र में बढ़ते खसरा, रुबेला संक्रमण की रोकथाम को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी ममता कुमारी, प्रभारी चिकित्सक डा०संतोष कुमार,मैनेजर गगन राज,शैलेन्द्र कुमार, डब्ल्यूएचओ से संतोष कुमार फिल्ड मैनेजर, सुभान,बीएमसी यूनिसेफ अमीता सिन्हा,डाटा मैनेजर पंकज कुमार उपस्थित थे। बैठक में भरगामा प्रखंड क्षेत्र स्थित विभिन्न पंचायत में खसरा, रुबेला संक्रमण से बढ़ते मरीज के मद्देनजर बीएमसी यूनिसेफ अमीता सिन्हा ने विस्तृत चर्चा करते हुए कहा भरगामा थाना क्षेत्र के विभिन्न पंचायत में फिलवक्त बच्चे खसरा, रुबेला संक्रमण से संक्रमित हो रहा हैं। वही खसरा एवं रूबेला के कारण महिलाओं के प्रजनन पर भी असर होता है एवं मिसकैरेज का खतरा बढ़ जाता है इसलिए खसरा, रुबेला बीमारी की रोकथाम को लेकर हमें जागरुक होना हैं चिकित्सा प्रभारी डा० संतोष कुमार ने कहा प्रखंड क्षेत्र के आंगनबाड़ी केन्द्रों पर खसरा, रुबेला की रोकथाम को लेकर नौ माह से लेकर पाँच वर्ष के बच्चों को भरगामा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में वैक्सीन दिया जाता हैं। मगर खसरा, रुबेला के बढते संक्रमण के मद्देनजर वृहत पैमाने पर टीकाकरण अभियान चलाना हैं ।खासकर वीरनगर पुरव, वीरनगर पश्चिम, विषहरिया, शंकरपुर,धनेश्वरी, नया भरगामा, आदि पंचायत के विभिन्न गाँव में विषेश खसरा, रुबेला का टीकाकरण अभियान चलाने की आवश्यकता हैं। बैठक में मैनेजर गगन राज,सामुदायिक प्रबंधक शैलेंद्र कुमार, बीपीएम जीविका दिगंबर यादव,फेसिलेटर उषा रानी, मंजू कुमारी आदि उपस्थित थे।

## होली एवं शब ए बारात पर वाहन गश्ती तेज थानाध्यक्ष ने शांतिपूर्ण पर्व मनाने का किया अपील



**भरगामा / अररिया एसएनवी**

छठ पर्व के मद्देनजर भरगामा थाना पुलिस थाना अध्यक्ष आदित्य कुमार के निर्देश पर थाना क्षेत्र सिमरबनी, शंकरपुर,जयनगर मोड़, महथावा बाजार, जिलेबिया मोड़, कदम चौक, रघुनाथपुर हाट, भरगामा बाजार, सुकेला मोड़, खजूरी बाजार आदि जगहों पर वाहन जांच अभियान चलाया। इस क्रम में वाहनों की डिक्की की गहन तलाशी ली गई। पूरे क्षेत्र में शांतिपूर्ण ढंग से होली एवं शब ए बारात पर विशेष निगरानी रखी जा रही हैं। थानाध्यक्ष आदित्य कुमार पूरे क्षेत्र की मॉनिटरिंग कर रहे हैं वाहन जांच के साथ-साथ पूरे थाना क्षेत्र में वाहन गश्ती तेज कर दी गई है इस वाहन गश्ती दल में थानाध्यक्ष आदित्य कुमार, एसआई संजय कुमार सिंह, एएसआई कुलदीप कुमार, एएसआई शबनम खान, एएसआई संजय कुमार शामिल है

## अनियंत्रित बाइक की ठोकर से एक युवक जख्मी



**भरगामा अररिया**

भरगामा थानाक्षेत्र के एनएच 327 ई पर ईट भट्ठा के पास विपरित दिशा से आ रहें अनियंत्रित बाइक की ठोकर से खजूरी पंचायत वार्ड नंबर 5 निवासी अजीत कुमार मंडल उम्र 18 वर्ष पिता लक्ष्मण मंडल गंभीर रूप से घायल हो गया जिन्हें स्थानीय ग्रामीणों के मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरगामा में भर्ती कराया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अजीत कुमार मंडल अपने खेत में पटवन कर जमुआन से खजूरी की ओर जा रहा था इसी क्रम में तेज रफ्तार से आ रही विपरीत दिशा से एक बाइक सवार ने ठोकर मार दिया जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया जिसे परिजनों के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरगामा में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सक ने उनके सर पर 5 टाका लगाए एवं स्थिति में सुधार को देखते हुए घायल युवक को डिस्चार्ज कर दिया।

## स्कॉलरशिप परीक्षा में 2300 छात्रों ने लिया हिस्सा



**शुभ भास्कर प्रखंड रिपोर्टर सुरेन्द्र यादव चकिया:-पू०च०।** विजय प्रेप द्वारा स्कॉलरशिप परीक्षा शहर के डीपीटीएस कॉलेज व बाप हाई स्कूल में आयोजित की गई। जिसमें विभिन्न जगहों से लगभग 2300 छात्रों ने प्रतियोगिता परीक्षा में भाग लिया। छात्र इस तरह की पहली बार दे रहे परीक्षा से उत्साहित दिखे। इस परीक्षा में 8 साल से 12 साल के छात्रों ने हिस्सा लिया। विजय प्रेप के निदेशक वैभव श्रीवास्तव ने कहा की इस प्रतियोगिता परीक्षा से छात्रों के अंदर छुपी हुई प्रतिभा उजागर होगी। इसका परिणाम आगामी 19 मार्च को ईशान मैरिज हॉल एंड रिसोर्ट में घोषित की जाएगी। परीक्षा का परिणाम बिल्कुल पारदर्शिता एवं स्वच्छ होगी। साथ हीं परीक्षा को सफल बनाने में शिक्षक व अभिभावक आदि को कोटि-कोटि धन्यवाद दिया। वहीं परीक्षा नियंत्रक आलोक कुमार एवं संयोजक संजय पाठक की अहम भूमिका रही।

# जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का समापन

**शुभ भास्कर कार्यालय प्रभारी प्रमोद कुमार मोतिहारी,पू०च०।**

नेहरू युवा केन्द्र पूर्वी चंपारण भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवम खेल मंत्रालय के तत्वधान में दो दिवसीय जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का समापन नेहरू स्टेडियम मोतिहारी में किया गया।इस दो दिवसीय खेल कूद प्रतियोगिता में नेहरू युवा केन्द्र पूर्वी चंपारण द्वारा आयोजित प्रखंड स्तरीय खेलों में से विजेता कबड्डी टीम,वॉलीबॉल, बैडमिंटन, 200,400 मीटर दौड़ लॉन्ग जंप में विजेता खिलाड़ियों ने भाग लिया।पहले दिन के सत्र में कबड्डी और वॉलीबाल के मैच कराए गए। इसके बाद दूसरे दिन के खेल में बैडमिंटन, एथलेटिक्स के अंतर्गत 200 मीटर ,400 मीटर दौड़,लॉन्ग जंप का खेल का आयोजन किया गया।इस आयोजन में कबड्डी में सिसवा टीम विजेता रही। वही मधुबन की टीम उपविजेता रही।वॉलीबॉल में पताही उपविजेता



रही तो गांधी मैदान विजेता के रूप में चुने गए।बैडमिंटन पुरुष डबल में प्रथम क्रमांक पर जफीर आलम ,साजिद अली की टीम और द्वितीय क्रमांक पर कुमार अक्षत सिंह और शिशिर राज रहे।बैडमिंटन महिला एकल में सानिया राज विजेता रही और आर्या सिंह उपविजेता रही।वही लॉन्ग जंप पुरुष में आसिफ आलम प्रथम विजेता रहे,द्वितीय क्रमांक पर राशिद और तृतीय स्थान पर प्रशांत प्रसाद रहे।वही महिला 200 मीटर दौड़ में रितु कुमारी प्रथम स्थान पर रही,ईशा कुमारी द्वितीय स्थान पर,और गौरी कुमारी तृतीय स्थान पर रही।इधर 200 मीटर दौड़ पुरुष में विजय कुमार ने प्रथम स्थान हासिल किया और दूसरे स्थान पर आदित्य कुमार तो तीसरे स्थान पर धीरज कुमार विजेता रहे।वही पुरुष 400 मीटर दौड़ में विवेक कुमार प्रथम विजेता रहे,वही द्वितीय स्थान पर कुंदन कुमार और तृतीय स्थान पर आदित्य कुमार विजेता हुए।कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि डॉक्टर लाल बाबू प्रसाद द्वारा युवाओं को शुभकामनाएं दी गई तथा विजेताओं को बधाई दी।साथ ही विशेष अतिथि पूर्व विधायक प्रत्याशी प्रो मुन्ना कुमार एल एन डी कॉलेज द्वारा युवाओं को बधाई देकर उनकी हौसला अफजाई की ।कार्यक्रम के मौजूद पूर्व क्रिकेटर अनिल कुमार द्वारा विजेताओं को बधाई दी गई ।इसके बाद मुख्य अतिथि एवम विशेष अतिथियों द्वारा विजेताओं को ट्रॉफी ,मेडल्स और सर्टिफिकेट वितरण किया गया।अंत में जिला युवा अधिकारी नेहरू युवा केन्द्र पूर्वी चंपारण श्री स्वरूप देशभ्रतार द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया जिसमे उन्होंने विजेताओं और उपविजेताओं को बधाई दी साथ ही अन्य प्रतिभागियों की हौसला अफजाई की उन्होंने मंचस्थ अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया और कार्यक्रम में उपस्थित रहने के लिए धन्यवाद कहा। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक प्रदीप कुमार,रंजीत कुमार,गोल्डन कुमार मिश्र ,भूषण कुमार, जय गुप्ता, विकास चंद्र झा आदि उपस्थित थे।

## सम्मान-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन प्रखण्ड सभागार में आयोजित किया गया



**शुभ भास्कर संवाददाता पंकज भगत**

महिला जनप्रतिनिधि सम्मान-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन प्रखण्ड सभागार महेशपुर में आयोजित किया गया जिसमे आगामी अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को लक्ष्य में रखते हुए महिला विषयक समस्या का निराकरण में उत्कृष्ठ कार्य करने वाले 5 मुखिया जनप्रतिनिधि को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया ।मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी,अंचल अधिकारी,प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी,थाना प्रभारी, प्रखंड समन्वयक द्वारा महिला समस्या का निराकरण से संबंधित प्रशिक्षण सभी मुखियाओं को दिया गया।

## प्रखंड कॉग्रेस कमेटी महेशपुर मोदी सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ धरना प्रदर्शन

**शुभ भास्कर संवाददाता पंकज भजन**

महेशपुर (पाकुड़):– प्रखंड में दिनांक 06.03.2023 सोमवार को प्रखंड अध्यक्ष कलिमुद्दीन शेख के नेतृत्व में एसबीआई बैंक के सामने एक धरना प्रदर्शन किया गया जिसका मुख्य वजह माननीय प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा सरकार की अडानी के पक्ष में क्रोनी कैपिटलिज्म की नीति से वाकिफ हैं। गहरे आर्थिक संकट के समय में भाजपा सरकार देश के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को अडानी समूह को बेच रही हैं और एसबीआई और एलआईसी जैसे सार्वजनिक संस्थानों को निवेश करने के लिए मजबूर कर रही है, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग के भारतीयों को करोड़ों की बचत जोखिम में है। मौके पर उपस्थित महेश विधानसभा



प्रभारी राजकुमार भगत मोहन तिवारी नईम शेख मुजाफर शेख हैदर अली अब्दुल हाई लिट्टीपाड़ा प्रभारी युवा नेता दाऊद मराण्डी कमाल अंसारी सुनिल सोरेन सुभाषटेन मुर्मू किसन सोरेन आदि उपस्थित थे

## JITM प्रशिक्षण केंद्र में अंतर राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया !

**शुभ भास्कर संवाददाता पंकज भगत**




पाकुर जिले के महेशपुर में सोमवार को महिला दिवस के शुभ अवसर पर प्रखंड में तेजस्विनी खक्ळट प्रशिक्षण केंद्र में अंतर राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इसके शुभ अवसर पर रंगोली प्रतियोगीता, अंकन प्रतियोगीता, भाषण प्रतियोगिता, जैसे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें तेजस्विनी परियोजना के सभी एजीवाईडब्ल्यू ने हिस्सा लिया। विजेता प्रतिभागियों को एलएस मैडम के हाथों पुरस्कृत किया गया। आज के कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना के सभी एलएस मैडम, खक्ळट के सभी कर्मी, तेजस्विनी परियोजना के सभी संकुल समन्वयक, क्षेत्र समन्वयक, प्रखंड समन्वयक एवं तमाम एजीवाईडब्ल्यू उपस्थित थे।

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की मार्च 2023 का भौतिक समीक्षा बैठक आयोजित

**शुभ भास्कर क्राइम रिपोर्टर शशांक त्रिपाठी मोतिहारी,पू०च०।**

डॉ राधाकृष्णन सभागार, मोतिहारी में अध्यक्ष जिला सड़क सुरक्षा समिति - सह-जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की मार्च 2023 का भौतिक समीक्षा बैठक आयोजित किया गया।समीक्षा के क्रम में उन्होंने कहा कि शहर भर में लग रहे जाम एवं सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना सुनिश्चित करें।शहर में ट्रैफिक मैनेजमेंट ठीक करें । नगर आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी मोतिहारी सदर एवं जिला परिवहन पदाधिकारी को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि विशेष प्लान बना कर शहर भर में ट्रैफिक मैनेजमेंट को दुरुस्त किया जाए । व्यावहारिक उपाय बनाकर आमजन की सुविधा हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें।नाबालिक ड्राइवर पर



पूर्ण प्रतिबंध नियमों का पालन सुनिश्चित करें।शहर में 2 ट्राफिक चौकी निर्माण हेतु जल्द से जल्द प्रस्ताव भेजने का संबंधित पदाधिकारी को उन्होंने निर्देश दिया।मोतिहारी शहरी क्षेत्रों में सुबह 5:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक भारी वाहनों का नो एंट्री लगाने का उन्होंने निर्देश दिया।उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि दुर्घटना कम करने हेतु साइनेज एवं जेबरा क्रॉसिंग का निर्माण सड़क के आवश्यक स्थलों पर हर हाल में सुनिश्चित किया जाए।इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी मोतिहारी सदर, जिला परिवहन पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक ,नगर आयुक्त, सभी नगरपालिका पदाधिकारी, सभी थानाध्यक्ष आदि उपस्थित थे ।

# 'ये सब हमारे यहां चलता रहता है', 4 घंटे की CBI पूछताछ के बाद बाहर आकर बोलीं राबड़ी देवी

**रिपोर्ट : स्वेता कुमारी** पटना ' सूबे की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के आवास पर सोमवार को सीबीआई की टीम पहुंची. सीबीआई ने राबड़ी देवी से 4 घंटे तक पूछताछ की. बताया जा रहा है कि जांच एजेंसी ने IRCTC घोटाला यानी जमीन के बदले रेलवे में नौकरी देने के मामले में पूर्व सीएम से पूछताछ की. बताया जा रहा है कि सीबीआई की 12 सदस्यीय टीम राबड़ी देवी से पूछताछ करने पहुंची थी. इस दौरान उनके बेटे तेज प्रताप और तेजस्वी यादव भी मौजूद रहे. सीबीआई ने राबड़ी देवी को पूछताछ के लिए नोटिस दिया था. पहले ये पूछताछ सीबीआई दफ्तर में होनी थी. लेकिन बाद में उन्हें राहत देते हुए सीबीआई ने आवास पर ही पूछताछ करने का फैसला किया. राबड़ी देवी के वकील भी उनके आवास पर पहुंचे हैं. उधर, राबड़ी देवी के घर के बाहर राजद कार्यकर्ता जुट गए. वे सीबीआई की कार्रवाई का विरोध कर रहे थे. कार्यकर्ता शर्ट उतारकर विरोध प्रदर्शन करते रहे. कार्यकर्ता सीबीआई और केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी कर रहे थे. हालांकि, राबड़ी देवी के



आवास पर सुरक्षा भी बढ़ा दी गई थी. वहीं इस मामले में सीएम नीतीश कुमार ने तेजस्वी यादव से बात की है. सीबीआई रेड को लेकर बातचीत की गई है. क्या है LANd For Job ScAm, जिसमें राबड़ी देवी के घर पहुंची है CBI की टीम? कोर्ट ने भेजा लालू, राबड़ी समेत 14 लोगों को समन इससे पहले IRCTC घोटाला मामले में कोर्ट ने लालू यादव, राबड़ी देवी, मीसा भारती सहित 14 आरोपियों को समन जारी कर 15 मार्च को कोर्ट में पेश होने के लिए कहा है. ये समन ऐसे वक्त पर जारी हुआ है, जब लालू सिंगापुर से हाल ही में गुर्दा बदलवाकर स्वदेश लौटे हैं. IRCTC घोटाले में जांच कर रही सीबीआई रेलवे में नौकरी के बदले रिश्वत में जमीन लेने के आरोपों के मामले में सीबीआई जांच कर रही है. एजेंसी ने इस मामले में चार्जशीट भी दाखिल कर दी. इस मामले में लालू यादव के करीबी व पूर्व विधायक भोला यादव और हृदयानंद चौधरी भी अभियुक्त हैं. आरजेडी नेता लालू यादव के ओएसडी रहे भोला यादव को सीबीआई ने 27 जुलाई को गिरफ्तार किया था. भोला 2004 से 2009 के बीच तत्कालीन रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव के ओएसडी थे. चार्जशीट दाखिल होने के बाद उस पर संज्ञान लेते हुए राउज एवेन्यू कोर्ट ने कुल 14 लोगों को समन भेजा है. 15 मार्च को कोर्ट सभी आरोपियों से पूछताछ शुरू करेगा और उसके बाद आरोप तय किए जाएंगे. क्या है मामला? - लैंड फॉर जॉब स्कैम 14 साल पुराना है. ये घोटाला उस समय का है, जब लालू यादव रेल मंत्री थी. दावा है कि लालू यादव ने रेल मंत्री रहने के दौरान रेलवे में लोगों को नौकरी देने के बदले उनसे जमीन ली थी. लालू यादव 2004 से 2009 तक रेल मंत्री थे. 18 मई को सीबीआई ने इस मामले में केस दर्ज किया था. सीबीआई के मुताबिक, लोगों को पहले रेलवे में ग्रुप डी के पदों पर सब्स्टीट्यूट के तौर पर भर्ती किया गया और जब उनके परिवार ने जमीन का सौदा किया, तब उन्हें रेगुलर कर दिया गया. - सीबीआई का कहना है कि पटना में लालू यादव के परिवार ने 1.05 लाख वर्ग फीट जमीन पर कथित तौर पर कब्जा कर रखा है. इन जमीनों का सौदा नकद में हुआ था. यानी, लालू परिवार ने नकद देकर इन जमीनों को खरीदा था. सीबीआई के मुताबिक, ये जमीनें बेहद कम दामों में बेच दी गई थीं.

- सीबीआई ने ये भी पाया कि जोनल रेलवे में सब्स्टीट्यूट की भर्ती का कोई विज्ञापन या पब्लिक नोटिस जारी नहीं किया गया था. लेकिन, जिन परिवारों ने यादव परिवार को अपनी जमीन दी, उनके सदस्यों को रेलवे में मुंबई, जबलपुर, कोलकाता, जयपुर और हाजीपुर में नियुक्ति दी गई. - ED के मुताबिक, कुछ उम्मीदवारों के आवेदनों को अप्रूव करने में जल्दबाजी दिखाई गई.

कुछ आवेदनों को तीन दिनों में ही अप्रूव कर दिया गया. पश्चिम मध्य रेलवे और पश्चिम रेलवे ने उम्मीदवारों के आवेदनों को बिना पूरे पते के भी अप्रूव कर दिया और नियुक्त कर दिया. - कुल मिलाकर लालू यादव एंड फैमिली ने कथित तौर पर 7 उम्मीदवारों को जमीन के बदले नौकरी दी थी. इनमें से पांच जमीनों की बिक्री हुई थी, जबकि दो गिफ्ट के तौर पर दे दी गई थी.

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को लेकर रोलगाराम संकुल संघ में महिला से सम्बन्धित कार्यक्रम आयोजित किया गया



**शुभ भास्कर संवाददाता पंकज भगत**

पाकुड़ / महेशपुर पारखंड के रोलग्राम में JSLPS संस्था से बने संकुल संघ में सखीमंडल के दीदी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आगाज सजा दाजा कर बड़ी सान सोकत के संघ जेएसएलपीएस के बैनर तले महिला दिवस मनाया गया जिसमे महिलाओं को महिला सम्बन्धित बेसेश चर्चा किया गया इस कार्यक्रम को सफलता बनाने के लिए संस्था चालक द्वारा काफी चर्चा हुई ,तथा सखिमंडल के बारे में भी काफी चर्चा हुई सखीमंड से जुड़ कर महिलाएं काफी गरबी में बदलाव नजर अरे हैं , मौके पर उपस्थित संस्था के अनेक कार्यकर्ता गण मौजूद रहे

## वाहन चेकिंग के दौरान रसलपूर ओ पी थाना ने 223 बोतल विदेशी शराब के साथ तीन तस्कर के साथ दो मोटरसाइकिल को गिरफ्तार किया

**दैनिक शुभ भास्कर / भागलपुर निबराज आलम**

भागलपुर जिला के रसलपुर ओ पी थाना क्षेत्र मे चॉयटोला फोरलेन सड़क के समीप वाहन चेकिंग के दौरान शराब मोटरसाइकिल पर लेकर जा रहा था मोटरसाइकिल झारखंड की तरफ से आ रही थी जो दो मोटरसाइकिल एंव तीन तस्कर को गिरफ्तार किया गया युवक की पहचान पीरपैती थाना क्षेत्र के निवासी मोहम्मद मुमताज के पास से 180 का 199 बोतल विदेशी शराब एंव



मोटरसाइकिल बरामद हुआ एंव सबौर थाना क्षेत्र के निवासी संजीव कुमार एव मेहरमा थाना क्षेत्र के निवासी नीतिश कुमार यादव के पास से 375 का 24 बोतल विदेशी शराब एंव मोटरसाइकिल बरामद हुआ थानाध्यक्ष कन्हैया कूमार ने बताया कि वाहन चेकिंग के दौरान मोटरसाइकिल पर शराब लेकर झारखंड की तरफ आ रहा था तीन युवक के पास से 223 बोतल विदेशी शराब एंव दो मोटरसाइकिल बरामद हुआ है

# होली मिलन समारोह में उमड़ा सैलाब, खूब उड़े अबीर गुलाल

हिलसा में आयोजित होली मिलन समारोह में शामिल मुख्यमंत्री परामर्शी मनीष कुमार वर्मा, सांसद कौशलेंद्र कुमार, मुख्य पार्षद धनंजय कुमार अबीर गुलाल लगाते हुए हिलसा में पारंपरिक होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें कई राज्यस्तरीय नेता सहित हजारों की संख्या में लोग पहुचे और एक दूसरे को अबीर गुलाल लगा होली की बधाई दी।समारोह में मुख्यमंत्री के परामर्शी मनीष कुमार वर्मा, नालंदा सांसद कौशलेंद्र कुमार, पूर्व मंत्री सह विधान पार्षद नीरज कुमार, हिलसा विधायक कृष्ण मुरारी शरण, पूर्व विधान पार्षद राजू यादव, इस्लामपुर पूर्व विधायक चंद्रसेन प्रसाद, पूर्व विधान पार्षद हीरा बिंद, एकंगरसराय प्रमुख किरण देवी, हिलसा नगर परिषद उप मुख्य पार्षद दुर्गा कुमारी, चंडी नगर पंचायत उप मुख्य पार्षद प्रवीण कुमार शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन कर रहे नगर परिषद हिलसा के मुख्य पार्षद धनंजय कुमार ने इस समारोह में सभी आगन्तुओ को



अबीर लगाकर होली की बधाई देते हुए कहा कि होली आपसी भाईचारा का त्योहार है, इसमे सभी लोग गिला शिकवा भुलाकर एक दूसरे को रंग अबीर लगाकर खुशी का इजहार करते है। उन्होंने सौहार्द के साथ शांतिपूर्ण वातावरण में होली त्योहार मनाने की लोगो से अपील की। इस समारोह में ग्रामीण स्तर से आये कई होली कीर्तन मंडली ने संगीत के माध्यम से समा बांधा लोग झूमते नजर आए। वही समारोह में पुआ पकवान व्यंजनों का भी लुप्त उठाया। मौके पर संजय मुखिया, अनिल प्रमुख, देवेंद्र कुमार, नवनीत कुमार, विकास कुमार,आशुतोष कुमार मानव,कुंदन कुमार, नवल यादव, गौरव प्रकाश, राजकुमार, रूपेश पटेल, वार्ड पार्षद सकलदीप चौधरी, सुमंती देवी, राकेश कुमार, संतोष गुप्ता, बिंदा कुमारी, किरण रावत, रीना कुमारी, हरिचरण दास, परवेज आलम, शमशेर आलम, पम्मी कुमारी, सुमित कुमार, नवीन कुमार, वीना कुमारी, नौशाद आलम, रीना देवी, नीतीश कुमार, सुखदेव यादव, निरंजन कुमार, रंजू देवी के अलावे संजय सागर, ललित कुमार, अमित कुमार, सोनू यादव, धर्मेंद्र कुमार, डॉ० रविन्द्र प्रसाद सिन्हा, रंजीत कुमार वर्मा, मनोज पटेल, प्रफ्फुल पटेल, चुन्नू चंद्रवंशी, विनोद मुखिया, मुकेश पासवान,सुभाष बाबा, मनोज कुमार, पिंकू कुमार, हिमांशु कुमार, राहुल कुमार, अरुण कुमार, प्रफुल कुमार उर्फ लल्लू, सोनू कुमार, चन्दन कुमार, योगेंद्र कुमार मंडल, नीतीश कुमार, अनुपम कुमार, आशुतोष यादव, शैलेन्द्र कुमार, राजीव कुमार, पवन मुखिया, रजनीश कुमार, मनीष कुमार, अभिषेक कुमार, विकास कुमार, गुड्डू रंगीला, मकसूद आलम, आशीष कुमार, अनुपम अन्नू, अंकित भारती, नीतीश कुमार, मुन्ना कुमार,राजेश कुमार, संजीव कुमार, आमित सक्सेना, सौरव यादव, नीतीश कुमार निराला, आदि सभी राजनीतिक एव सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

दैनिक शुभ भास्कर

मंगलवार , 7 मार्च 2023



## राष्ट्रीय जनता दल इकाई की ओर से जिला कार्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन



फारबिसगंज : राष्ट्रीय जनता दल इकाई की ओर से जिला कार्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष सुरेश पासवान की अध्यक्षता में राजद के नेता,कार्यकर्त्ता व शहर के गणमान्य लोग शामिल हुए। आयोजित होली मिलन समारोह में राजद नेता अविनाश आनन्द,पूर्व प्रत्याशी अविनाश मंगलम,लालमोहन यादव,जिला उपाध्यक्ष राजू यादव,जिला प्रवक्ता रामनारायण विश्वास,नगर अध्यक्ष सुधीर यादव,मजदूर प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष सुशील विश्वास,फारबिसगंज प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप मंडल,महिला प्रखंड अध्यक्ष फूल कुमारी,व्यवसायिक प्रकोष्ठ के रमेश कुमार,राजा यादव,मृत्युंजय देव,संजीत मंडल,संतोष मालाकार,कुमार मंगलम,सिप्पू कुमार मंडल,गुड्डू,पंचम दास,किशन कुमार सहित बड़ी संख्या में राजद कार्यकर्ता मौजूद थे। महारैली की ऐतिहासिक सफलता से गदगद राजद कार्यकर्त्ता,पदाधिकारी,समर्थकों ने एकदूसरे को गुलाल लगाकर मिठाई खिलायी और जोगिरा के धुन थिरकते हुए धमाचौकड़ी मनाया और आपस में गले मिलकर एक दूसरे को होली की बधाई दी।

## उपेन्द्र कुशवाहा का विरासत बचाओ - नमन यात्रा पहुंचा छपरा

**दैनिक शुभ भास्कर सारण ब्यूरो पवन कुमार सिंह**



राष्ट्रीय लोक जनता दल (रालोजद) के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा पहुंचे छपरा वहीं छपरा आने के क्रम में उनके कार्यकर्ताओ ने गड़खा में भव्य स्वागत किया । आपको बता दें कि यह यात्रा 28 फरवरी भीतिहरवा (पश्चिम चम्पारण) से ह्यविरासत बचाओ झ्र नमन यात्राह्ल की शुरूआत हुई है है,जो 20 मार्च को समाप्त होगी। इसी कड़ी में 06 मार्च यानी आज उपेन्द्र कुशवाहा का ह्यविरासत बचाओ झ्र नमन यात्राह्ल छपरा पहुंचा,जहाँ वे छपरा के वंचित, पिछड़ा-अतिपिछड़ा, दलित-महादलित, लव-कुश, अल्पसंख्यक एवं प्रगतिशील सामान्य जाति के लोगों से मिले। बर्बाद हो रहे बिहार को बचाने हेतू सहयोग करने की अपील किए। आज उपेन्द्र कुशवाहा मुजफ्फरपुर से रेवा पुल होते हुए सुबह 10:00 बजे छपरा क्षेत्र में प्रवेश किए उन्हे सड़क जाम का सामना करना पड़ा इसके वजह से लेट हो गए। सोनहो, भेल्दी, कटसा होते रायपुरा पहुंचे जहाँ वे जनसभा को सम्बोधित किए। पुनः वे गरखा चौक पहुँच स्वतंत्रता सेनानी बिहार के गाँधी स्व० जगलाल चौधरी के तैल चित्र पर एवं शहीद इन्द्रदेव चौधरी के स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित किए। गरखा से अलोनी, महम्मदा, नेवाजीटोला चौक, रामनगर, ओभरब्रिज पार कर कचहरी स्टेशन, नगरपालिका चौक, थाना चौक, दरोगा राय चौक, ब्रह्मपुर होते पंचपतरा पहुँचें जहाँ दोपहर का भोजन के बाद, कोपा, दाउदपुर, एकमा, रसुलपुर होते सिवान के लिए प्रस्थान किए रास्ते में बीच-बीच में कई स्थलों पर उनका भव्य स्वागत भी हुआ एवं लोगों से अपील भी किए। वहीं स्वागत में अध्यक्ष रालोजद नेता ओमप्रकाश कुशवाहा, डॉ अशोक कुशवाहा विनोद सिंह , विनय कुमार सिंह, अनीश कुमार दांगी, केदार नाथ सिंह, शिवकुमार सिंह, रामलगन सिंह, संजीव कुमार सिंह, रामजिनिश सिंह, श्रीनाथ सिंह, धर्मेन्द्र कुमार सिंह, शिक्षक अवध किशोर सिंह राजकुमार सिंह ठिकेदार, आनंद कुमार सिंह, पंकज कुमार सिंह, तारकेश्वर प्रसाद, डॉ सुरेंद्र सिंह अन्य सकड़ो कार्यकर्ता शामिल रहे।

## कोपा में उपेंद्र कुशवाहा का गाजे बाजे के साथ फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया

**सारण/ कोपा ब्यूरो पवन कुमार सिंह**



आपको बता दें कि रालोजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा का विरासत बचाओ नमन यात्रा के दौरान कोपा आने के क्रम में उनके रालोजाद कार्यकर्ताओ ने गड़खा में भी भव्य स्वागत किया ।वे गड़खा चौक पर पहुंच कर स्वतंत्रता सेनानी बिहार के गांधी स्व जगलाल चौधरी तैल चित्र एवं शहिद इंद्रदेव चौधरी के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किए। आपको बता दें कि यह यात्रा 28 फरवरी भीतिहरवा (पश्चिम चम्पारण) से ह्यविरासत बचाओ झ्र नमन यात्राह्ल की शुरूआत हुई है है,जो 20 मार्च को समाप्त होगी।इसी कड़ी में 06 मार्च यानी आज उपेन्द्र कुशवाहा का ह्यविरासत बचाओ झ्र नमन यात्राह्ल कोपा पहुंचा,जहाँ वे कोपा के वंचित, पिछड़ा-अतिपिछड़ा, दलित-महादलित, लव-कुश, अल्पसंख्यक एवं प्रगतिशील सामान्य जाति के लोगों से मिले।बर्बाद हो रहे बिहार को बचाने हेतू और सहयोग करने की अपील किए।उसके बाद उनका काफिला सिवान के लिए रवाना हुआ। वहीं स्वागत में अध्यक्ष रालोजद नेता ओमप्रकाश कुशवाहा, डॉ अशोक कुशवाहा विनोद सिंह , विनय कुमार सिंह, अनीश कुमार दांगी, केदारनाथ सिंह, शिवकुमार सिंह, रामलगन सिंह, संजीव कुमार सिंह, रामजिनिश सिंह, श्रीनाथ सिंह, धर्मेन्द्र कुमार सिंह, शिक्षक अवध किशोर सिंह ,राजकुमार सिंह ठिकेदार, आनंद कुमार , पंकज कुमार सिंह, तारकेश्वर प्रसाद, डॉ सुरेंद्र सिंह , अनीश कुशवाहा, ब्रजेश कुशवाहा, कुंदन कुशवाहा, विशाल कुशवाहा, चंदन कुशवाहा आनंद कुमार सहित अन्य सकड़ो कार्यकर्ता शामिल रहे।

## नि:संतान वृद्ध महिला को झांसा देकर लिखावायी सारी जमीन

**दैनिक शुभ भास्कर दरियापुर/सारण**

थाना क्षेत्र के दरिहारा भुआल गांव निवासी लक्ष्मी देवी को कोई औलाद नही है इस बात का फायदा उठाते हुए मशरख थाना के सेमेरी गांव निवासी मकुरधन सिंह धोखाधड़ी करके लक्ष्मी देवी की सारी जमीन अपनी पत्नी के नाम करवा लिए है और जमीन लिखवाते ही लक्ष्मी देवी को प्रताड़ित करने लगे जब इसकी विरोध कि तो गला दबा कर हत्या करने का धमकी दे डाली और उस जमीन को वह बेचने लगे और बूढ़ी महिला को घर से बाहर निकाल रहे है बीते 5 तारीख को स्थानीय ग्रामीणों ने मकुरधन सिंह को गांव में रोककर उस पूछा गया तो पंचायती से मामला को हल करने की बात कही तब लक्ष्मी देवी स्थानीय थाना में उसके विरुद्ध आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करने की थानाध्यक्ष से गुजारिश की है

## दाउदपुर पुलिस ने एक महिला सहित दो शराब कारोबारियों को भेजा जेल

**दैनिक शुभ भास्कर माँझी/मनीष पाण्डेय मिन्टू**

होली को लेकर स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार छापेमारी की जा रही हैं ।दाउदपुर थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के अलग-अलग दो गांव में छापेमारी कर देसी शराब के साथ एक महिला सहित दो व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। इस संदर्भ में पूछे जाने पर थानाध्यक्ष बीरेंद्र राम ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि नसीरा व जैतपुर गांव में पुलिस से चोरी-छिपे शराब का धंधा किया जा रहा है। जहाँ पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नसीरा व जैतपुर में छापेमारी कर करीब 36 लीटर देसी शराब के साथ एक महिला कारोबारी समेत दो लोगो को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार कारोबारी में जैतपुर गांव के बिनोद साह जबकि दूसरे कारोबारी नसीरा गांव की मालती देवी बताई जाती है। पुलिस ने आवश्यक पूछताछ के बाद दोनों को जेल भेज दिया।

## गरखा में अखण्ड अष्टयाम को लेकर गाजे बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकला गया



**दैनिक शुभ भास्कर गड़खा/सारण**

प्रखण्ड के स्थानीय इटवा पंचायत के बैंकुठपुर में सोमबार को गाजे बाजे के साथ हनुमान मंदिर में 24 घंटे अखण्ड अष्ठ याम को लेकर भव्य कलश यात्रा निकला गया ।मांगलिक गीत मंत्रोच्चार के साथ सैकड़ो की संख्या में महिलाएं एवं पुरुषों ने इस कलश यात्रा में भाग लिया जहा उक्त मौके पर श्रद्धालुओं की भक्ति गीतों पर नाचते गाते हुए हनुमान मंदिर जुलुश पहुचा जहा पूजा अर्चना प्रारम्भ की गई। इस मौके पर अनिल सिंह, अजय सिंह, मुकेश सिंह, अरविंद सिंह बचा राय, मंजीत सिंह,भीम अविनाश रूपेश, रवि अनुराग सुधांशु प्रिंस कुमार ने भाग लिया।

## स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में बेहतर करने वाली महिला स्वास्थ्यकर्मी हुई सम्मानित

**शुभ भास्कर कार्यालय प्रभारी प्रमोद कुमार मोतिहारी,पू०च०।**



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को लेकर रविवार को सदर अस्पताल के ओपीडी परिसर में स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में बेहतर करने वाली महिला एएनएम, चिकित्सक व महिला स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर छात्रावास की छात्राओं ने स्वच्छता व स्वास्थ्य जैसे विषय पर लोगों को जागरूक करते हुए सदर अस्पताल से नगर थाना तक साइकिल रैली निकाली। डीएस डॉ. एसएन सिंह ने कहा कि शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना ही कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है । स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के लिए सदर अस्पताल की डॉ. सुरुचि स्मृति, डॉ. रश्मि श्री, डॉ. शालिनी चौधरी होमी भाभा कैंसर संस्थान, निभा कुमारी एसएनसीयू, अर्चना कुमारी प्रसव कक्ष, बचिया देवी ममता, नीतू देवी सफाई कर्मचारी, सरोज देवी सुरक्षा प्रहरी, उषा कुमारी परिचारी, रमिता कुमारी एएनएम सहित कई महिलाओं को मोमेंटों व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया ।जिला स्वास्थ्य समिति के डीसीएम नंदन झा ने कहा साइकिल रैली का मुख्य मकसद शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य तथा पर्यावरण अनुकूल परिवहन को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस आठ मार्च को है। इस दिन होली होने के कारण सरकारी कार्यालयों में अवकाश है, इसके लिए पांच मार्च (रविवार) को इस दिवस के उपलक्ष्य में स्वास्थ्य विभाग की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया ।मौके पर डॉ. अवधेश कुमार, डॉ. कुमार अमृतांशु, आशीष आकाश वर्मा, पप्पू राउत, रोहित राज, मनोज झा अर्पण पाटीदार, एएनएम स्कूल के प्राचार्य राकेश जाट, चांदसी कुमार, सहित कई लोग उपस्थित थे।

## पंडित गिरीश तिवारी जी की 124वी जयंती मनाई गई


**दैनिक शुभ भास्कर माँझी/मनीष पाण्डेय मिन्टू**



महान स्वतंत्रता सेनानी एवम् पूर्व धार्मिक न्यास एवम् शिक्षा राज्य मंत्री बिहार सरकार पंडित गिरीश तिवारी जी की 124वी जयंती उनके स्मारक स्थल बरेजा (मांझी,सारण) में मनाई गई। इस अवसर पर उनके जीवनी पर आधारित पुस्तक "अमर स्वतंत्रता सेनानी पंडित गिरीश तिवारी" नामक पुस्तक का विमोचन संयुक्त रूप से पूर्व जज रामप्रवेश चौबे, शारदानंद सिंह, चंद्र भूषण प्रसाद वर्मा, शिक्षक लाल बाबू सिंह, राणा प्रताप सिंह, प्रो० दिलीप शर्मा व प्राचार्य ओमप्रकाश सिंह इत्यादि के द्वारा किया गया।इस सभा की अध्यक्षता जे० पी० सेनानी शारदा नंद सिंह ने की। इस अवसर पर पूर्व मुखिया डॉ० कमलेश द्विवेदी, जिला पार्षद प्रितिनिधि ई० कमलेश यादव, मुखिया राजेश पांडेय, सरपंच विजय शंकर शुक्ला, इउ्ऌ अजय पांडेय, विश्वनाथ चौबे, साहित्यकार शंभू कमलाकर मिश्र, विजय मिश्र,तारकेश्वर ओझा, रमाशंकर सिंह, सुरेंद्र सिंह, शिवजी मिश्र, साधु दुबे, जगमोहन सोनी, चंदन शुक्ला, श्री भगवान जी, पवन सोनी, प्रभात दुबे, शिवाजी सिंह, संजय सिंह, धनंजय पांडेय, राहुल तिवारी इत्यादि गण्मान्य व्यक्ति उपस्थित थे, जो उनके व्यक्तित्व एवम् कृतित्व की चर्चा की एवम् उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। धन्यवाद ज्ञापन पंडित गिरीश तिवारी के पौत्र अधिवक्ता प्रवीण चंद्र तिवारी ने की।

## असामाजिक तत्वों ने प्रतिमा को किया खंडित

**शुभ भास्कर प्रखंड रिपोर्टर सुरेन्द्र यादव चकिया:-पू०च०।**



नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत गांव घंघटी के सामने चकिया केसरिया पथ के दोनों किनारे मंदिर में स्थापित दो अलग अलग प्रतिमा को असामाजिक तत्वों द्वारा खंडित कर दिया गया है। सोमवार की अहले सुबह विखंडित प्रतिमा की खबर से लोग सकते में पड़ गए तथा देखने के लिए भीड़ जुट गई। सूचना पर थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर धनंजय कुमार ने दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच घटना की सूक्ष्मता से जायजा लिया एवं अविलंब दोषियों को दबोचने का आश्वासन दिया। वही मंदिर के पुजारी थाना क्षेत्र के गांव शीतलपुर टोला हाता हरपुर निवासी बालेश्वर ठाकुर ने थाना में आवेदन देकर मामले की जांच व दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुजारी द्वारा दिए गए आवेदन पत्र में कहा गया है कि बीती रात निर्धारित समयानुसार मंदिर के कार्यों का निपटारा के बाद गेट बंद कर घर चला गया सुबह आया तो देखा कि बौधी मंदिर में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा को असामाजिक तत्वों द्वारा खंडित खंडित कर दिया गया था ।दूसरी तरफ अवस्थित भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा को भी आंशिक रूप से क्षति पहुंचाया गया था। इस बाबत थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर धनंजय कुमार ने बताया कि आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। प्रथम द्दष्टया आपसी सौहार्द को बिगाड़ने के उद्देश्य से असामाजिक तत्वों द्वारा घटना को अंजाम दिया गया प्रतीत होता है मामले का वैज्ञानिक विधि से अनुसंधान शुरू कर दिया गया है। घटना में शामिल दोषियों को अविलंब गिरफ्तार कर लिया जाएगा। गौरतलब हो कि श्रद्धालुओं द्वारा उक्त स्थान पर एक तरफ बौधी देवी मंदिर का निर्माण कराया गया है जिसमें मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित थी वहीं दूसरी तरफ स्थापित भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा को शरारती तत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया है।

## अपनी मांगों को लेकर शिक्षक जिला शिक्षा पदाधिकारी के ऑफिस के बाहर धरने पर बैठे

**शुभ भास्कर क्राइम रिपोर्टर शशांक त्रिपाठी मोतिहारी,पू०च०।**



जिला शिक्षा पदाधिकारी पूर्वी चम्पारण कार्यालय के बाहर ठक्कर प्रशिक्षित शिक्षकों के बकाया मानदेय, बेतन सहित अन्य माँग के समर्थन में बिहार पंचायत नगर प्राम्भिक शिक्षक संघ(मूल)बिहार के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्वी चम्पारण के जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार यादव TSUNSS के अध्यक्ष प्रियरंजन सिंह ळढरर के अध्यक्ष संजीत सिंह, TET उर्दू के अध्यक्ष मो कैश शिक्षक संघ बिहार के कोषाध्यक्ष फकरुद्दीन सहित अन्य शिक्षक संगठन के अध्यक्ष के अध्यक्षता में हजारों शिक्षक शिक्षिका जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय गेट के बाहर प्रदर्शन कर रहे हैं उनका मांग हैं कि होली तथा शब -ऐ-बारात जैसे महत्पूर्ण पर्व में जब अधिकांश जिला में ठक्कर का बकाया वेतन का भुगतान हो गया तो फिर पूर्वी चम्पारण में रोकना कही से उचित नहीं हैं। जबकि कल शिक्षा पदाधिकारी द्वारा यह आश्वाशन दिया गया था कि मेरे तरफ से नहीं रोका गया है कल हर हाल में भुगतान होगा और बकाया रोकने वाले पदाधिकारी पर कारवाई करेंगे लेकिन आज दोनों पदाधिकारी ऑफिस से गायब हैं। इस लिए जब तक भुगतान नहीं होगा तब तक हम लोगों का धरना प्रदर्शन चलता रहेगा धरना में हजारों शिक्षक/शिक्षिका उपस्थित रहे।

## रोशनाई फाउन्डेशन द्वारा आयोजित द्वितीय चंपारण रंग एवं लघु फिल्मोत्सव में सिनेमा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए डा. राजेश अस्थाना

**शुभ भास्कर कार्यालय प्रभारी प्रमोद कुमार मोतिहारी,पू०च०।**



रोशनाई फाउन्डेशन द्वारा आयोजित द्वितीय चंपारण रंग एवं लघु फिल्मोत्सव संपन्न हो गया। नवनिर्मित गाँधी ऑडिटोरियम में तीसरे दिन आयोजित लघु फिल्मोत्सव सह सम्मान व पुरस्कार वितरण समारोह का उद्घाटन जिलाधिकारी शीर्षत कपिल अशोक, अपर समाहर्ता पवन सिन्हा, प्रख्यात फिल्म अभिनेता अरुण बख़्शी, फिल्म लेखक अमित झा, संजीव कुमार झा, राष्ट्रीय फलक पर रूपसज्जा के लिए चर्चित धर्मवीर साक्षी, डा. आशुतोष शरण, डा. स्वस्ति सिन्हा आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया ।उद्घाटन भाषण में प्रख्यात फिल्म लेखक अमित झा ने कहा कि सिनेमा में हमारा समाज, हमारी सभ्यता-संस्कृति और हमारा जीवन प्रदर्शित होता है। व्यवसायिक सिनेमा के बनिस्पत लघु फिल्मों में सामाजिक सरोकार अधिक शिद्दत के साथ प्रस्तुत किया जा रहा है ।इस अवसर पर तालियों की गड़गड़ाहट के बीच अपर समाहर्ता पवन सिन्हा व जिलाधिकारी शीर्षत कपिल अशोक द्वारा सिनेमा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए बहुमुखी प्रतिभा के धनी महामहिम राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी से पुरस्कृत फिल्म लेखक, अभिनेता वे निर्देशक डा. राजेश अस्थाना और निर्देशक डीके आजाद को अंगवस्त्र, प्रतीक चिन्ह, एवं सम्मान पत्र देकर पुनः द्वितीय चंपारण सिने सम्मान से सम्मानित किया गया ।कार्यक्रम में मुम्बई एवं दिल्ली से पधारे प्रख्यात फिल्म अभिनेता अरुण बख़्शी द्वारा फिल्म लेखक अमित झा, संजीव कुमार झा, फिल्म निर्देशक राजेश राज, राष्ट्रीय फलक पर रूपसज्जा के लिए चर्चित धर्मवीर साक्षी को अंगवस्त्र, प्रतीक चिन्ह एवं सम्मान पत्र देकर विशेष रूप से सम्मानित किया गया ।उद्घाटन सत्र के बाद लाइफ टाइम चंपारण रंग सम्मान से वरीय रंगकर्मी ओमप्रकाश नारायण एवं संगीत- नाटक अकादमी पुरस्कार प्राप्त हृषिकेश सुलभ को सम्मानित किया गया। रोशनाई फाउन्डेशन के महासचिव प्रख्यात संस्कृतिकर्मी गुलरेज शहजाद ने आगत अतिथियों का स्वागत किया।

## पंचायत की महिलाओ और किशोरियों को डिजिटल और तकनीकी शिक्षा से जोड़ने की जरूरत : मुखिया गोपाल राय

**शुभ भास्कर कार्यालय प्रभारी प्रमोद कुमार मोतिहारी,पू०च०।**



अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के पहले पूर्वी चंपारण जिला के मुखिया गोपाल राय पंचायत एकडरी प्रखंड छौड़ादानो ने सेंटर फॉर कैटेलाइजिंग चेंज के सहयोग से आंगनवाडी केन्द्र 102 पर आम सभा का आयोजन किया। जिसमें उन्होंने बताया कि आज हम सब डिजिटल युग में जी रहे है और अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2023 पर नए थीम के जरिए उन महिलाओं और लड़कियों की पहचान करना है। जो परिवर्तनकारी प्रौद्योगिकी और डिजिटल शिक्षा की उन्नति का समर्थन कर रही हैं। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाने के दौरान दुनियाभर में मौजूद आर्थिक और सामाजिक असमानताओं पर डिजिटल जेंडर गैप के प्रभाव का पता लगाया जाए और उनको डिजिटल शिक्षा से जोड़ा जाए ।महिलाओं और अन्य उपेक्षित समूहों को प्रौद्योगिकी में लाने से समाज को कई फायदे होगे, इससे अधिक रचनात्मक समाधान मिलने की उम्मीद हैं और नवाचारों की अधिक संभावनाएं हैं। ये सभी महिलाओं की जरूरतों को पूरा करते हैं और लैंगिक समानता को बढ़ावा देंगे। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की बात कही गई। जिसमे मुखिया ने कहा कि महिला का अगर सही सम्मन करना है, तो परिवार के पुरुषो को परिवार नियोजन के साधन को अपना कर महिलाओ का सम्मन बढ़ने में मुख्य भूमिका निभा सकते है। उसके बाद पोषण, शिक्षा, रोजगार, सशक्तिकरण से जुड़ी अनेक सरकारी योजनाओं को भी साझा किया एवम्-इसका लाभ लेने के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य भूमिका उर्मिला कुमारी, महिला प्रवेक्षिका, आदित्य राज, जिला समन्वयक, अजय देवी, सेविका, और अरुण कुमार ने निभाया।

## अक्षय वट बुजुर्ग महासंघ बुजुर्गों ने खेली फूलों की होली

**एक संवाददाता/दैनिक सुभ भास्कर, सुपौल**

जिले में बसंतपुर प्रखंड के संस्कृत निर्मली स्थित बुजुर्ग संसाधन केंद्र में अक्षयवट बुजुर्ग महासंघ के तत्वावधान में हेल्पेज इंडिया के सहयोग से आयोजित होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान रंग-बिरंगे फूलों से दरभंगा, मधुबनी एवं सुपौल जिले के प्रतापगंज, बसंतपुर, राघोपुर व छातापुर प्रखंड के हजारों बुजुर्गों ने होली खेली।इस अवसर पर अक्षयवट बुजुर्ग महासंघ के अध्यक्ष सीताराम मंडल की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ नवकान्त झा, तनु प्रिया, मुरारी, त्रिपुरारी के स्वागत गान से किया गया। तत्पश्चात आगत अतिथियों का पाग, अंगवस्त्र एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया। इसके बाद इसके बाद राष्ट्रीय निदेशक (आपदा व आजीविका प्रबंधन) गिरीश चंद्र मिश्र, हेल्पेज इंडिया के बिहार राज्य प्रमुख आलोक कुमार वर्मा, बिहार व



झारखंड राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी अभिषेक कुमार, डीपीएम जीविका विजय कुमार सहनी, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एसएन मल्लिक, पूर्व मुखिया जयकृष्ण गुरुमैता, अक्षयवट बुजुर्ग महासंघ के संरक्षक सुरेश चंद्र मिश्र, सचिव कंचन देवी, कोषाध्यक्ष बच्चेलाल मंडल , जिप सदस्य अर्चना मेहता उर्फ किरण कुशवाहा, समाजसेवी मु. अखलाक, राजेश्वर स्वर्णकार, हेल्पेज इंडिया के सुपौल एवं झंझारपुर पदाधिकारी पदाधिकारी ज्योतिष कुमार झा, शिवचरण तोमर, राजीव कुमार झा ने बुजुर्गों के साथ फूलों की होली खेली। वहीं आगत अतिथियों ने कुसहा त्रास्दी के बाद इस क्षेत्र के बुजुर्गों के कल्याण के लिए संस्था द्वारा किए गए कार्यों की भूरि- भूरि प्रशंसा की। साथ ही बुजुर्गो के उत्साह और भागीदारी पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से समाज में बुजुर्ग जो अपने आप को अकेला महसूस करते हैं उनमें नया उमंग जगता है। मंच संचालन संजय कुमार मिश्र ने किया। फूलों की होली के पश्चात सामूहिक भोज का आयोजन किया गया, जिसमें जाति-पांति व धर्म से ऊपर उठकर एक पांति बैठकर भोजन कर बुजुर्गों ने वहां मौजूद युवा पीढ़ी को सामाजिक समरसता की पाठ सिखाई। कार्यक्रम के सफल आयोजन में संस्था के कार्यकर्ता जितेंद्र झा, राजकुमार मिश्र, नूर आलम, मु. हासिम, बालगोविंद मेहता, फूलचंद्र मेहता, बेचू शर्मा, लीलाकान्त झा, पंकज मेहता, विनोद यादव, प्रकाश कुमार, जगदीश मेहता, पारस देव, रामशरण मेहता, दिनेश ठाकुर, मिश्रीलाल यादव, हरिमोहन पासवान सहित संस्था के सामजिक कार्यकर्ता एवं बुजुर्गों का सराहनीय सहयोग रहा।

## ज्ञान कुंज अकैडमी में किया गया होली मिलन समारोह का आयोजन

**सरोज कुमार/दैनिक सुभ भास्कर, किसनपुर, सुपौल**

जिले के किसनपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित आवासीय ज्ञान कुंज एकेडमी में सोमवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया । जहां एकेडमी के निर्देशक पप्पू कुमार जायसवाल ने बच्चों व शिक्षकों को होली की अग्रिम हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी । साथ ही उन्होंने कहा कि यह पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व है। होली सामाजिक समरसत्ता का भी प्रतीक है ।होली के दिन आपसी मतभेद भूलकर लोग एक दूसरे के साथ खुशियां बांटते हैं। वहीं अरुण कुमार जायसवाल ने बच्चों और शिक्षकों को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी । उन्होंने कहा कि होली का त्योहार मनुष्य को मनुष्य से जोड़ता है । शत्रुता के विरुद्ध मित्रता, गंदगी के विरुद्ध स्वच्छता का संदेश देता है। होली का लाल रंग प्रेम व त्याग का प्रतीक है । हम भारतीयों के लिए





होली एक महत्वपूर्ण त्योहार है।इस अवसर पर एकेडमी के उप प्राचार्य मोहम्मद आसिफ ने बधाई देते हुए कहा कि सदभाव आत्मसात करे तथा उत्साह व नई उमंग के साथ हम सभी होली मनाएं। वहीं उपस्थित सभी शिक्षक व शिक्षिकाएं रंजीत कुमार सानू , तरुण झा , दया कांत झा ,मनोज कुमार ,मिलन कुमार ,पारस दास दीपा कुमारी, तमन्ना मैडम, जाहिदा मैडम, धर्मेंद्र गुप्ता, कृष्णा कुमार ,काजल कुमारी ,संबोध झा, अरुण झा आदि ने होली की बधाई व शुभकामनाएं दी ।

## रीगा के पूर्व विधायक अमित कुमार टुन्ना के आवास पर आपसी भाई चारे का पर्व होली के अवसर पर होली मिलन समारोह का आयोजन

रीगा के पूर्व विधायक अमित कुमार टुन्ना के आवास पर आपसी भाई चारे का पर्व होली के अवसर पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें उत्कृष्ट कलाकारों के रंगारंग होली की फुहार रंग भरी मस्ती में टुन्ना समेत उपस्थित सैकड़ों लोग थिरकते नजर आये समारोह में सांसद सुनील कुमार पिंटू , प्रदेश युवा कॉंग्रेस पूर्व अध्यक्ष गुंजन पटेल पूर्व सांसद अर्जुन राय, प्रमुख लक्ष्मी यादव सुधीर कुंवर, डॉ प्रवीन, डॉ प्रमोद, राजेश कुमार, डॉ मुरारी, डॉ मनोज कुमार, डॉ रघुनाथ, डॉ राजीव कुमार काजू, प्रमुख चन्दन कुमार सिंह, पूर्व विधायक राणा रणधीर सिंह चौहान, इंदल राय, मुखिया संघ अध्यक्ष मनोज सिंह ,



सरोज राय, संजय कुमार सिंह, परवेज आलम, धीरज मण्डल,उपसभापति धीरज पटेल, डॉ अनिल मण्डल, सत्येंद्र सिंह पूर्व प्रमुख, तांत्रिक बाबा लक्ष्मन चौबे, सीमा गुप्ता राजद अध्यक्ष शफीक खान, मनोज कुमार सीमा गुप्ता जलालायुधिन, हरिओम नारायणन, गणेश गुप्ता पूर्व विधायक खलील अंसारी शादाब अहमद, कॉंग्रेस नेता राहुल गुप्ता रितेश रमन, र क टु प्रसाद , संजय बिरक, मनोज सिंह शम्स शाहनवाज, ताराकांत झ, विजय सिंह राठौर संतोष पासवान, मोहर सिंह , दवा विक्रेता संघ अध्यक्ष मनोज सिंह , पूर्व मुखिया शंभू पासवान, मुकेश भूषण, रामवृक्ष मण्डल, दिनेश सिंह, राजू मिश्रा, सुरेंद्र सह, पूर्व जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र सह, डॉ पुरुषोत्तम, उप मेयर आशुतोष अमृतेश्व मिश्रा, मुकेश ठाकुर, रंजय सराफ, अवधेश सिंह मुन्ना यादव, तपन सिंह घनश्याम मिश्रा भगवान यादव, धीरज मण्डल, मुरारी सिंह, केशव सिंह, रंजीत सिंह बंटी सिंह, अमित कुमार परशुराम सेना ब्रह्मसी सेना करनी सेना अध्यक्ष समेत चंदन सिंह, अवनीश कुमार हर्ष झा, आनंद बिहारी प्रिंस तिवारी चुन-चुन सिंह अजित प्रियदर्शी, बंटी सिंह समेत सैकड़ों गणमान्य लोगों ने एक दूसरे को अबीर लगाया और लजीज व्यंजन का लुत्फ उठाया।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आशा कार्यकताओं के बीच एंड्राइड मोबाइल सेठ का किया गया वितरण

**रीना कुमारी/दैनिक सुभ भास्कर, निर्मली, सुपौल**



जिले के निर्मली प्रखंड अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को आशा कार्यकताओं के बीच एंड्राइड मोबाइल सेट का वितरण प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेंद्र कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर पीसीएम उर्मिला कुमारी गौतम ने बताया कि एनआरएचएम और स्वास्थ विभाग की सभी योजनाओं में आशा कार्यकताओं की भूमिका अहम है और उनके कार्यों की महत्ता को देखते हुए बिहार सरकार ने सभी कार्यों का डिजिटलाइजेशन करने का लक्ष्य रखा है। आशा कार्यकर्ता अपने द्वारा किए गए सभी कार्यों को अब अपने मोबाइल के माध्यम से ही अपने कार्यों का संपादन करेंगे। ताकि उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों को बिहार सरकार और भारत सरकार या और कोई भी मॉनिटरिंग बॉडी देख सकते हैं. तथा उनके कार्यों की गुणवत्ता उनके किए गए कार्यों का आकलन टैब डिस्टलाइजेशन के माध्यम से ही आकलन किया जा सकेगा। इस अवसर पर सभी आशा कार्यकताओं को मोबाइल के बारे में विस्तृत जानकारी भी दी गई। मौके पर प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक मुकेश कुमार , डब्ल्यूएचओ मॉनिटर संजय चौरसिया , लेखापाल मोहन कुमार एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## पत्रकारों द्वारा पब्लिक लाइब्रेरी में किया गया होली मिलन समारोह का आयोजन

**मो0 नजीर/दैनिक सुभ भास्कर, सुपौल**

जिले के नगर परिषद अंतर्गत लाइब्रेरी क्लब में होली के अवसर पर पत्रकार होली मिलन समारोह किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में रिजनल चैनल हेड के ऑनर श्री कुमार सौरभ, अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार एवं उत्पाद अधीक्षक अजल कुमार सुमन, नगर परिषद चेयरमैन राघवेंद्र कुमार झा, मौजूद रहे। इस होली मिलन समारोह में होली के रंग पत्रकार के संग लाइब्रेरी क्लब में पत्रकार के बैनर तले होली मिलन समारोह किया गया। होली मिलन समारोह में तमाम जिला के पत्रकार एकत्रित होकर मिलन समारोह में शिरकत किए। वही मुख्य अतिथि के रूप में निजी चैनल के निदेशक कुमार सौरभ के अध्यक्षता में मिलन समारोह किया गया । जेएमसी नॉर्थ



ईस्ट चेयरमैन आशु राजा, बिहार प्रदेश सचिव नजीर आलम, सहरसा जिला अध्यक्ष दिपेन्दर कुमार, उत्पाद अधीक्षक अजय कुमार सुमन ,अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार, मद्य निषेध विभाग पदाधिकारी , रेलवे सीएस, टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज राधेश्याम, वहीं कार्यक्रम के तुरंत बाद रीजनल चैनल हेड आंसू राजा के आवास पर के चेयरमैन श्री कुमार सौरभ द्वारा प्रदेश सचिव नजीर आलम, सहरसा जिला अध्यक्ष दीपेंद्र कुमार, मंडल प्रभारी राहुल कुमार, संवादाता ईद मोहम्मद, पीएनआई संवाददाता संतोष कुमार, संवाददाता शाहबाज खान ,को प्रशस्ति पत्र एवं बुके देकर सम्मानित किया गया।

## छातापुर में नव साक्षरों का आयोजित हुआ महापरीक्षा

**ब्यूरो/दैनिक सुभ भास्कर, छातापुर, सुपौल**



जिले में छातापुर प्रखंड अंतर्गत साक्षर भारत मिशन के तहत महापरीक्षा का आयोजन किया गया इसमें उत्साहित भाव से नव साक्षर महादलित और अल्पसंख्यक , पिछड़ा वर्ग के महिला पुरुष ने भाग लिया छातापुर प्रखण्ड के 23 पंचायतों में नवसाक्षरों के लिए कुल 9 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। विभिन्न पंचायतों में बने परीक्षा केंद्रों पर महापरीक्षा आयोजित कि गई थीं बुनियादी साक्षरतो महापरीक्षा में कुले 500 नव साक्षर महिला पुरुष शामिल हुए साक्षरता अभियान व अक्षर आंचल योजना के तहत आयोजित परीक्षा का पर्यवेक्षण साक्षरता कर्मी तथा महापरीक्षा केंद्र से संबंधित विद्यालय के प्रधान द्वारा किया गयो मिडिल स्कुल छातापुर में आयोजित परीक्षा केंद्र, मध्य विद्यालय चकला मकतब, मध्य विद्यालय चुन्नी, मध्य विद्यालय चरने, मध्य विद्यालय रामपुर, मध्य विद्यालय महदीपुर, मध्य विद्यालय बलुआ, मध्य विद्यालय जीवछपुर आदि में शांतिपूर्ण माहौल में महापरीक्षा संपन्न हुई। जहां केआरपी पूनम पाठक तथा संबंधित विद्यालय के प्रधान, टोला सेवक आदि मौजूद थे। महापरीक्षा को लेकर नवसाक्षरों में गजब का उत्साह दिख रहा था।

## ललितग्राम स्थित अपना कोचिंग सेंटर में किया गया होली मिलन समारोह

**सोनू आलम/दैनिक सुभ भास्कर, छातापुर, सुपौल**




जिले में छातापुर प्रखंड अंतर्गत लक्ष्मीनियां पंचायत के ललितग्राम में स्थित अपना कोचिंग सेंटर में सोमवार को बच्चों और शिक्षकों के साथ होली मिलन समारोह मनाया गया। वहीं होली और शब-ए-बारात के शुभ अवसर पर अपना कोचिंग सेंटर के डायरेक्टर दीपक सर ने कॉपी, कलम, कलर और मिठाई बांट कर सभी बच्चे को होली पर्व को लेकर शुभकामनाएं भी दी। मौके पर दीपक सर ने बच्चों को बताया कि होली का त्योहार आकर्षक और मनोहर रंगों का त्योहार है, यह एक ऐसा त्योहार है जो हर धर्म, संप्रदाय, जाति के बंधन की सीमा से परे जाकर लोगों को भाई-चारे का संदेश देता है। इस दिन सारे लोग अपने पुराने गिले-शिकवे भूल कर गले मिलते हैं और एक दूजे को गुलाल लगाते हैं और एक-दूसरे को होली के पावन पर्व की शुभकामनाएँ देते हैं। वहीं इस अवसर पर अपना कोचिंग सेंटर के सभी बच्चों ने अपने शिक्षकों को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दी। इस दौरान सभी स्कूली बच्चों में उत्साह की लहर दौड़ रही थी, और बच्चों ने बताया कि हमलोग अपना कोचिंग सेंटर ललितग्राम में पढ़ते हैं जब मैंने कुछ अभिभावकों से बात किया तो अभिभावकों का कहना हैं अब बच्चों को 12वीं क्लास तक कहीं जाने की जरूरत नहीं है सभी ने अपना कोचिंग सेंटर के प्रति आभार व्यक्त किया।

## देसी कट्टा और 108 लीटर नेपाली शराब और 20 किलो गांजा के साथ दो गिरफ्तार

फारबिसगंज : अररिया की फारबिसगंज थाना पुलिस ने 108 लीटर नेपाली शराब, 20 किलो गांजा और देसी कट्टा के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। फारबिसगंज थाना अध्यक्ष को गुप्त सूचना मिली थी कि पिंटू चौहान नामक गाजा एवं शराब का कारोबारी अपने सहयोगियों के साथ रामपुर ओवरब्रिज के तरफ से गाजा एवं शराब लेकर जाने वाला है। इस सूचना पर फारबिसगंज थाना पुलिस ने रामपुर ओवरब्रिज के पास वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इसी दौरान दो अलग-अलग मोटरसाइकिल पर सवार व्यक्ति बोरा में कुछ सामान लेकर जा रहे थे, जिसे पुलिस द्वारा रोकने पर एक मोटरसाइकिल सवार पुलिस को देख मोटरसाइकिल पर लदे 3 बोरा को फेंक कर भाग गया। जबकि दूसरा मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति मोटरसाइकिल पर लदे बोरा को बाइक के साथ छोड़ कर भाग गया। मौके पर जब पुलिस ने सामानों की







जांच की तो 3 बोरा में 12 कार्टून में 108 लीटर नेपाली शराब, एक बोरा में 20 किलो गांजा के साथ अपाचे मोटरसाइकिल संख्या बीआर50यू-5672 बरामद किया गया। हालांकि गांजा और शराब को ले जाने वाले कारोबारी पुलिस को चकमा देकर फरार होने में कामयाब रहे।वही रामपुर ओवरब्रिज के पास ही चेकिंग के क्रम में दो व्यक्ति अवैध देसी कट्टा के साथ पकड़ा गया पकड़े गए। युवकों में फारबिसगंज प्रोफेसर कॉलोनी वार्ड संख्या 25 के रहने वाले अशोक सिंह के पुत्र आयुष्मान कुमार एवं फारबिसगंज वार्ड संख्या 4 फौजी कॉलोनी के रहने वाले दयाशंकर प्रसाद के पुत्र आदिल कुमार कर्ण है।पुलिस ने इनके पास से एक देसी कट्टा बरामद किया। मामले की पुष्टी करते हुए थानाध्यक्ष आफताब अहमद ने रामपुर ओवरब्रिज के नीचे बाईक सहित 24 केजी गांजा, नेपाली देशी शराब बरामद करने के साथ साथ रामपुर के समीप रानीगंज सड़क मार्ग में साइकिल सवार दो युवकों के पास से देशी कट्टा बरामद किए जाने की बात कही। बताया गया कि दोनों युवक किसी महिला को गोली मारने के उद्देश से जा रहा था। एसएचओ ने न्यायिक हिरासत में जेल भेजे जाने की प्रक्रिया शुरू कर दिए जाने की बात कही।

## सड़क हादसे में ऑल्टो कार पर सवार दो लोगों की मौत, शादी का आमंत्रण के बाद लौटने के क्रम में हादसा

**फारबिसगंज-** फारबिसगंज थाना क्षेत्र के दोगच्छी चौक के पास सड़क मोड़ पर बीती मध्य रात्रि बाद हुए हादसे में अल्टो कार पर सवार दो लोगों की मौत हो गई। दोनों मृतक पूर्णिया जिला के के.नगर थाना क्षेत्र के गोकुलपुर के रहने वाले थे, जो एक शादी समारोह में भाग लेने के लिए पूर्णिया से बसगड़ा रामपुर आये हुए था। शादी का आमंत्रण पूरा करने के बाद रात के दो बजे अपने अल्टो कार से बसगड़ा रामपुर से फारबिसगंज-रानीगंज मुख्य मार्ग में दोगच्छी चौक के पास पहुंचे। मोड़ पर अज्ञात वाहन के पीछे से धक्का मार देने के कारण आल्टो कार सड़क के नीचे बिजली के खंभे को टक्कर मारते हुए गड्ढे में जा गिरी। घायल अवस्था में ही देर रात कार में सवार दोनों घायलों को फारबिसगंज अनुमंडल अस्पताल लाया गया। जहां पूर्णिया जिला के के. नगर थाना क्षेत्र के गोकुलपुर निवासी कुंदन कुमार मेहता पिता-स्व. बीरेंद्र मेहता



की पहले ही मौत हो जाने की बात चिकित्सकों ने बताई। वही बुरी तरह से जख्मी संतोष मेहता पिता-शिवानंद मेहता को प्राथमिक उपचार के बाद समुचित इलाज के लिए हायर सेंटर पूर्णिया रेफर कर दिया गया।लेकिन पूर्णिया ले जाने के क्रम में रास्ते में ही संतोष मेहता की भी मौत हो गई। सूचना के बाद फारबिसगंज थाना के सब इंस्पेक्टर नरेंद्र कुमार सिंह पुलिस बल के साथ फारबिसगंज अनुमंडल अस्पताल पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लिया तथा मामले की जानकारी ली।

## सकल जैन समाज ने आयोजित किया होली मिलन समारोह

फारबिसगंज : मस्ती, उमंग ,प्रेम ,सौहार्द , संस्कृति और समरसता के त्यौहार होली महापर्व से पूर्व सकल जैन समाज के बैनर तले स्थानीय तेरापंथ भवन के साधना श्री परिसर में तेरापंथ महासभा, श्वेतांबर साधुमार्गी समाज, जैन श्वेतांबर मंदिर मार्गी सभा एवं सकल दिगंबर जैन समाज ने संयुक्त रूप से होलिकोत्सव 2023 का बहुत ही भव्य ,आकर्षक एवं मनभावन राजस्थानी संस्कृति , परम्परा के अनुसार आयोजित किया गया ।जैन महिला मंडल की सदस्यायों द्वारा सभी आगंतुकों का तिलक और गुलाल लगाकर स्वागत किया गया ।वहीं कार्यक्रम की शुरूआत मंगलाचरण नवकार मंत्र से नीलम बोथरा के द्वारा की गई । जिसके पश्चात सुंदर सजे हुए विशाल मंच पर निर्मल मरोठी, महेंद्र बैद, निर्मल सेठिया, संदीप झावक, मूलचंद गोलछा, धीरेंद्र दुगड़, विनोद सरावगी एवं जय कुमार अग्रवाल द्वारा दीप प्रज्वलित कर फाग महोत्सव होली की पूर्व संध्या का विधिवत उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में



कोलकाता के राधा शर्मा औग्रुप को बुलाया गया था जिन्होंने बेहद मनमोहक तरीके से वैरायटी कार्यक्रमों की प्रस्तुति की। राधा शर्मा द्वारा गाए गीतों से पूरे वातावरण में होली का समा सा बंध गया। पूरे ग्रुप के द्वारा जिस तरह कला का बेहतरीन प्रदर्शन किया गया उससे लोग झूमने को मजबूर हो गए तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा तेरापंथ भवन गुंजायमान हो गया। उनके द्वारा प्रस्तुत किए गए गीतों और लोकनृत्य की श्रृंखला में धरती धोरां री, होलिया में उड़े रे गुलाल, होली खेले रघुवीरा , रंगीलो मारो ढोलना, राजस्थानी पल्लो लटके ,आदि ने सबका मन मोह लिया और पुरुषों के अलावा महिलाएं भी खूब जम के नाची और तो और विधायक मंचन केसरी भी थिरकने से अपने को नहीं रोक पाए। रंगीली होली पर रविवार को आयोजित मस्ती के माहौल में बसंती बयार के मौसम में राजस्थानी संगीत, नृत्य एवं सुस्वाद भोजन का लुफ्त उठाने के लिए बहुत बड़ी संख्या में समस्त जैन समाज के अलावा बड़ी संख्या में अग्रवाल महासभा, माहेश्वरी सभा एवं ब्राह्मण सभा के लोग भी उपस्थित थे ,पीले कुर्ते में पुरुष लाल परिधान में महिलाएं एवं युवतियां माहौल में अनोखी छटा बिखेर रही थी। समय-समय पर इस तरह के सामाजिक कार्यक्रम होने से लोगों में आपसी प्यार, प्रेम सौहार्द की भावना बढ़ती रहती है इस बात का अनुभव हर लोगों ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जैन समाज के युवकों ने हर गतिविधि में जोर-शोर के साथ अपनी जिम्मेदारी और भागीदारी निभाई।समारोह में विधायक के अलावा मुख्य पार्षद वीणा देवी,उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि बुलबुल यादव, पार्षद अशोक फुलासरिया, नारायण शर्मा, पवन अग्रवाल, पप्पू फिटकरीवाला, सुरेश भुपाल, आदर्श गोयल, निशांत गोयल सीए, कुणाल केडिया, अशोक धनुका, दीपक अग्रवाल सीए, पप्पू डालमिया, शीतल धनावत, हरीश अग्रवाल, हरी धनावत ,मनोज अग्रवाल, प्रदीप राठी, राम अवतार लखोटिया, श्यामसुंदर महेश्वरी ,पप्पू लड्डा, नरेश बियानी, अशोक खेमानी, संगीता बाहेती ,लक्ष्मी राठी ,श्याम सोमानी, पूनम पांडीया, राजू पांडिया, अभिषेक गौतम ,विनोद सेठिया ,पदम डोसी, अजय झावक नीरज डोसी, गौतम सुराणा , बछराज राखेचा, अनूप बोथरा, पूनम सेठिया, रतन दफ्तरी ,दीपक समदरिया, शैलेश जैन ,आशीष गोलछा, हेमंत चंडालिया ,सुमन डागा ,पूनमचंद महनोत, मनीष पुगलिया ,भास्कर महनोत ,गौरब लूनिया,महेंद्र वेद ,शंभू गोयल, कामिनी गोयल ,निर्मल भुपाल, पीयूष गोयल ,सोहन नाहटा ,प्रभा सेठिया, कुसुम भंसाली, सुनीता जैन ,अनामिका झाबक, राजकुमारी जैन आदी मुख्य रूप से उपस्थित थे ।देर रात तक चले इस कार्यक्रम में महिलाएं राजस्थानी धुन पर थिरकती रही।

# मंत्री जी ! सदन में निर्णय हुआ था कि अब सीधे पटना से हीं वार्ड मेंबरों को भत्ता की राशि ट्रांसफर कर दिया जाएगा वो नहीं हो पा रहा है ?



**पटना/किशनगंज।** सदन में वादा किया था कि सभी त्रिस्तरीय जनप्रतिनिधियों को अब डीबीटी के माध्यम से डायरेक्ट पटना से भत्ता का भुगतान हो जाएगा लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। जब करोड़ों लोगों को बेनिफिट सीधे उसके अकाउंट में भेजा जा सकता है , तो पंचायती राज प्रतिनिधि जो चिन्हित है, उसके भत्ता की भुगतान में पारदर्शी क्यों नहीं। भुगतान की प्रक्रिया जिला में जाए, जिला से फिर बीडीओ के यहां जाए, बीडीओ के यहां सी ओ के यहां फिर वहां से जाए ऐसी व्यवस्था क्यों। बिहार में जनप्रतिनिधियों के रिकॉर्ड मत से जीतने वाले भाजपा के कद्दावर नेता विधान परिषद सदस्य डा. दिलीप जायसवाल ने त्रिस्तरीय पंचायती राज के जनप्रतिनिधियों को मिलने वाली भत्ता प्रकरण पर सदन में गरजे। मंत्री पर बिफरे डा जायसवाल ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री महोदय के नेतृत्व में ही यह फैसला हुआ था, कि चूंकि यह चिन्हित है और भत्ता भी नियत है। पहले क्या था कि जो मीटिंग में जाते थे उनको भत्ता मिलता था और जो नहीं जाते थे उनको नहीं मिलता था। लेकिन अब है कि नियत भत्ता है। यह पैसा उसको 500 रूपया वार्ड मेंबर है तो उसको मिलना ही मिलना है। तो यह फैसला हुआ था कि सीधे पटना से ही सभी वार्ड मेंबर के अकाउंट में एक दिन में ही सबको ट्रांसफर कर दिया जाएगा और यह सरकार ने सदन में भी वादा किया था । लेकिन आज तक 2016 - 2021 का भी डेढ़ दो साल का पैसा पंचायती राज के प्रतिनिधि को नहीं मिला। और वार्ड मेंबर बेचारा उसको तो 500 रुपया महीना मिलता है। एक सवा लाख जन प्रतिनिधि को सीधे पटना से उसके खाता में भुगतान क्यों नहीं हुआ? क्यों इतना लंबा प्रोसेस किया जा रहा है। और उस पैसा को फिर दूसरे मद में खर्च कर दिया जाता है और सरेंडर की बात की है दिनेश बाबू, पैसा वापस लौट जाता है उसके बाद भी खड़ा हो रहे हैं। लेकिन सच्चाई यह है कि सवा लाख, एक लाख, दस हजार, बारह हजार जन प्रतिनिधि को अगर प्रत्येक महीना या 3 महीना में हीं जैसा कि फैसला मुख्यमंत्री महोदय लिए थे कि सीधे यहीं से उनके अकाउंट में ट्रांसफर कर दिया जाए 13-14 साल से हम देख रहे हैं , यही कहानी है जब पहली बार भी आए थे हुजूर तो यही बात बोलते थे कि जनप्रतिनिधि का भत्ता नहीं गया, दूसरा बार भी आए तो यही बोल रहे हैं, तीसरा बार आए तो वही बात हो रही है। कि जनप्रतिनिधि को भत्ता नहीं गया। सिस्टम में सुधार तो होना जरूरी है।

## अनुदान पर जी रहे शिक्षक लिखित रूप में वर्ग का बहिष्कार कर हस्ताक्षर अभियान चलाएंगे



**मधेपुरा।** टीपी कॉलेज मधेपुरा में स्नातक प्रथम खंड उत्तर पुस्तिकाओं की मूल्यांकन केंद्र पर महागठबंधन सरकार की नीति के खिलाफ अनुदान नहीं वेतन देने की मांगों को लेकर वित्त रहित शिक्षा कर्मियों के द्वारा 11 मार्च 2023 को मधेपुरा समाजवादी धरती से शिक्षकों को न्याय दिलाने के लिए अब कानूनी रूप से लड़ाई लड़ने के लिए शंखनाद करेंगे भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय के अंतर्गत वित्त रहित शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष प्रोफेसर मनोज भटनागर ने कहा है कि एक मजदूर को भी न्यूनतम मजदूरी मिलती है उस से बदतर की हालात में जिंदगी जी रहे शिक्षा की अलख जगाने वाले अनुदान पर जी रहे शिक्षक लिखित रूप में वर्ग का बहिष्कार कर हस्ताक्षर अभियान चलाएंगे।

## 40 बोतल शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार



बासोपट्टी थाना की पुलिस ने गस्ती के क्रम में 40 बोतल शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। जबकि दूसरा धंधेबाज पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार बासोपट्टी थाना के एएसआई शिव शंकर राय सशस्त्र बल के साथ गस्ती पर निकले हुए थे इसी क्रम में छतौनी चौक पर वाहन चेकिंग करने लगे। जहां नेपाल से शराब लेकर आ रहे एक तस्कर को पुलिस ने खदेड़ कर धर दबोचा। गिरफ्तार तस्कर की पहचान हरलाखी थाना क्षेत्र के बेलाटोल गांव निवासी राजू कुमार यादव के रूप में किया गया है जबकि फरार धंधेबाज की पहचान उसी गांव के धर्मराज कुमार यादव के रूप में बताया गया है।इस बाबत थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि गिरफ्तार शराब तस्कर को जेल भेज दिया गया है.साथ ही भागे गए उक्त धंधेबाज की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

# प्रखंड में चंदन तिलक की होली :ब्रह्माकुमारी संस्था ने मनाई ईश्वरीय होली , शामिल हुए लोगों को लगा चंदन का टीका

**ब्यूरो/दैनिक सुभ भास्कर, छातापुर, सुपौल**



जिले के छातापुर मुख्य बाजार स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय में सोमवार को होली पर्व बड़े ही उमंग-उत्साह के साथ मनाया गया। ईश्वरीय होली के कार्यक्रम में पहुंचे शहर के गणमान्यों का संस्था के बहनों ने चंदन तिलक लगाकर स्वागत किया । ब्रह्मकुमारी संस्था द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के आस्था वान लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में होली के पावन पर्व की अतिथियो ने बधाई दी। ब्रह्मकुमारियों ने सभी को तिलक लगाते हुए कहा कि इस तिलक चंदन की खुशबू के समान हमारा जीवन भी ऐसा हो जो सबको खुशियां प्रदान करे। कहा की यह कार्यक्रम आलौकिक होली के तहत हुई है। कहा की अलौकिक होली के पावन पर्व पर हम ना सिर्फ स्थूल रंग लगाए बल्कि परमात्म रंगों से सबके जीवन को रंगीन बनाये। ये परमात्म रंग आत्मा को ज्ञान, गुणों और शक्तियों से सुसज्जित कर ईश्वरीय मिलन का अद्भुत सुख अनुभव कराएगा। दीदी ने होली के तीन अर्थ भी बताए होली अर्थात पवित्र, होली अर्थात जो हो गया उस भूल नई शुरूआत, होली अर्थात हम परमात्मा के हो परमात्मा के हो जाना, विषय विकारों की सच्ची होली जलाकर होली अर्थात पावन बनना ही सच्चे अर्थ में होली मनाना है। सभी ने इस अलौकिक होली उत्सव का आनंद लिया। इस अवसर पर ईश्वरीय परिवार के सदस्य व अन्य नागरिक बंधु, वरिष्ठ जन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। बच्चों को टोपी ने होली गीत पर सुंदर नृत्य प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। दीदी ने सभी पर पुष्प वर्षा कर जीवन फूल समान सुवासित और सुखदायी बनाने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर ईश्वरीय परिवार के सभी माताएं बहने बांधव उपस्थित रहे। पत्रकार बन्धुओं द्वारा भी ईश्वरीय कार्य की सराहना की गई और परमात्म संदेश को जन-जन तक पहुंचाने में अपनी अहम भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सबने उमंग उत्साह के साथ सहयोगी बनने पर बल दिया। आलौकिक होली कार्यक्रम में मुख्यवक्ता के रूप में दरभंगा से बीके सुधाकर भाई, बीके शालिनी, बीके सुनीति, बीके किरण बहन, बीके लक्ष्मी , बीके संजू आदि शामिल हुई। जबकि कार्यक्रम के मौके पर अंचल नाजिर बिनोद कुमार, भाजपा नेता शालिग्राम पांडेय, व्यापार मंडल अध्यक्ष गौरी शंकर भगत, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष सुशील प्रसाद कर्ण, वरिष्ठ पत्रकार निर्मल कुमार सुशील, पूर्णिमा जैन, छोटू जैन, राम मूर्ति मुखिया, सोनू कुमार भगत, सुबोध मेहता, पत्रकार संजय पप्पू, सोनू कुमार भगत, शिव बालक सिंह, धर्मेंद्र मुखिया, जगदीश मुखिया, ब्रह्मानंद ठाकुर, विकाश सिंह, अरुण भगत, सुधीर गायम, गुड्डू भगत, ललितेश्वर पांडेय आदि थे।

# सम्मान से कलाकारों का बढ़ता है हौसला :दिलीप



**सिंहेश्वर ।** सांस्कृतिक संस्था प्रांगण रंगमंच द्वारा होली मिलन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सिंहेश्वर में आयोजित कार्यक्रम में एक दूसरे को गुलाल अबीर लगाकर बधाई दी। कार्यक्रम का शुभारंभ समाजसेवी दिलीप खंडेलवाल, निखिल कुमार भास्कर, अरविंद प्राणसुखका, विजय भगत, सागर यादव, रूपक कुमार, अशोक भगत, डॉ. आईसी भगत सहित अन्य ने किया। दिलीप खंडेलवाल ने कहा कि प्रांगण रंगमंच ने नवोदित कलाकारों को बेहतर मंच देकर उसकी प्रतिभा को बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि सिंहेश्वर महोत्सव में प्रांगण के कलाकारों की प्रस्तुति बेहतर रही। उन्होंने कहा कि कलाकारों को सम्मान मिलने से उसका हौसला बढ़ता है। व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष विजय भगत ने कहा की प्रांगण के कलाकारों ने सांस्कृतिक गतिविधि से कोशी को काशी का स्वरूप प्रदान किया है। इसके लिए प्रांगण रंगमंच के अधिकारी बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि कोशी क्षेत्र में प्रांगण के कलाकार लगातार कला संस्कृति को बढ़ावा दे रहा है। श्रृंगी ऋषि सेवा फाउंडेशन के संस्थापक निखिल कुमार भास्कर और प्रधान प्रबंधक सागर यादव ने कहा कि सांस्कृतिक गतिविधि में प्रांगण के कलाकारों ने एक बड़ी लकीर खींची है। डॉ. आईसी भगत ने कहा कि संजय परमार के नेतृत्व में प्रांगण नित नया इतिहास रच रहा है। अरविंद प्राणसुखका ने कहा कि प्रांगण रंगमंच के कलाकारों ने कोशी में दमदार प्रदर्शन कर लोगों के लिए प्रेरणा का काम किया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. संजय कुमार परमार ने की। इस अवसर पर सहरसा ब्रांच के अर्जुन रॉकी, आरती आर्या, धीरेंद्र निराला सहित अन्य ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर माहौल को होलीमय बना दिया। कलाकारों को किया गया सम्मानित प्रांगण रंगमंच के होली मिलन सह सम्मान समारोह में विभिन्न विधाओं में सिंहेश्वर महोत्सव में भाग लेने वाले कलाकारों को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में अमित आनंद, शिवानी अग्रवाल, कल्पना, सुनैना, निशा, शिवानी भगत, सोनू अहीर, रोहित स्वराज, अनीश गौतम, नीरज कुमार निर्जल, दिलखुश कुमार, शशिभूषण सहित अन्य शामिल रहे। धन्यवाद ज्ञापन शिवानी अग्रवाल ने किया। कलाकारों को प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया।

# नमदीदा सैंकड़ो लोगों ने किया शिक्षक मोहम्मद मकबूल को सुपुर्द ए खाक



हाजीपुर( वैशाली )जिले के जन्दाहा बाजार स्थित अंसारी मोहल्ला बाशिंदा हर दिल अजीज शिक्षक मोहम्मद मकबूल अंसारी( 48 साल लगभग ) का बीते रविवार को दर्दनाक सड़क दुर्घटना में इंतकाल हो गया था।जिनको आज सुबह 10:30 बजे सैंकड़ो नमदीदा लोगों ने हाजीपुर शहर के जढुआ स्थित कर्बला मैदान के नजदीक वाली कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक किया।वहीं इनकी पत्नि शिक्षिका रेहाना खातून गंभीर रूप से घायल हो गई।जिनका इलाज चल रहा है।मोहम्मद मकबूल अंसारी का नमाज ए जनाजा हाजीपुर शहर के जढुआ स्थित कर्बला मैदान में हाफिज मोहम्मद शहाबुद्दीन इस्लामी ने पढ़ाया।जिसके बाद हर मकतबे फिक्र के सैंकड़ो लोगों ने नमदीदा होकर सुपुर्द ए खाक किया।बता दें कि दोनों पति पत्नि जढुआ स्थित मीनापुर मोहल्ला से अपने घर से हर रोज मोटरसाईकिल से विद्यालय में ड्यूटी के लिए साथ-साथ आते थे।इसी मामूल के तहत बीते रविवार को भी दोनों साथ-साथ विद्यालय आ रहे थे कि हाजीपुर-जन्दाहा एन एच 322 पर चक सिकंदर बाजार में तेज रफ्तार हाइवा गाड़ी ने जबरदस्त ठोकर मार दी।दोनों वहीं पर गिर पड़े।स्थानीय लोगों ने दोनों को जल्दी अस्पताल भेजा।लेकिन कुदरत को कुछ और ही मंजूर था और अचानक मंजर बदल गया।साथ-साथ आने जाने वाले पति पत्नि को कुदरत ने एक ही झटके में अलग-अलग कर दिया।शिक्षक मकबूल अंसारी की मौत की खबर मिलते ही पूरे जिले में गम की लहर दौड़ गई।हर कोई खबर सुन कर स्तब्ध हो गया।शिक्षक तबका भी मर्माहत है।दिल को झकझोरने वाली घटना में सबका चहेता शिक्षक मोहम्मद मकबूल का जाना जिंदगी भर सताता रहेगा।शिक्षक मोहम्मद मकबूल अंसारी महनार प्रखंड के प्राथमिक उर्दू विद्यालय शेखपुरा करनौती में प्रभारी प्रधानाध्यापक के पद पर कार्यरत थे।इसी सी आर सी में संकुल समन्वयक भी रहे थे।जबकि पत्नि रेहाना खातून जन्दाहा बाजार के उत्क्रमित उर्दू मध्य विद्यालय जन्दाहा में शिक्षिका के पद पर 2005 से कार्यरत है।सूत्र बताते हैं कि रेहाना खातून सरकारी फरमान व विद्यालय के सख्ती के कारण दोनों घर से ससमय विद्यालय पहुंचने कारण हर रोज मोटरसाईकिल से साथ-साथ आते थे।मोहम्मद मकबूल पहले अपनी पत्नि को उनके विद्यालय छोड़ने के बाद अपने विद्यालय जाते थे।आज भी दोनों घर से चलकर विद्यालय ही आ रहे थे मगर न जाने किसकी नजर लगी कि दोनों ने एक दूसरे का साथ आधे रास्ते में छोड़ दिया।इनके पीछे दो बेटा है जो अभी पढाई कर रहा है।जबकि एक बेटी है जिसकी वह शादी कर चुके थे।बीते कुछ वर्ष पहले अपना घर हाजीपुर के जढुआ मीनापुर में ही बना लिया था।जहां से आना जाना कर रहे थे।वहीं नमाज ए जनाजा में बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ वैशाली के जिला सचिव पंकज कुशवाहा,जन्दाहा प्रखंड के प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद अकबर अली,जन्दाहा प्रखंड के एमडीएम समन्वयक मोहम्मद परवेज आलम,उर्दू के मशहूर लेखक शाहिद महमूद पुरी,जिला उर्दू टीचर एसोसिएशन वैशाली के जिलाध्यक्ष मोहम्मद अजीमउद्दीन अंसारी,अब्दुल कादिर,प्रोफेसर वायजुल हक,जिला औकाफ कमिटी के जिलाध्यक्ष वसीम रजा,जमीयत उलेमा हिन्द के सदस्य फिरदौस मदनी,मोहम्मद सद्दाम हुसैन हाजीपुर के अलावा सैंकड़ों की तादाद में हर मकतबे फिक्र के लोगों ने शिरकत की और दुआ ए मगफिरत की।सभी ने मोहम्मद मकबूल अंसारी के इंतकाल पर गहरे गम का इजहार किया है।

## प्रखंड के बीआरसी में होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन



**ब्यूरो/दैनिक सुभ भास्कर, छातापुर, सुपौल**

जिले में छातापुर प्रखण्ड मुख्यालय स्थित बीआरसी परिसर में बीईओ नंदकिशोर सिंह की अध्यक्षता में होली मिलन समारोह का आयोजन सोमवार को किया गया। होली मिलन समारोह में समाजसेवी शिक्षक समेत विभिन्न बिद्यालयों के प्रधानाध्यापक शामिल होकर एक दूसरे को रंग गुलाल लगा कर होली पर्व की बधाई व शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर बीईओ नंदकिशोर सिंह व प्रखण्ड साधन सेवी बिनोद कुमार ने कहा कि होली रंगो का त्योहार है एक दूसरे को अबीर गुलाल लगा कर ईर्ष्या,व नफरत को भगा कर शांति व सदभाव बढ़ाता है। इससे आपसी प्रेम बढ़ता है।समाजसेवी पप्पू मेहता ने कहा है कि होली आपसी भाई चारा व विश्वास पैदा करता है। होली मिलन समारोह में शिक्षकों ने उत्साहित होकर एक दूसरे को रंग अबीर लगाये। मौके पर साधन सेवी बिनोद कुमार,श्यामलाल मंडल सुमन,हरेंद्र कर्ण, पप्पू मेहता, प्रवीण कुमार,सुमन कुमार, रंजीत कुमार ,मनोज बहरखेर, विजेंद्र कुमार, राजाराम मंडल, बिजय कुमार विभूति, अशोक कुमार आदि मौजूद थे।

## राजेश्वरी ओपी में होली व शब ए बरात को ले हुई शांति समिति की बैठक

**ब्यूरो/दैनिक सुभ भास्कर, छातापुर, सुपौल**



जिले के छातापुर प्रखंड अंतर्गत राजेश्वरी ओपी में होली और शब ए बरात को लेकर सोमवार को राजेश्वरी ओपी में त्रिवेणीगंज अनुमंडल पदाधिकारी और उप पुलिस अधीक्षक के नेतृप्त में शान्ति समिति की बैठक हुई। जिसमें सैकड़ों ग्रामीणों ओपी अध्यक्ष राजेश कुमार सहित दर्जनों कर्मियों तथा सभी जनप्रतिनिधि शामिल हुए। रंगों का त्योहार होली को लेकर ओपी परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में होली का त्योहार शांतिपूर्ण व आपसी सौहार्द के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में उपस्थित युवा समाजसेवी कृष्णा राज ने विभिन्न समस्याओं पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए प्रशासन से त्योहार के मौके पर पानी व बिजली की निर्बाध आपूर्ति कराने, पूरे थाना क्षेत्र में पुलिस की तैनाती और शराब बंदी की मांग की। अनुमंडल पदाधिकारी ने शराब पर रोकथाम के लिए विशेष कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया। कहा गया कि होली के मौके पर शराब विवाद व हंगामा का बड़ कारण बनता है, इस पर ओपी के सभी प्रशासन विशेष ध्यान दें कुछ जगह पर पुलिस चैक पोस्ट भी लगाएं जिससे हुरदुंगियों के ऊपर लगाम लग सके अगर शराब पिए अवस्थाओं और तस्करी करने में धारता हैं तो गंभीरता से लेते हुए इस पर त्वरित कार्रवाई करने को कहा। साथी ही उन्होने ओपी अध्यक्ष राजेश कुमार से कहां इस त्योहार के दिन किसी भी तरह का स्टेज प्रोग्राम डीजे बजाने की अनुमति नहीं मिलेगा अगर कोइ दिए गए निर्देश का पालन नहीं करते हैं तो उस पर त्वरित कार्रवाई की जायेगी। मौके पर संतोष कुमार, भुषण पासवान, दनेलाल यादव, श्रवण कुमार, सुनील कुमार, बेचन यादव, गजेन्द्र यादव, अशोक यादव, प्रमोद राम, पप्पू मंडल, रबेन यादव, रंजीत कुमार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# थाने में होली व शबे बारात को ले हुई शांति समिति की बैठक

**ब्यूरो/दैनिक सुभ भास्कर, छातापुर, सुपौल**





जिले के छातापुर प्रखंड में आगामी होली पर्व व शबे बाराते को उल्लास पूर्ण वातावरण में मनाने को लेकरे छातापुर थाना में शांति समिति की बैठक हुई ` इसकी अध्यक्षतो एवं संचालने त्रिवेणीगंज एसडीएम शेख जेड हसने ने की` बैठक में होली व शबे बाराते पर्वे आपसी भाईचारे को कायम रखते हुऐ सोहार्द पूर्ण वातावरण में मनाने सम्बंधित आवश्यक विचार विमर्श किया गयो` लोगों ने आज के भागम भाग वाले दौर में होली की बदले महत्ता को बदलकर फिर से` पुरानी परम्परा को बरकरार रखते हुए उसी उमंग में होली मनाने कि पहल की एसडीएम ने कहा कि किसी भी पर्वे को सही ढंग और उत्साह उमंग के साथ मनाने से किसी प्रकार कि परेशानी उत्पन्न नहीं होती है` लेकिन कुछ असमाजिक तत्व पर में खलल डालने की कोशिस करते है वैसे लोगो से बचने की जरुरत है` थानाध्यक्ष राम इकबाल पासवान ने कहा कि दोनों समाज के लोगो में बहूते से लोगों को रंग लगाना पसंद नहीं है` वैसे लोगे होली नहीं मानाना चाहते है उनके साथे कोई भी जबरदस्ती करते हुऐ होली हुरदंग नहीं करेंगे होली पर्वे को उन्होंने बुराइयो पर अच्छाई का प्रतीक बताते हुए कहा कि सब को होली में सच्चाई की राहे पर चलने की प्रेरणो लेने की जरुरत है` उन्होंने कहो होली में पियक्कड़ पर भी पुलिस की नजर रहेगी` डीएसपी बिपिन कुमार ने कहा की किसी भी सूरत में शराब का सेवने होली नहीं होने दिया जायेगा` इसके लिए पुलिस काफी सजग है` उन्होंने कहा कि पुलिस सादे लिबास में भी शराबियो के धर पकड़ में जुटे रहेंगे` उन्होंने कहा किं पुलिस के अलावें उत्पात बिभाग के लोग भी पर्वे में गश्त लगाते नजर आयेंगे` इससे पियक्कड़ पर नकेल कसी जाएगी ` ` उन्होंने कहा कि होली में किसी तरह कि अफवाह फैलाने वाले` असामाजिक तत्वों परे भी पुलिस की पेनी नजर रहेगी ।किसी भी सूरत में हुडदंग मचाने वाले असामाजिक तत्वों को` बक्शा नहीं जायेगी कहा कि होली के अवसर पर डीजे पूर्ण वर्जित है। कहा की डीजे के माध्यम से अश्लील गाना बजाने वालो के` खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी उन्होंने कहा कि होलिका दहन के दिन दुसरे के लकड़ी ,जलावन आदि टोली द्वारो ले भागने सम्बंधित किसी प्रकार कि कोई गलत कार्य किसी के द्वारा नहीं किया जाना है`` विधि व्यवस्था में बाधा पहुंचाने और सांप्रदायिक सदभाव में खलल डालने वालो से` सख्ती से निपटा जाएगो` संवेदनशील धार्मिक स्थानों की निगरानी के लिए अतिरिक्त पुलिस बल प्रतिनियुक्त किया जाएगो` उन्होंने सभी लोगो से होली को शांति पूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर सभी को सहयोग देने की बात की होली को शन्ति पूर्ण संपन्न कराने को लेकर जनप्रतिनिधि और आमजनों ने भी अपने सुझाव और विचारे बैठक के माध्यम से व्यक्ते कियो` इस मौके पर बीडीओ रितेश कुमार सिंह, मुखिया प्रतिनिधि मकसूद मसन, सुखदेव भगत आदि थे।

# नगर परिषद अध्यक्ष ने किया वार्ड नंबर 11 में रोड एवं नाली का शिलान्यास

**शुभ भास्कर संवाददाता पंकज भगत**

पाकुड़ नगर परिषद वार्ड संख्या 11 के बागतीपाड़ा मोहल्ले में नगर परिषद अध्यक्ष सम्पा साहा ने ₹० 17 लाख 69 हजार 500 की लागत से बनने वाली पेबर ब्लॉक रोड एवं नाली का शिलान्यास किया। मौके पर वार्ड पार्षद मोनिता कुमारी तथा विभागीय कन्या अभियंता आदित्य मिर्धा मौजूद थे। शिलान्यास के क्रम मेंनगर परिषद अध्यक्ष साहा ने बताया कि बागतीपाड़ा में नगर परिषद पाकुड़ बागतीपाड़ा मनसा माता पोखर के सौंदर्यकरण का काम तेजी से चल रहा है। चल रहे कार्य का निरीक्षण करने एवं क्षेत्र भ्रमण के समय वार्ड वासियों द्वारा मनसा माता पोखर के किनारे से रोड एवं नाले की मांग की गई थी। वार्ड वासियों के मांग को सुनते हुए हम लोगों ने बागतीपाड़ा में रोड एवं नाली के कार्य को बोर्ड में पास कर मंजूरी दे दिया।जिसका आज शिलान्यास हो रहा है। नाली बन जाने से मोहल्ले का गंदा पानी तालाब में प्रवेश नहीं कर पाएगा जिससे तालाब का पानी साफ एवं स्वच्छ बना रहेगा।हमलोग ने वार्ड नंबर 11के लिए एक डीप बोरिंग को भी मंजूरी दे दी है।जल्द उसका भी टेंडर निकल जायेगा।मौके पर वार्डवासी सीता देवी ने बताया कि हमारे नगर परिषद अध्यक्ष ने हमारे बागतीपाड़ा में कई विकाश कार्य किए इनके कार्यकाल में वर्षो से चली आ रही मांग मनसा माता पोखर के सौंदर्यीकरण का काम शुरू हो गया। बागतीपाड़ा में कई जगह पर रोड एवं नाली की समस्या थी वह दूर हो गई हम मोहल्ला वासी इस चौतरफी विकास के लिए हमारे नगर परिषद का बहुत-बहुत आभार व्यक्त करते हैं शिलान्यास कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष हिसाबी राय भाजपा पाकुड़ नगर पूर्व महामंत्री मनीष कुमार पाण्डेय सुशील साहा हरिनारायण साहा सर्वेश्वर झा कन्हैया रजक मुरारी मंडल लव रजक अमित घोष शंभू बागती संजय राय बच्चन राय सुशांतो दास मिंटू सिंह समतोला देवी गौरी देवी साक्षी कुमारी निभा राय झूमा राय सुनीता राय चाइना राय सुलेखा राय रीना राय यशोदा रजक रंजना राय लक्ष्मी बागती सहित सैकड़ों की संख्या में वार्ड वासी मौजूद थे।



# बूथ सशक्तिकरण को लेकर बीजेपी की बैठक



**शुभ भास्कर संवाददाता पंकज भगत**

पाकुड/महेशपुर विधानसभा के बिरकिट्टी मंडल में बूथ ससक्ति करण हेतु विधानसभा स्तरीय कार्यसाला जिला अध्यक्ष अमृत पाण्डे जी एवं प्रदेश मंत्री सह विधानसभा के नेता मिस्त्री सोरेन के उपस्थिति में संपन्न हुई बैठक, बैठक में सभी मंडलों के मण्डल अध्यक्ष एवं पंचायत प्रभारी सह प्रभारी एवं सभी मंडलों से भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

# प्रकृति का पर्व बाहापर्व हर्षोल्लास के साथ सोमवार से शुरू हुआ

**शुभ भास्कर रिपोर्ट मृत्युंजय कुमार**



पाकुड़/पाकुड़िया प्रखंड क अंतर्गत जोंका गांव में प्रकृति का पर्व बाहापर्व हर्षोल्लास के साथ सोमवार से शुरू हो गया, बाहा का शाब्दिक अर्थ फुल होता है अर्थात फूलों का पर्व। गांव के नायके बाबा (पुरोहित) जयसेन बेसरा ने जाहेरथान में अपने ईष्ट देवी- देवता जाहेर आयो, मारांग बुरू, मोड़ें कु तुरूय कु की पूजा अर्चना किया गया तथा ईष्ट देवी देवताओं को सखुवा व महुआ के फूल और पारंपरिक सामग्री का अर्पण कर गांव की सुख शांति व समृद्धि के लिए कामना किया गया। पूजा उपासना के बाद घर घर नायके बाबा को पैर धोकर सखुवा के फुल ग्रहण किए गए। गांव के महिला, पुरूष बच्चे शुद्ध पानी एक दूसरे के शरीर पर डाल कर बाहा पर्व की खुशियां मनाते हैं। इस अवसर पर गांव के प्रमाणिक विनोद मरांडी, जोग मांझी चुण्डा मुर्मू, कुडाम नायकी परमेश्वर हेम्ब्रम आदि उपस्थित।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रखंड स्तरीय महिला जनप्रतिनिधियों का सम्मान सह प्रशिक्षण समारोह का आयोजन किया गया

**शुभ भास्कर रिपोर्ट मृत्युंजय कुमार**



पाकुड़/पाकुड़िया प्रखंड सभागार भवन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित प्रखंड स्तरीय महिला जनप्रतिनिधियों का सम्मान सह प्रशिक्षण समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में सर्वप्रथम प्रखण्ड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार द्वारा जिला परिषद अध्यक्ष पाकुड़ जुली जुलिखृष्टमनी हेम्ब्रम, उप प्रमुख अर्चना देवी, जिला परिषद सदस्य (पूर्वी) सुनीता मुर्मू को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया।कार्यक्रम में वीडिओ मनोज कुमार द्वारा महिलाओं के समस्याओं जैसे महिला शिक्षा, बाल विवाह, मानव तस्करी, दहेज प्रथा, बेमेल शादी, डायन बिसाही, असमान मजदूरी, परिवार नियोजन आदि विषयों पर विस्तृत जानकारी सभी जनप्रतिनिधियों को दिया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष जुली खृष्टमणि हेम्ब्रम, उपप्रमुख अर्चना देवी,जिला परिषद सदस्य सुनीता मुर्मू ने महिलाओं के हितों के संबंध में अपना वक्तव्य रखा गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिला जनप्रतिनिधियों, महिला कर्मी, महिला पंचायत स्वयंसेवक आदि को उपहार देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में मंच संचालन प्रखण्ड पंचायत राज पदाधिकारी त्रिदीप कुमार शील द्वारा किया गया। मौके पर प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी जगदीश पंडित, सहायक अभियंता रोहित गुप्ता और सभी प्रखण्ड कर्मी उपस्थित हुए।कार्यक्रम के उपरान्त प्रखण्ड परिसर पाकुड़िया में सभी जनप्रतिनिधियो की उपस्थिति में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को लेकर रोलगाराम संकुल संघ में महिला से सम्बन्धित कार्यक्रम आयोजित किया गया



**शुभ भास्कर संवाददाता पंकज भगत**

पाकुड़ / महेशपुर पारखंड के रोलग्राम में खरछढर संस्था से बने संकुल संघ में सखीमंडल के दीदी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आगाज सजा दाजा कर बड़ी सान सोकत के संघ जेएसएलपीएस के बैनर तले महिला दिवस मनाया गया जिसमे महिलाओं को महिला सम्बन्धित बेसेश चर्चा किया गया इस कार्यक्रम को सफलता बनाने के लिए संस्था चालक द्वारा काफी चर्चा हुई ,तथा सखिमंडल के बारे में भी काफी चर्चा हुई सखीमंड से जुड़ कर महिलाएं काफी गरबी में बदलाव नजर अरे हैं , मौके पर उपस्थित संस्था के अनेक कार्यकर्ता गण मौजूद रहे

# होली त्यौहार को लेकर बाजार में रही चहल पहल

**शुभ भास्कर रिपोर्ट मृत्युंजय कुमार**



पाकुड/पाकुड़िया प्रखंड भर में होली को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों के सहित बाजारों में चहल-पहल बढ़ गई है। प्रखंड के तालवा, बन्नोग्राम, गणपुरा, राजदाहा, मोंगला बांध सहित विभिन्न चौक चौराहों पर रंग, गुलाल, पिचकारी, टोपी, मास्क की दुकानें सज गई है। इस वर्ष भी बच्चों को जहां छोटा भीम, मोटू- पतलू डारीमान, मिक्की माउस, बंदर, भूत, बाघ का मुखौटा पहली पसंद बने हुए हैं, वहीं म्यूजिकल पिचकारी, प्रेशर पिचकारी, बंदूक, स्पीड गन सहित अन्य पिचकारी भी बच्चों को लुभा रहे हैं। जबकि युवाओं के बीच डिजायनर मुखौटा से लेकर मास्क और विंग ने अलग जगह बनाई हुई है। लोगों की इन्हीं पसंदों के देखते हुए दुकानदारों ने रंग और पिचकारी से अपने दुकानों को सजा रखा है।इन सभी सामानों के दाम दस रुपये से लेकर हजारों रुपए तक की है। पिचकारी विक्रेता दिनेश गुप्ता, गोपाल साहा, सोनू गुप्ता आदि ने बताया कि उनकी दुकानों में लगभग 10 रुपए से 500 रुपए तक की पिचकारी उपलब्ध है। रंग. और गुलाल की कीमत भी पांच रुपए से शुरू है। कीमत के हिसाब से देखें तो सेंटेड रंग-गुलाल की कीमत 100 रुपए से 500 रुपए प्रतिकिलो तक है। नकली बाल, नकली मूंछ, शेर का मुखौटा, बंदर का मुखौटा, भूत के मास्क की मांग काफी है। वहीं होली को लेकर बाजारों में चहल- पहल बढ़ गई है। कपड़े, गहने, श्रृंगार और रंगों की दुकानों पर खरीददारों की भीड़ बढ़ गई है। खासकर बच्चों व युवाओं में होली को लेकर विशेष उत्साहित नजर आ रहे हैं।

# डॉ अजीत ने बताया होली में बरती जाने वाली सावधानी



**पूर्णियां।** सहयोग प्रांगण आकाशवाणी रोड पूर्णिया मे सहयोग अध्यक्ष डॉ अजीत प्रसाद सिंह के द्वारा संस्थान के सदस्यों मित्रों एवं समाज के विभिन्न वर्गों के साथ भाईचारे का त्यौहार होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया इस अवसर पर डॉ अजीत प्रसाद सिंह ने लोगों को चंदन का तिलक लगाया और रंग-बिरंगे पुष्प के बरसाते हुए होली खेला गया जिससे सहयोग प्रांगण का माहौल बहुत ही खुश नुमा और होली मय हो गया। होली खेलते समय रखें इन बातों का खास ख्याल- त्योहार की मस्ती में हम कई बार सेहत को अनदेखा कर देते हैं. जिसका खामियाजा हमें बाद में भुगतना पड़ता है. ऐसे में जरूरी है कि आप अपनी सेहत को नजरअंदाज न करें ताकि त्योहार का तो भरपूर मजा ले ही सकें, उसके बाद भी फिट रहें. इलाज कराने से बेहतर है कि हम शुरू में ही सावधानी बरतें. जिन्हें ध्यान में रखकर आप भी सुरक्षित होली मना सकते हैं. होली खेलने से पहले अपने पूरे शरीर पर तेल लगा लें. बालों पर तेल लगाना न भूलें. सरसों के तेल की जगह नारियल का तेल लगाना बेहतर विकल्प है. शरीर को ढककर रखें. होली के मौके पर फुल स्लीव्स के कपड़े पहनना बेहतर रहेगा. होली खेलने के दौरान बरतें ये सावधानियां नेचुरल रंगों का इस्तेमाल करें. होली खुशियों का प्रतीक माना जाता है। मिठाइयों को शगुन का प्रतीक होली है। इस दौरान रंगों और भोजन को लेकर सतर्क रहनी चाहिए। बाजार में कई प्रकार के घातक रासायनिक रंगों की बिक्री हो रही है। मुनाफा कमाने के लिए मिठाइयों में अनेक प्रकार के हानिकारक मिलावट कर धड़ल्ले से बिक्री की जा रही है। इसके प्रति सतर्क रहें और प्राकृतिक एवं हर्बल रंगों का ही उपयोग करें। रंग लगाने से पहले चेहरे और शरीर के अंगों पर तैलीय पदार्थ लगावें। इससे आपकी त्वचा सुरक्षित रहेगी। आंखों नाक एवं कान, बालों एवं सिर के अंदर रंगों को नहीं जाने दे। अगर सावधान नहीं रहे तो आपके त्वचा पर घातक प्रभाव पड़ सकता है। बाजारू मिठाई खाने से बचें क्योंकि एक पीस मिठाई आपके लिए जानलेवा हो सकता है जिसका आपके शरीर पर असर देखा जा सकता है पाचन एवं ब्लड सरकुलेशन पर असर डाल सकता है अत्यधिक तेलीय माशाला दार मीठा व्यंजनों को खाने से परहेज करें देखा जाता है कि कई घरों में लोगों को खाना पड़ता है इसलिए हल्का खाना ले शरीर में पानी की मात्रा बनाए रखें लठमार एवं किसी को शारीरिक क्षति एवं अभद्रता व्यवहार करने वाले होली खेलने से बचे क्योंकि यह आपके ऐसा करना आपके गलत संस्कार का परिचय समाज से करवाता है।

# फिल्म गांधी का चंपारण का ऑडिशन हुआ संपन्न



**शाशक त्रिपाठी मोतीहारी ।** फिल्म गांधी का चंपारण का ऑडिशन के सिलसिले में पहुंचे निमार्ता निर्देशक श्रीमान मिश्रा ने बताया कि यह फिल्म पूर्णतः चंपारण के घटनाओं पर आधारित है। इस फिल्म में आशुतोष राणा ,शिवराज शिंदे सहित कई नामी कलाकारों के साथ बन रही इस फिल्म में नायक और नायिका दोनों ही चंपारण के है। निमार्ता निर्देशक श्रीमान मिश्रा ने बताया कि बहुत ही बड़े बजट वाली इस फिल्म में 90प्रतिशत कलाकार चंपारण से है ।जो चंपारण के लिए इतिहासिक साबित होगा । उन्होंने कहा कि अगर चंपारण से कोई कलाकार जो इस फिल्म में काम करना चाहता है उसका हम स्वागत करते है । उन्होंने बताया कि इस फिल्म कि पूरी शूटिंग चंपारण के विभिन्न लोकेशनों पर अप्रैल में शुरू होगी । फिल्म में गीत कैलाश खरे , कुमार सानू , कल्पना पटवारी ,अनुराधा पौडवाल ने गया है । गीत को रुस्तम घायल ने लिखा है। जबकि संगीत से सजाया है शिशिर युवान ने । इस मौके पर सहायक निर्देशक त्रिलोक कुमार सुनील ,रविशंकर मिश्रा ,दिव्यांशी ,प्रतिभा शर्मा , बैद्यनाथ सिंह सहित कई कलाकार मौजूद थे

# होली में बाहर से घर लौट रहे परिवार के बच्चों को पिलाई जा रही पोलियो की खुराक



**अररिया ।** रंगों के त्योहार होली में बाहर से घर आने वाले पांच साल से कम उम्र के बच्चों को प्राथमिकता के आधार पर पोलियो की दवा पिलाई जा रही है। इसे लेकर 05 मार्च से जिले में विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक मनोज कुमार ने पत्र जारी कर इसे लेकर जरूरी आदेश दिये हैं। जारी पत्र में कहा गया है कि बिहार को पोलियो मुक्त हुए दस साल पूरे होने वाले हैं। लेकिन पड़ोसी देश पाकिस्तान व अफगानिस्तान में हाल के दिनों के दिनों में पोलियो संकमण का मामला सामने आया है। इससे राज्य में इसके प्रसार का खतरा बरकरार है। विशेष पोलियो अभियान की जानकारी देते हुए सिविल सर्जन डॉ विधानचंद्र सिंह ने कहा कि होली जैसे महत्वपूर्ण त्योहार के मौके पर बड़ी संख्या में राज्य से बाहर रहने वाले लोग त्योहार मनाने अपने घर लौटते हैं। इससे राज्य में भी पोलियो वायरस के पहुंचने की संभावना होती है। लिहाजा विभागीय स्तर से बाहरी राज्यों से आने वाले पांच साल से कम उम्र के सभी बच्चों को पोलियो दवा पिलाने को लेकर पहल की जा रही है। जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ मोईज ने बताया कि जिले में पोलियो का फिलहाल कोई मामला नहीं है। इससे पूर्व वर्ष 2009 में पोलियो का मामला जोकीहाट प्रखंड में सामने आया था।

संक्रमण के प्रसार संबधी खतरे को देखते हुए विभागीय आदेश के आलोक में जिले के अररिया रेलवे स्टेशन, अररिया कोर्ट रेलवे स्टेशन, फारबिसगंज रेलवे स्टेशन व जोगबनी रेलवे स्टेशन पर बच्चों को पोलियो दवा पिलाने के लिये ट्रांजिट टीम गठित की गयी है। अभियान के क्रम में मॉनिटरिंग टीम द्वारा लगातार इसका अनुश्रवण किया जायेगा। उन्होंने अभियान के सफल संचालन में आम लोगों से सहयोग की अपील की।

# होली को लेकर दुकानों में बिक रहे मिठाईयों के गुणवत्ता की हो रही जांच



**अररिया ।** होली के दौरान नकली मिठाई बनाने व बेचने वालों पर प्रशासन की सख्त नजर रहेगी। इसे लेकर जिला प्रशासन ने सख्त आदेश जारी किये हैं। जिलाधिकारी इनायत खान द्वारा जारी आदेश के बाद सिविल सर्जन ने इसे लेकर पत्र जारी करते हुए फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट को खाद्य पदार्थों की जांच को लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिया है। इसमें होली के मौके पर नकली मिठाई व अन्य खाद्य पदार्थ की बिक्री के सघन जांच सुनिश्चित कराने को कहा गया है। इतना नहीं नहीं संबंधित पत्र में सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को अपनी अगुआई में विशेष टीम गठित करते हुए क्षेत्र अंतर्गत पड़ने वाले मिठाई दुकानों पर बिकने वाली मिठाइयों की गुणवत्ता सुनिश्चित कराने के लिये आवश्यक कार्रवाई का आदेश सिविल सर्जन ने दिया है। सिविल सर्जन डॉ विधानचंद्र सिंह ने बताया कि होली जैसे महत्वपूर्ण त्योहार के दौरान बाजारों में मिठाइयों की मांग अचानक काफी बढ़ जाती है। इससे दुकानदारों द्वारा अधिक मुनाफा की उम्मीद से नकली व कम गुणवत्ता वाली मिठाइयों की बिक्री का अंदेशा हमेशा रहता है। जो आम लोगों की सेहत को गंभीर नुकसान पहुंचा सकता है। उन्होंने बताया कि मिलावटी मिठाई में स्टार्च अनसैचुरेटेड फैट सहित अन्य खतरनाक रसायन मिलाये जाते हैं। इससे कोलेस्ट्रॉल लेवल के बढ़ने, दिल के रोगियों के लिये स्ट्रोक का खतरा के साथ-साथ मिठाई के ऊपर इस्तेमाल होने वाले अल्यूमिनियम की वजह से ब्रेन व बोन संबंधी विकार सहित छोटे बच्चों की किडनी इससे प्रभावित हो सकती है। इसे लेकर मिठाई की खरीदारी में विशेष रूप से सावधान रहने की अपील उन्होंने आम जिलावासियों से की।

सिविल सर्जन ने कहा कि मिलावटी मिठाई व नकली खाद्य पदार्थ की बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण को लेकर प्रखंडवार प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों की अगुआई में विशेष टीम गठित की गयी है। स्वास्थ्य अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सघन जांच अभियान का संचालन करते हुए मामले में दोषी दुकानदारों पर सख्त कार्रवाई का आदेश दिया गया है। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी द्वारा पूरे मामले की अपने स्तर से निगरानी की जा रही है। अधिकारियों को दुकानों में बिक रही मिठाइयों की गुणवत्ता की जांच करते हुए कार्रवाई से संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है।

## मिठाई एवं किराना दुकानों में किया गया औचक निरीक्षण, मिलावट होने पर होगी कानूनी कार्रवाई

**शुभ भास्कर रिपोर्ट राजकुमार भगत**



पाकुड़ उपायुक्त वरुण रंजन के निदेर्शानुसार धनेश्वर प्रसाद हेम्ब्रम, खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, पाकुड़ के नेतृत्व में पाकुड़ बाजार स्थित विभिन्न मिठाई दुकानों एवं किराना दुकानों का निरीक्षण किया गया। 10 खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें मुख्यता क्वालिटी स्वीट्स, कृष्णा स्वीट्स, हीरा स्वीट्स एंड स्नैक्स,सागर स्वीट्स,अंबा स्वीट्स, उज्जवल स्टोर, साहा स्टोर, बप्पा स्टोर एवं मंडल स्वीट्स एंड स्नैक्स औचक निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों का नमूना संग्रहण किया गया, खाद्य पदार्थों के अंतर्गत काला जामुन मिठाई, चमचम मिठाई , बेसन लड्डू, खोआ बर्फी , सेव भुजिया एव पेठा का नमूना लिया गया। जिसे जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा जाएगा। जांच रिपोर्ट गलत आने पर एफ एस एस आई एक्ट 2006 के तहत करवाई की जाएगी। सभी मिठाई दुकानों एवं किराना स्टोरों के संचालक को साफ सफाई रखने, इंडस्ट्रियल रंग प्रयोग नही करने एवं खाद्य सामग्री में किसी भी तरह का मिलावट नही करने संबंधी चेतावनी दी गई। मिलावट करने पर फूड सेफ्टी एक्ट 2006 के तहत करवाई की जायेगी। निरीक्षण में धनेश्वर प्रसाद हेम्ब्रम, खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, पाकुड़ एवं लिपिक काजल रबिदास, अनुसेवक अमित कुमार रबिदास, चंदन कुमार साहा उपस्थित थे।

## नगर परिषद अध्यक्ष ने किया वार्ड नंबर 11 में रोड एवं नाली का शिलान्यास

**शुभ भास्कर रिपोर्ट राजकुमार भगत**



पाकुड़ नगर परिषद वार्ड संख्या 11 के बागतीपाड़ा मोहल्ले में नगर परिषद अध्यक्ष सम्पा साहा ने 17 लाख 69 हजार 500 की लागत से बनने वाली पेबर ब्लॉक रोड एवं नाली का शिलान्यास किया। मौके पर वार्ड पार्षद मोनिका कुमारी तथा विभागीय कन्या अभियंता आदित्य मिर्धा मौजूद थे ।शिलान्यास के क्रम मेंनगर परिषद अध्यक्ष साहा ने बताया कि बागतीपाड़ा में नगर परिषद पाकुड़ बागतीपाड़ा मनसा माता पोखर के सौंदर्यकरण का काम तेजी से चल रहा है। नाली बन जाने से मोहल्ले का गंदा पानी तालाब में प्रवेश नहीं कर पाएगा। वार्ड नंबर 11के लिए एक डीप बोरिंग को भी मंजूरी दे दी है ।शिलान्यास कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष हिसाबी राय भाजपा पाकुड़ नगर पूर्व महामंत्री मनीष कुमार पाण्डेय सुशील साहा हरिनारायण साहा सर्वेश्वर झा कन्हैया रजक मुरारी मंडल लव रजक अमित घोष शंभू बागती संजय राय बच्चन राय सुशांतो दास मिंटू सिंह समतोला देवी गौरी देवी साक्षी कुमारी निभा राय झूमा राय सुनीता राय चाइना राय सुलेखा राय रीना राय यशोदा रजक रंजना राय लक्ष्मी बागती सहित सैकड़ों की संख्या में वार्ड वासी मौजूद थे।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रशिक्षण -सह- सम्मान समारोह का आयोजन प्रखण्ड के सभागार में किया गया

**शुभ भास्कर रिपोर्ट प्रशांत मंडल**




पाकुड़/लिट्टीपाड़ा प्रखंड में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रशिक्षण -सह- सम्मान समारोह का आयोजन सोमवार को प्रखण्ड के सभागार में किया गया ।इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार द्वारा घरेलू हिंसा,दहेज प्रथा,शराबबंदी जैसी कुरीतियों के विरुद्ध जागरूक होने व सशक्त बनकर समाज की मुख्य धारा से जुड़ने संबंधी बातें कहीं। उन्होंने कहा शिक्षा व स्वास्थ्य अधिकारों के प्रति महिलाओ को जागरूक करते हुए कहा कि महिलाएं पुरूषों के बराबर ही नहीं बल्कि उनसे कहीं आगे हैं। वैसे तो महिलाएं स्वयं काफी सशक्त हैं लेकिन आज के इस कार्यक्रम से महिलाओं में ओर जागरूकता आएगी। उन्होंने कहा कि यदि एक बालिका पढ़ लिख लेती है तो वह अपने परिवार का ही नहीं संपूर्ण समाज का भला करती है। आज हमारे सामने बहुत सारी चुनौतियां हैं जिसमें सबसे बड़ी लिंगानुपात है। इसे बराबर करने में प्रत्येक महिला एवं पुरूष की बराबर भागीदारी है। महिलाओं के प्रति समाज में अच्छी सोच बनाने के लिए आवश्यक है कि महिलाओं की सफलता की कहानियों को जन-जन तक पहुंचाया जाए। हमारे देश में आदिकाल से ही नारी शक्ति को पूजनीय माना गया है। वहीं पंचायत राज पदाधिकारी के. सी. दास ने महिलाओं के विकास एवं प्रगति, डायन-बिसाही से निराकरण, महिलाओं में कुपोषण को दूर करने, लड़कियों को आँगनबाड़ी केन्द्रों में पोषण से संबंधित जानकारी विस्तार पूर्वक रखा ।इस समारोह में त्रिस्तरीय पंचायत के सभी जनप्रतिनिधि पंचायत समिति ,उप प्रमुख आबेदा बीवी मरांडी, पंचायत समिति सदस्य सूसुन्ना सोरेन मुखिया रबिना मालतो, मीरू सोरेन संतोषीला मरांडी, राखी हांसदा, चमेली किस्कू सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## भाजपा नेता सत्य शिक्षानंद मुर्मू ने पत्रकारों के साथ मनाया होली

**शुभ भास्कर रिपोर्ट प्रशांत मंडल**



पाकुड़/ लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र के पत्रकारों के साथ भाजपा नेता सत्य शिक्षानंद मुर्मू ने लिट्टीपाड़ा के चित्लोफार्म के पास मनाया होली मिलन समारोह हुआ, उक्त आयोजन होली मिलन समारोह, के नाम पर मुख्य रूप से उद्देश पत्रकारों के साथ परिचय त्मक और लिट्टीपाड़ा विधानसभा में भाजपा के पकड़ को जमीनी स्तर पर कैसे लाया जा रहा है पर फोकस था। मौके पर सत्य शिक्षानंद मुर्मू ने अपने संबोधन में कहा लिट्टीपाड़ा विधानसभा का यह दुर्भाग्य है कि 40 वर्षों से एक ही परिवार का जनप्रतिनिधि रहते हुए भी समुचित विकास नहीं हो पाया। उन्होंने कहा झारखंड मुक्ति मोर्चा लिट्टीपाड़ा और राजमहल संसदीय क्षेत्र ही नहीं पूरे झारखंड में सिर्फ लूट मचा के रखा है, इस पार्टी का मुख्य उद्देश्य है शिबू सोरेन गद्दी में सब संताल नदी में, यह पार्टी आदिवासियों का पार्टी कहती है लेकिन यहां आदिवासी आदिवासी का शोषण कर रहे हैं, 1932 के नाम पर पूरे झारखंड के आदिवासियों को बेवकूफ बनाया गया यहां तक कि 1932 के खतियान को 9वी सूची में भी शामिल यह सरकार नहीं कर पाई, उन्होंने कहा झारखंड धनी राज्य है इस पार्टी के वजह से झारखंड के लोग आज गरीब है। सत्य शिक्षानंद मुर्मू आगामी चुनाव के संबंध में कहे भाजपा वर्तमान समय में मजबूती के साथ उभर रही है, एक-एक आदिवासी से घर घर जाकर संपर्क किया जा रहा है, अब आदिवासी को भी झामुमो के छल- कपट ,सोशन और दोहन को समझ में आ गया है, उन्होंने कहा मैंने बचपन से ही राजनीति में और कई दलों में कार्य किया है तब से अब तक का अनुभव को मैने तुलनात्मक दृष्टि से देखा है, पहले चुनाव में झामुमो का वर्चस्व गोपीकांदर मैं रहता था परंतु आज परिस्थिति उल्टा है,यही हाल की भी है। कार्यक्रम के अंत में सभी पत्रकारों और कार्य कताओं के साथ शिक्षा नंद मुर्मू ने बारी बारी से गुलाल लगाए और गली मिले तथा होली की शुभकामना दी। मौके पर हिरणपुर भाजपा के प्रखंड अध्यक्ष कैलाश सिंह, अनुसूचित मोर्चा के मंत्री रामेश्वर दास लिट्टीपाड़ा प्रखंड अध्यक्ष श्री प्रसाद पहाड़िया, हमरा पारा से नरेश कांति साहा और विचार महल मंडल अध्यक्ष तरुण साहा आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## जर्जर सड़क से ग्रामीण है परेशान निर्माण कराने की मांग

**शुभ भास्कर संवाददाता पंकज भगत**



पाकुड़ जिले के किलबिल नगर मैं ग्रामीण मुख्य सड़क जो बंगाल को जोड़ती है वह सड़क जर्जर हो जाने से ग्रामीणों को हो रही है दिक्कत पाली मोड़ से लेकर किलबिल नगर पार करते हुए यह ग्रामीण मुख्य सड़क बंगाल के बाजे उस्मानपुर जोड़ती है सीमा तक जोड़ने वाली सड़क काफी जर्जर हो चुकी है। ग्रामीण जर्जर सड़क से परेशान हैं। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी व जनप्रतिनिधि इस में सुधार को लेकर उदासीन बने हुए हैं। इस सड़क के अंतिम छोर सीमा पर से पश्चिम बंगाल बसा हुआ है वहां से सड़क ठीक है ग्रामीणों का कहना है कि सड़क के जर्जर होने के कारण आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासकर बरसात होने पर इस सड़क से होकर गुजरने में गिरने की संभावना बनी रहती है। दोपहिया वाहन चालकों को गिरकर चोटिल होना नियति बनी हुई है। इस सड़क में गड्ढों और गिट्टी के अलावा कुछ भी नजर नहीं आता है, जबकि इस मार्ग पर अधिकांश कृषि भूमि रहने वजह से किसानों व लोगों का आना-जाना लगा रहता है। इस बदहाल सड़क को देखकर ग्रामीणों की शिकायतों पर स्थानीय विधायक ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम को कई बार आवेदन भी दिया गया उक्त सड़क को जल्द दुरूस्त कराने का आश्वासन भी दिया था। इसके बाद सड़क मार्ग पर जगह-जगह गड्ढे देखने को मिल जाएंगे सड़क की स्थिति काफी बदतर बन गई है। जिसे देखकर ग्रामीणों में खासा आक्रोश देखा जा रहा है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग करते हुए अविलंब उक्त सड़क का निर्माण करवाने की मांग की है।

## सिमलोंग ओपी क्षेत्र में अवैध शराब के विरुद्ध ताबोड तोड़ छापामारी

**शुभ भास्कर रिपोर्ट प्रशांत मंडल**



पाकुड़/लिट्टीपाड़ा प्रखंड में होली के मद्देनजर देखते हुए सिमलोंग प्रभारी सत्यदेव प्रसाद ने सोमवार को सिमलोंग ओपी क्षेत्र में अवैध शराब के विरुद्ध ताबोड तोड़ छापामारी किया। छापामारी के दौरान उन्होंने 30किलो अवैध जावा महुवा को नष्ट किया। ओपी प्रभारी सत्यदेव प्रसाद ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अवैध शराब के ठिकानों पर छापा मारा गया। उन्होंने कहा ओपी क्षेत्र में अवैध कार्य करने वालो पर पुलिस की कड़ी नजर है। छापामारी देख अवैध देशी शराब बनाने वालो में हड़कंप मचा रहा। छापामारी टीम में ओपी प्रभारी सहित पुलिस बल मौजूद थे।

## देसी शराब के विरुद्ध किया ताबड़तोड़ छापेमारी की सैकड़ों केजी जावा और शराब को नष्ट



**शुभ भास्कर रिपोर्ट सुस्मित तिवारी**

पाकुड़/ हिरणपुर थाना प्रभारी और अंचलाधिकारी ने देसी शराब के विरुद्ध किया ताबड़तोड़ छापेमारी की सैकड़ों केजी जावा और शराब को नष्ट। होली के मद्देनजर हिरणपुर थाना प्रभारी अमर कुमार मींज और अंचलाधिकारी मनोज कुमार ने संयुक्त रूप से देसी शराब के विरुद्ध हिरणपुर थाना क्षेत्र के खिदिरपुर गांव के कई घरों के छापेमारी में 1700 किलो जावा महुआ और 25 लीटर महुआ शराब को नष्ट किए। जावा महुआ खिदिरपुर के अरुप मंडल, नबो मंडल, धीरज मंडल, दुर्बल मंडल कि घर से 1700 केजी जावा महुआ नष्ट किया गया, जबकि अनूप मंडल के घर से 25 लीटर महुआ शराब जप्त किया गया। जप्त किए गए जावा और महुआ शराब को तत्काल नष्ट कर दिया गया है।

## सत्य सनातन संस्था ने मनाया होली मिलन समारोह

**शुभ भास्कर संवाददाता पंकज भगत**



पाकुड़ :- बीते दिन रविवार को सत्य सनातन संस्था ने संस्था के उपाध्यक्ष सागर चौधरी के व्यवसायिक प्रतिष्ठान एस ब्रदर्स यूनिट होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया कार्यक्रम सत्य सनातन संस्था के अध्यक्ष रंजित कुमार चौबे के नेतृत्व में किया गया सर्वप्रथम गुलाल व रंग से भगवान की पूजा वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ किया गया उसके उपरांत सभी ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर आने वाले होली की शुभकामनाएं दी तथा फगुवा गाकर सभी ने क्षण को आनंदित कर दिया, तथा सभी ने स्वल्पहार के रूप में दहीबड़ा, चाट इत्यादि एक दूसरे को खिला कर लुफ्त उठाया, संस्था के अध्यक्ष रंजित कुमार चौबे ने कहा कि संस्था प्रतिवर्ष होली के अवसर पर होली मिलन समारोह मनाती है, इसमें सभी अपने दुख ,और कार्य की व्यस्तता को छोड़ कर सभी लोग मिलकर जातिभाव भूलकर, सभी सनातनी एक दूसरे को गुलाल लागते है,और साथ में अल्पाहार करते है, इससे यह सिद्ध होता है कि भारत में कोई जाति नहीं है, बल्कि सभी भारतीय है, और हम सभी को ये ज्ञात रखना चाहिए कि सभी एक दूसरे के पूरक है, बिना एक दूसरे के हम सभी चल नही सकते,इस मौके पर संस्था के उपाध्यक्ष - गौतम कुमार, कोषाध्यक्ष - अमर ठाकुर, सयुक्त सचिव - अजय भगत, बरीय सदस्य :- जवाहर सिंह, रमन मिश्रा , अमित साहा, सत्यम भगत, विशाल भगत, सत्यम कृष्णा ,सौरव घोष, देवाशीष दीक्षित , बमभोला उपाध्याय, दिनेश केवट, सानू रजक, विक्की श्रीवास्तव, पप्पू रविदास, विधि साहकार :- अजय यादव,पिंटू कुमार दास, कुमार सूर्या,संदीप त्रिवेदी, राका राय,हेमंत कुमार प्रीतम , मिंटू गिरी,संतोष कुमार, दीपक राज गुप्ता, सहित अन्य मौजूद थे ।

## आरके पैलेस होटल के सभागार में सेवानिवृत्त वरिष्ठ माल वाहन प्रबंधक धर्मा सेवानिवृत्ति के अवसर पर भावभीनी विदाई दी



**शुभ भास्कर संवाददाता पंकज भगत**

इस विदाई शह सम्मान समारोह में पाकुड़ स्टेशन के स्टेशन प्रबंधक लखीराम हेंब्रम, यातायात निरीक्षक जे एम शह ,ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन के अध्यक्ष अखिलेश चौबे एवं शाखा सचिव संजय कुमार ओझा की गरिमामय उपस्थिति में धर्मा को विदाई दी गई एवं उनका भविष्य मंगलमय सुखद हो ,ऐसी कामना की गई ' इस अवसर पर उन्हें पुष्पगुच्छ देकर एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया ' साथ ही साल एवं अंग वस्त्र भेंट स्वरूप प्रदान किया गया, 'इस कार्यक्रम का आयोजन करने में सभी माल वाहन प्रबंधक शामिल रहे आरके पैलेस होटल के सभागार भवन में प्रशांत कुमार , मनोज कुमार, संतोष कुमार, पीटर मरांडी ,निर्भय कुमार ,राजाराम मंडल ,पी मिश्रा, अशोक कुमार सिंह, ओंकार नाथ ओझा ,कालेश्वर ,राजकुमार सिंह , प्रीतम कुमार मंडल, श्रीकांत ,मूलचंद, विक्टर जेम्स आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे'

## पाकुड़ में पुलिस वालों ने खेली होली पुलिस लाइन में मनाया गया होली मिलन समारोह, संगीतकारो ने बांधा समां

**शुभ भास्कर संवाददाता पंकज भगत**



पाकुड़ जिले के रिजर्व पुलिस लाइन पाकुड़ में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जहां संगीतकारों ने गीत गाकर लोगों का मनोरंजन किया तो वही होली के गानों पर पुलिस कर्मचारियों ने झुमका नृत्य भी किया लोगों को आनंदित किया जिले के पुलिस अधिकारी व जिलाधिकारी की मौजूदगी में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। मौके पर उपस्थित उपायुक्त वरुण रंजन पुलिस अधीक्षक एचपी जनार्दन एसडीओ हरिवंश पंडित पाकुड़ जिले के सभी थाना प्रभारी मौजूद थे समारोह की शुरूआत संगीत कार्यक्रम से की गई जिसमें विभिन्न होली के गीतों व अन्य गानों से संगीतकारों ने सभी का मन मोह लिया ।पुलिस अधिकारिओं एवं कर्मचारियों के साथ एसपी ने खेली होली संगीत कार्यक्रम के बाद पुलिस अधीक्षक उपायुक्त वरुण रंजन और पुलिस कप्तान एचपी जनार्दन द्वारा सभी उपस्थित पुलिस अधिकारों एवं कर्मचारियों के साथ गुलाब लगा कर होली खेली और एक दूसरे से गले मिले। इस होली मिलन समारोह में अधिकारी सहित सभी क्षेत्राधिकारी व थाना प्रभारी और अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे

## पाकुड़ शहर में होली और शब-ए-बरात को लेकर निकाला गया फ्लैग मार्च

**शुभ भास्कर संवाददाता पंकज भगत**



पाकुड़ नगर थाना क्षेत्र में किया भ्रमण होली एवं शब-ए-बारात पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए सोमवार की सुबह फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च नगर थाना से निकलते हुए मुख्य बाजार होते हुए पाकुड थाना क्षेत्रों का भ्रमण किया। इस दौरान शरारती व उपद्रवी तत्वों को हड़काया गया। आम लोगों से पुलिस को सहयोग करने की अपील की गई। नगर थाना प्रभारी सह निरीक्षक मनोज कुमार अपने दल बल के साथ के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकला गया। जो शहर के हॉट पड़ा गांधी चौक रेलवे फाटक होते हुए कालकापुर क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण किया गया ।इस दौरान कहीं पैदल तो कहीं वाहनों से फ्लैग मार्च किया गया। होली व शब-ए-बरात पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए पुलिस अलर्ट मोड में है। शरारती, उपद्रवी व आपराधिक तत्वों पर पुलिस की विशेष नजर है। ऐसे तत्वों की पहचान भी की जा रही है। उन्होंने आम जनता से अपील किया कि वे अपने-अपने पर्व को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाये। किसी प्रकार की विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न न हो इसके लिए पुलिस व प्रशासन को समय पर सूचना दे। फ्लैग मार्च में नगर थाना के प्रभारी मनोज कुमार थानाध्यक्ष एवं पुलिस बल शामिल थे।

## होली की खरीदारी को लेकर पाकुड़ बाजार में उमड़ी भीड़, जाम के बने हालात

**शुभ भास्कर संवाददाता पंकज भगत**



पाकुड़ जिले में होली की खरीदारी के लिए बाजारों में ग्राहकों की भीड़ उमड़ने लगी है। इसी को लेकर सोमवार को मुख्य बाजार गांधी चौक हॉट पाड़ा रेलवे फाटक रोड पर जाम की स्थिति बनी रही। करीब आधा घंटे तक दो पहिया वाहन व ई-रिक्शा रेंग- रेंगकर चलते नजर आए। लोगों का पैदल निकलना भी दूभर हो गया होली को लेकर लोग खरीदारी में जुट गए हैं। शहर के मुख्य बाजार में खरीदारी के लिए आए लोगों और वाहनों के बेतरतीब खड़े होने से जाम की स्थिति बनी रही। दुकानों के बाहर वाहनों को खड़ा कर दिए जाने से लोगों को आवागमन में काफी दिक्कतें हुईं। करीब आधे घंटे तक जाम लगा रहा। उधर, पाकुड़ धुलियान मुख्य सड़क पर भी बैंकों के बाहर दोपहिया वाहन खड़े रहने से जाम की स्थिति बनी रही। इस दौरान ई-रिक्शा की लंबी- लंबी कतारें लग गईं। दुकानदारों का कहना रहा कि त्योहार से समय पर बाजार में दोपहिया वाहनों और ई-रिक्शा के चलने पर रोक लगनी चाहिए। पार्किंग की कमी बनी मुश्किल पाकुड़ मुख्य बाजार में पार्किंग न होने की वजह से ही स्थिति बिगड़ रही है। दुकानों के आगे ग्राहक अपने दोपहिया वाहन खड़ा कर देते हैं। ग्राहक भी दोपहिया वाहन से खरीदारी करने आते हैं। ई-रिक्शा पर कोई पाबंदी नहीं हैं। जिसकी वजह से आए दिन जाम लगा रहता है। पैदल निकलने वालों को काफी परेशानी होती है। बड़ी परेशानी त्योहार के सीजन में होती है।

## रोहिणी पब्लिक स्कूल में होली मिलन समारोह आयोजित

**दैनिक शुभ भास्कर देवघर प्रखंड संवाददाता**

रोहिणी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में सभी बच्चों और शिक्षकों के द्वारा होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें विद्यालय के निर्देशक जगन्नाथ पांडेय, प्राचार्य मनीष शांडिल्य,चेयरमैन संपन्न सिंह ,प्रशांत पांडेय, आम्रपाली यादव ,अंकिता केशरी, दीपाली शर्मा , उमा राणा , लेखापाल ट्विंकल कुमारी , उप प्राचार्य कुमार राकेश एवम संजू देवी सभी ने बच्चों को होली के ढेर सारी शुभकामनाएं दीं।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला जनप्रतिनिधियों का सम्मान सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**दैनिक शुभ भास्कर मोहन मंडल कुंडहित(जामताड़ा)**

सोमवार को अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रखंड सभागार में एक कार्यक्रम का आयोजन बीडीओ श्रीमान मरांडी के अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने पर कुंडहित पंचायत के मुखिया विमला हांसदा को सम्मानित किया गया। इस दौरान बीडीओ श्री मरांडी ने कहा प्रतिवर्ष 08 मार्च को अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। लेकिन इस साल 08 मार्च को होली त्योहार होने के कारण 06 मार्च को मनाया जा रहा है। उन्होनें कहा एक समय था जब महिलाएं अपने घर के अंदर रहती थी। लेकिन वक्त के साथ महिलाएं समाज और राष्ट्र निर्माण का एक अहम हिस्सा बन चुकी है। घर परिवार से सीमित रहने वाली महिलाए बाहर निकलकर अत्मनिर्भर बन रही है। उन्होनें उपस्थित जनप्रतिनिधियों को जानकारी देते हुए कहा कि अपने अपने गांव देहात में दहेजप्रथा, शराब बंदी, परिवार नियोजन, महिला शिक्षा आदि पर प्रचार प्रसार करने को कहा गया। कहा कि महिला शिक्षित होगें तो पुरा परिवार शिक्षित होगा। बालिका शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि उन सारी लड़कियो को विद्यालय भेजे जो पढ़ाई छोड दी है। ताकि आने वाले समय मे एक कुशल अभिभावक के साथ मां बन सकेगी। उन्होनें प्रखंड कर्मियों को मनरेगा योजना में अधिक से अधिक महिला मजदुर को जोड़कर रोजगार देने की बात कही। मौके पर बीडीओ के अलावे बीपीआरओ प्रफुल्ल माजि, मुखिया बिमला हांसदा, गीता पहाडियां, मंदिरा हेम्बरम,सरला मरांडी सहित काफी संख्या में जलसहिया एवं प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

## पहाड़गोड़ा के पहाड़ में लगी भयानक आग, मौके पर पहुंचा वन विभाग का दल

**दैनिक शुभ भास्कर मोहन मंडल कुंडहित(जामताड़ा)**



सोमवार को कुंडहित प्रखंड के पाहाड़गोड़ा स्थित पहाड़ में आग लगने से करीब पांच एकड़ से अधिक जंगल जलकर राख हो गया। देखते ही देखते आग पहाड़ का आधा भुभाग अपने लपेट में ले लिया। दिनभर हवा तेज होने के कारण आग और जोरदार भड़क उठी। आगजनी की घटना की जानकारी मिलते ही रुपनारायणपुर गावं के वन समिति के द्वारा वन विभाग के अधिकारी को जानकारी दिया गया। सुचना मिलते ही वन रक्षी घटना स्थल पर पहुंच कर सूखे पत्ते को हटाने का कार्य शुरू कर दिया ताकि आगे पर नियंत्रण पाया जा सके। लेकिन आग की भयावह स्थिती को देखते हुए नजदिक जाना दूरभर हो रहा था। विदित हो कि लगातार इन दिनों जंगलों में आगजनी की घटना सुनने को मिल रहा है। बीते एक सप्ताह से कुंडहित प्रखंड के विभिन्न जंगल क्षेत्र मे आगजनी की घटना सुनने को मिल रहा है। कुछ शरारती तत्वों द्वारा जंगल के बाहर आग लगाकर छोड़ दिया जा रहा है। देखते देखते सुखे घास एवं पत्तो से आग प्रचंड रूप धारण कर लें रहा है। बताते चलें कि प्रखंड के कमलिया,भेलाडीह, पाथरचोड़, मुड़ाबेड़िया, छोलाबेड़िया, कुसमा आदि जंगलों मे आग लग चुकी है। घटना होने पर हजारो छोटे बड़े पेड़ पौधे जलकर नष्ट हो रहे है। जबकि पर्यावरण सुरक्षा को लेकर वन विभाग द्वारा हर साल करोड़ो रुपये खर्च कर विभिन्न जंगलों मे वृक्षारोपण कराया जाता है। लेकिन कुछ शरारती तत्वों द्वारा जंगलो में आग लगा देने से प्रकृति को भयानक क्षति होती है। इस सारे जंगलो में आग लगने से छोटे बड़े पौधे के साथ जड़ी बुटी एवं जंगली जीव जन्तु को भारी नुकसान पहूँच रहा है इस बाबत प्रभारी वन क्षेत्र पदाधिकारी रामचन्द्र पासवान ने बताया कि पहाड़गोड़ा पहाड़ में आग लगने की घटना की जानकारी प्राप्त होते ही वन कर्मियो के द्वारा आग बुझाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होने बताया किसी शरारती तत्वों द्वारा जंगल के बाहर आग लगाकर छोड़ दिया गया। आग धीरे धीरे जंगल पहूँच गया। शरारती तत्वों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। नाम पता मिलते ही कानुनी करवाई किया जाएगा।

## विष्णु भैया मेमोरियल फाउंडेशन ने होली मिलन समारोह का किया आयोजन

**दैनिक शुभ भास्कर मनीष बरणवाल जामताड़ा**



विष्णु भैया मेमोरियल फाउंडेशन द्वारा रविवार को दुमका रोड स्थित चमेली देवी के आवास पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जो रविवार देर रात तक चला। इस कार्यक्रम में जामताड़ा शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों से भारी संख्या में लोग सम्मिलित हुए। विदित हो कि 6 वर्षों के अंतराल के बाद विष्णु भैया आवास पर यह कार्यक्रम आयोजित हुआ और यही कारण रहा कि इस बार इसे बड़े भव्य तरीके से मनाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए फाउंडेशन की मुख्य संरक्षक चमेली देवी ने कहा की जामताड़ा वासियों के प्रयास से ही यह कार्यक्रम यहाँ हो रहा। यह साल कई मायनों में खास रहा क्योंकि 8 वर्षों के अंतराल बाद यज्ञ मैदान गुलजार हुआ व विष्णु भैया का होली मिलन पूरे शहर में मशहूर था जिसे इस वर्ष पुनः शुरू किया गया। आगे उन्होंने कहा कि इन सब आयोजनों से वे एक नयी शुरूआत कर रही है। पुराने जामताडा को बसाने की जहां सिर्फ. हंसी और अपनापन हो। हाल के समय में जो तनाव और ईर्ष्या की भावना लोगो में पनप रही है उसे पीछे छोड़ पुनः वसुधैव कुटुंबकम की भावना लानी होगी। जामताड़ा को बनाने वाले इसका माहौल बिगड़ने नहीं देंगे। वही कार्यक्रम में जमशेदपुर से आये कलाकारों ने विभिन्न होली के गीतों से श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। मौके पर देवाशीष मिश्र, रवि दुबे, शिबू परसूरामका, सुभाष केडिया, संजय अग्रवाल, प्रभु मंडल, डॉ आर.आर चौबे, डॉ दुर्गेश झा, मिंटू अग्रवाल, जीवेश्वर मिश्र, मनोहर राय, गुड्डू सिंह, दामोदर राय, सुभाष मिर्धा, बिजय राउत सहित काफी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## पाकुड़िया प्रखंड में फ्लैग मार्च निकाला गया

**शुभ भास्कर रिपोर्ट मृत्युंजय कुमार**



पाकुड़िया/पाकुड़ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सोमवार को थाना प्रभारी अभिषेक राय एवं सीओ किरण डांग के नेतृत्व में प्रखंड क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया, इस दौरान फ्लैग मार्च थाना परिसर से सिद्धो कान्हो चौक , मोगलाबान्ध होते हुए ग्रामीण मोहल्लों से होकर आजाद चौक से चौकिशाल , फुलझींझरी , गणपुरा से पाकुड़िया ब्लॉक से पुनः थाना तक निकाला गया, थाना प्रभारी अभिषेक राय ने बताया होली एवं शबेबारात पर्व को लेकर फ्लैग मार्च निकाला गया, लोग शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त माहौल में पर्व मनाए इसको लेकर पुलिस हर तरह से मुस्तेद है, मौके पर एसआई पुनीत गौतम , एस आई संभु पंडित , ए एस आई अशोक यादव , ए एस आई गोविंद प्रसाद सहित दर्जनो पुलिस जवान सामिल थे।

## नगर पंचायत परिवार की ओर से होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन

**दैनिक शुभ भास्कर मनीष बरणवाल जामताड़ा**



सोमवार को गांधी मैदान के समीप जामताड़ा नगर पंचायत परिवार की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य रूप से पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र मंडल उपस्थित थे। होली मिलन समारोह में नगर पंचायत बोर्ड के तमाम सदस्य एवं सभी वार्ड पार्षद, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि ने एक दूसरे को रंग गुलाल,अबीर लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।आपस में होली की खुशी में एक दूसरे के बीच मिठाईयां बांटी गईं।बतौर मौके में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र मंडल ने कहा कि होली रंगों ,खुशियों और भाईचारे का पर्व हैं। नगर पंचायत परिवार की ओर से तमाम नगरवासियों से अपील करते हैं की आपसी भाईचारे के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली मनाए। मौके पर उनके द्वारा जामताड़ावासियों को होली की ढेर सारी शुभकामनाएं दी गई।मौके पर मुख्य रूप से मधु चंद्रा,अरविंद साव,चंडी दास भंडारी,निलेश सिंह, झंटू साह, आलोक किस्कु , गौउर बाउरी,सुनील बाउरी,फ्रैंकलिन ब्लैक,सजल दत्ता, अजय सिंह उत्तम रवानी, गोरा दास पवित्र माहाता, राजीव दास सहित तमाम लोग उपस्थित थे।

## पर्यवेक्षिका के सेवानिवृत्ति पर नाला में विदाई समारोह का हुआ आयोजन

**दैनिक शुभ भास्कर सुष्मिता कुमारी नाला (जामताड़ा)**



नाला बाल विकास परियोजना कार्यालय के सभागार में पर्यवेक्षिका की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन पर्यवेक्षिका कंचन कुमारी ने की। मौके पर मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथि के तौर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी आकांक्षा कुमारी तथा अंचलाधिकारी सुनीता किस्कु ,प्रखंड प्रमुख कल्लावती मुर्मू,,सीडीपीओ सविता कुमारी उपस्थित थीं। मौके पर अनिता महतो के नेतृत्व में सेविकाओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। वही सभी पदाधिकारियों ने बारी-बारी से सेवानिवृत्त पर्यवेक्षिका सालोनी हांसदा को बुके तथा माला पहनाकर उनका हार्दिक अभिनंदन किया। साथ ही कई उपहार देकर उन्हें सम्मानित किया। मौके पर अंचलाधिकारी सुनीता किस्कु ने विदाई समारोह को संबोधित किया और पर्यवेक्षिका सालोनी हांसदा की कार्यों की सराहना की ।उन्होंने कहा कि पर्यवेक्षिका सालोनी हांसदा ने निष्ठा भाव से कार्यों का निष्पादन किया। इनका कार्य अत्यंत ही सराहनीय रहा। वे उनकी स्वस्थ एवं खुशहाल जीवन की मंगल कामना की। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी आकांक्षा कुमारी ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया और उनकी कार्यों की सराहना करते हुए सुखमय जीवन की कामना की।इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख कलावती मुर्मू ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया और पर्यवेक्षिका सालोमी हांसदा की सुखमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर सीडीपीओ सविता कुमारी ने कहा कि इन्होंने बड़े ही सफलता पूर्वक अपनी सेवाकाल एवं कार्यकाल में कर्तव्यों का निर्वहन किया। उन्होंने यह भी कहा कि सेवानिवृत्ति सरकारी प्रक्रिया परंतु इन्होंने अपने कार्यकाल में जो छाप छोड़ी है यह सबों के दिल भी समाहित रहेगी। उन्होंने कहा सालोमी हासदा व्यवहार कुशल पूर्वक अपने कार्यों का निर्वहन किया यह बड़ी बात है। उन्होंने बेदाग अपना कार्यकाल पूरा किया और बहुत ही अच्छे तरीके से सभी के साथ मिलजुल कर अपने कर्तव्य का निर्वहन किया। उन्होंने भी उनकी दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। इस अवसर पर जितेंद्र नाथ मंडल ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया और पर्यवेक्षिका सालोमी हांसदा के किए गए कार्यों की सराहना की। अमर चंद्र माजी ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया और पर्यवेक्षका द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा की। इस अवसर पर पर्यवेक्षिका विभा सिन्हा, सेविका शिवली हालदार ,शांता दास, दुलीन सोरेन, भवानी मंडल,अनिता महतो, शिल्पी गोस्वामी सहित सभी सेविकाएं में मौजूद थी।

## एसबीआई बैंक के सामने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम किया गया



**शुभ भास्कर रिपोर्ट मृत्युंजय कुमार**

पाकुड/पाकुड़िया कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद इस्लाम के नेतृत्व में सोमवार को पाकुड़िया एसबीआई बैंक के सामने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा सरकार की अडानी के पक्ष में क्रोनी कैपिटलिज्म की नीति से वाकिफ हैं। गहरे आर्थिक संकट के समय में भाजपा सरकार देश के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को अडानी समूह को बेच रही हैं और एसबीआई और एलआईसी जैसे सार्वजनिक संस्थानों को निवेश करने के लिए मजबूर कर रही है, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग के भारतीयों को करोड़ों की बचत जोखिम में है। मौके पर उपस्थित लिट्टीपाड़ा प्रभारी युवा नेता दाऊद मराण्डी कमाल अंसारी अली अहमद प्रखंड उपाध्यक्ष मकबूल अंसारी ,पूर्व जिला परिषद सदस्य स्टीफन मराण्डी, मैनुद्दीन अंसारी, गणेश शेख ,अकबर शेख, कसमुद्दीन अंसारी ,सुनिल सोरेन, सुभाषटेन मुर्मू ,किसन सोरेन सहित अन्य उपस्थित थे।

## बाल विद्यापीठ में छात्र छात्राओं ने मनाया होली मिलन समारोह

**शुभ भास्कर रिपोर्ट राजकुमार भगत**



पाकुड़ के स्थानीय भगत पाड़ा स्थित बाल विद्यापीठ स्कूल में होली पर्व के मद्देनजर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया ।विद्यालय के सभी छात्र एवं छात्राएं इस मौके पर एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी एवं होली के गीत पर बच्चों ने खूब आनंद उठाया। कविता पाठ का आयोजन किया गया। विद्यालय संचालक राजकुमार भगत द्वारा बच्चों को होली उत्सव मनाने के पीछे उनके कथा को विस्तार से जानकारी दी। होलिका एवं भक्त प्रह्लाद की चर्चा करते हुए बताया कि किस प्रकार से भक्त पहलाद को जलाने गई होलीका खुद जल गई और होली उत्सव का प्रारंभ हुआ। होली बुराई पर अच्छाई का प्रतीक व असत्य पर सत्य की विजय का पर्व है। इसलिए होली के दिन लोग आपसी वैमनस्यता बुराई को त्याग कर एक दूसरे को गले मिलते हैं और होली की बधाई देते हैं। रंग अबीर गुलाल खेलते हैं। बच्चों ने भी खूब प्यार से होली खेला एक-दूसरे पर गुलाल लगाया। सभी बच्चे आपस में मिलकर जलपान किया। मौके पर विद्यालय शिक्षक गंगाराम पंडित, राजकुमार भगत नवमी कुमारी , ऋचा कुमारी , रणधन मरांडी, अनीश झा,ज्योति कुमारी आदि उपस्थित थे।

## होली से पहले आबकारी विभाग, प्रशासन अलर्ट, नहीं बिकेगी अवैध शराब



**दैनिक शुभ भास्कर शेखर कुमार क्राइम रिपोर्टर**

देवघर। होली पर्व के मद्देनजर रविवार की देर रात पुलिस अधीक्षक सुभाष चंद्र जाट के आदेशानुसार व उत्पाद अधीक्षक संजय कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर उत्पाद बल, सशस्त्र गृहरक्षकों एवं नगर थाना के सहयोग से नगर थाना अंतर्गत बैधनाथ धाम स्टेशन, बाजला चौक, टॉवर चौक आदि जगहों में सघन व व्यापक उत्पाद छापामारी कर कुल 8.34 लीटर अवैध विदेशी शराब, 4.50 लीटर बीयर बरामद किया गया ।इस अभियान में उत्पाद अवर निरीक्षक कांग्रेश कुमार, अवर निरीक्षक रूपेश कुमार, सअनि रामदेव पासवान, सअनि अवधेश कुमार एवं सशस्त्र गृहरक्षक के जवान शामिल थे। इस छापामारी अभियान में बैधनाथ धाम स्टेशन से आकाश कुमार उर्फ कारू कुमार उत्पाद अधिनियम की धारा 47(ए ) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

## डीएवी स्कूल देवघर में होली मिलन समारोह आयोजित



**दैनिक शुभ भास्कर शेखर कुमार देवघर**

देवघर ।स्थानीय गीता देवी डीएवी पब्लिक स्कूल कास्टर टाउन, देवघर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह मे विद्यालय के सभी शिक्षक,शिक्षिकाएँ एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने एक-दूसरे को अबीर,गुलाल लगाकर होली की बधाई दी ।इस मौके पर उपस्थित विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह ने बच्चों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को होली की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं ।साथ ही उन्होंने होली के ऐतिहासिक पक्ष को रखते हुए कहा कि इस पर्व का सनातन धर्म में अलग ही पहचान है, जो होलिका, हिरण्यकश्यप तथा प्रह्लाद की कहानी के माध्यम से भगवान में आस्था व विश्वास जगाता है तथा अपनी भक्ति पर सच्चाई के साथ अंतिम क्षण तक डटे रहने को प्रेरित करता है। यह पावन पर्व आपसी भाईचारे का संदेश देता है। इस पर्व को सभी गिले-शिकवे भुलाकर शांतिपूर्वक मनाना चाहिए। यह हम सभी को सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता का भी संदेश देता है। होली आपसी प्रेम,भाईचारा और सौहार्द का प्रतीक है ।यह हमें देश की सभ्यता और संस्कृति को जानने के साथ-साथ एकता की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरणा देता है ।अंत में उन्होंने कहा कि होली बुराई पर अच्छाई की जीत का त्योहार है। इसे सब लोग मिलकर मनाएँ। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएँ सहित छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## दमकल पहुंचने से पहले किसानों की फसल जलकर खाक, की मुआवजे की मांग

**शुभ भास्कर रिपोर्ट राजकुमार भगत**



पाकुड़ प्रखंड स्थित पोडाबागान ग्राम में सैकड़ों किसानों का खेतों में अचानक आग लगने से सैकड़ों एकड़ में लगी फसल जलकर खाक हो गई। इससे रामचंद्रपुर, जमशेदपुर पंचायत के स्टोर नगर बेलडांगा निहार पाड़ा,जांबोना, पोडा बागान किसानों को गहरा आघात लगा है ।आजसू जिलाध्यक्ष आलमगीर आलम क्षेत्र में पहुंचकर किसानों को आश्वासन दिया कि मैं जिला प्रशासन से बात कर मुआवजा दिलाने की कोशिश करूंगा। आजसू जिलाध्यक्ष आलमगीर आलम ने प्रशासन से मुआवजा की मांग की हे। आगलगी में किसानों लाखों का नुकसान हुआ है ।जिलाध्यक्ष आलम ने कहा कि दमकल आने से पहले खेत जलकर राख हो चुका था। किसानों को भारी नुकसान हुआ है । सुखाड़ का मार झेल रहे किसानों पर दोहरी मार पड़ी है ।आजसू पार्टी के 5 सदस्यीय टीम ने किसानों के ढांढस बंधाते हुए कहा कि हम पाकुड़ जिला प्रशासन से किसानों को मुआवजा राशि की मांग करेंगे जहां तक संभव हो सकेगा उचित मदद दिलाने काम करेंगे। उक्त दौरे पर जिला अध्यक्ष आलमगीर आलम, युवा नेता अफिफ अमसल, प्रखंड अध्यक्ष रफीक अहमद, बरहरवा प्रखंड प्रभारी मोसब्बर, जिला प्रवक्ता शकेसादी रहमतुल्ला, प्रखंड कोषाध्यक्ष मोसाराफ, युवा मोर्चा प्रखंड सचिव प्रणब साहा, पाकुड़ प्रखंड प्रभारी सानू मुखिया, सोफिकुल मौजूद थे।

## जमीन कोयला पानी हमारा और बिजली बाहरी को कभी बर्दास्त नही किया जाएगा : स्पीकर रविन्द्र महतो

**दैनिक शुभ भास्कर मनीष बरणवाल कुण्डहित(जामताड़ा)**



कुंडहित के भेलुवा गांव में 132/33 केवी का बिजली ग्रिड की भूमि पूजन एवं शिलान्यास विधानसभाध्यक्ष रबिन्द्रनाथ महतो ने किया। विद्युत ग्रिड शिलान्यास के बाद एक सभा का आयोजन किया गया। जिसमे भेलुवा नातुलतला, बेनियाडंगाल, कुंडहित, अम्बा सहित दर्जनों गांव के ग्रामीणों ने भाग लिया। सभा को संबोधित करते हुए विधान सभा अध्यक्ष सह नाला विधायक रबिन्द्रनाथ महतो ने कहा कि जब वह विधायक थे तब एक बिजली सब स्टेशन नाला में हुआ करता था। बिजली की परेशानी धीरे धीरे बढ़ती गई तब फिर जाकर कुंडहित में एक सब स्टेशन बना। इसके बाद भी कुंडहित में बिजली की परेशानी कम नही हुई। एक बार गुल होने पर तीन से चार दिन का समय पुनः बहाल होने में लग जाता था। जब उन्होंने इसके कारणों को विभाग से जाना तो एक अच्छे विद्युत अभियंता ने कहा बिजली परेशानी का एक मात्र कारण है कि लम्बी दूरी से बिजली की आपूर्ति होना। जामताड़ा ग्रिड से खजूरी, बागदेहरी लगभग 70 किमी पड़ती है। बिजली कटने पर फॉल्ट खोजने में तीन दिन लग जाता था। इसके लिए विभाग से मशवरा कर उन्होंने गेडिया, बामनडीहा, फतेहपुर में सब स्टेशन बनवाया। इतना होने के बाद ही ग्रिड के लिए प्रस्ताव रखा तो तुरंत प्रशासनिक स्वीकृति मिली और आज उसका शिलान्यास हुआ। विधानसभाध्यक्ष श्री महतो ने कहा कि जब राज्य में झामुमो गठबन्धन की सरकार बनी तो राज्य में बिजली का सारा बकाया की वसूली के लिए डीवीसी ने नोटिस जारी किया। कहा कि पैसे नही देने पर बिजली काट दी जाएगी। नही देने पर राज्य का जो राजस्व की राशि होती है, उससे भी काटने की धमकी मिली और अंततः काट ली गई। जिस राशि से पेंशन आवास सहित काम होते है वो राशि काट ली गई ।विधान सभा अध्यक्ष ने कहा कि गोड्डा में अडानी का पावर प्रोजेक्ट बना है। गोड्डा में बिजली का उत्पादन हो रहा है, लेकिन वह बिजली बांग्लादेश को सप्लाई दी जा रही है। झारखंड की जमीन, पानी, कोयला सहित सभी चीजें व्यवहार की जा रही है और राज्य के लोगों को एक दिया जलाने के लिए बिजली नही मिल कर दूसरे देश के लोगों को बिजली दी जा रही है। इसे भाजपा का तानाशाह नही तो और क्या कहेंगे। इसे कभी बर्दास्त नही किया जाएगा। कहा कि अडानी के विरुद्ध जिसने भी आवाज उठाई उन्हें जेल जाना पड़ा। जबकि नियम है कि जिस जगह बिजली का उत्पादन होगा उस क्षेत्र के लोगों को 25 फिसदी बिजली दिया जाना आवश्यक है। भाजपा ने सभी नियमो को ताक मे रख कर गोड्डा में अडानी के पावर प्लांट से बांग्लादेश में सप्लाई करवा रही है। उन्होंने नाम लिए वगैर नाला के पूर्व भाजपा विधायक सह पूर्व कृषि मंत्री को आड़े हाथों लिया। कहा कृषि मंत्री रहते हुए भी एक भी काम नही किया। किसानों के लिए न तो कोल्ड स्टोरेज बनाया और न ही पशुपालन विभाग के भवनों अस्पतालों को बनवाया। जब वह एक विधायक होकर कोल्ड स्टोरेज बनवा सकता है तो कृषि मंत्री होकर नाला विधान सभा क्षेत्र में क्यों नही बनवाया। मौके पर कुंडहित, नाला, फतेहपुर के झामुमो प्रखंड अध्यक्ष, बिजली विभाग के ऐसी, जीएम, कार्यपालक अभियंता सहित विधान सभा क्षेत्र सैकड़ों झामुमो कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

## आगामी पर्व त्यौहारों के मद्देनजर जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने चलाया जांच अभियान

**दैनिक शुभ भास्कर रामगढ़।** आगामी त्योहारों के दौरान जिले वासियों को मिलावटी खाद्य पदार्थों से बचाने के मद्देनजर अभिहित अधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन के निर्देश पर सोमवार को जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी दीप श्री के द्वारा जिले के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच की गई। इस दौरान जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी दिपश्री के द्वारा रामगढ़ शहर अंतर्गत गोपी राम रेस्टोरेंट थाना चौक, राज रसोई चट्टी बाजार, गोपीराम वर्कशॉप गोला रोड, मारवाड़ी होटल वर्कशॉप किसान नगर, शारदा रेस्टोरेंट सुभाष चौक, खुशबू स्वीट्स बस स्टैंड, यादव दूध भंडार बिजुलिया, शालीमार वर्कशॉप किसान नगर, मां भवानी होटल बिजुलिया एवं उमेश स्टोर ब्लॉक चौक में खाद्य पदार्थों, साफ-सफाई सहित अन्य खाद्य सुरक्षा नियमों की जांच की गई। इस दौरान नियमानुसार खाद्य प्रतिष्ठानों का संचालन नहीं करने वाले दुकानदारों/संचालकों से फाइन की वसूली की गई। वहीं विभिन्न प्रतिष्ठानों से मिठाइयों व अन्य खाद्य सामग्रियों का सैंपल भी लिया गया। मौके पर जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने सभी जिले वासियों से त्यौहार के दौरान मिलावटी खाद्य पदार्थों से सावधान रहने की अपील करते हुए लोगों को इससे संबंधित उपायों के प्रति जानकारी दी। वहीं जिला खाद सुरक्षा पदाधिकारी ने खाद्य प्रतिष्ठानों के फूड लाइसेंस व पंजीकरण की भी जांच करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

## आगामी त्यौहारों के मद्देनजर जिला नियंत्रण कक्ष गठित

**दैनिक शुभ भास्कर राजीव सिंह संवाददाता रामगढ़:** आगामी त्योहारों के मद्देनजर जिला प्रशासन, रामगढ़ द्वारा सभी जिलेवासियों से शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण तरीके से पर्व मनाने की अपील की गई है वही त्योहारों को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला नियंत्रण कक्ष का गठन किया गया है। पर्व के दौरान कोई भी व्यक्ति दूरभाष संख्या 06553 222005 पर संपर्क करें किसी भी प्रकार की शिकायत/ जानकारी दे सकते हैं।

# झारखंड के 3900 पुलिसकर्मियों को मिलेगा ASI रैंक में प्रमोशन

**संवाददाता रोहित कुमार रांची :** झारखंड पुलिस के 3900 सिपाही रैंक के पुलिसकर्मियों को एएसआई रैंक में प्रमोशन मिलेगा । इन सभी पुलिसकर्मियों का 15 मार्च से पीटीसी प्रशिक्षण शुरू होगा । आईजी ट्रेनिंग ने इसको लेकर आदेश जारी कर दिया है। झारखंड पुलिस के पांच ट्रेनिंग सेंटर में पुलिस कर्मियों को ट्रेनिंग दी जायेगी. जिनमें जेएपीटीसी पदमा में 1300, सीटीसी मुसाबनी में 1500, जंगल वारफेयर स्कूल में 900, जैप 10 महिला बटालियन में 200 और सभी महिला पुलिसकर्मियों को विस्थापित भवन धुर्वा रांची में पीटीसी प्रशिक्षण दिया जायेगा । आईजी ट्रेनिंग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि यदि 4 अप्रैल 2009 से पूर्व नियुक्त सिपाही प्रशिक्षण के लिए शेष रह गये हैं । तो उन्हें प्रशिक्षण में भेजने से पहले पुलिस मुख्यालय से अनुमति लेनी होगी । अन्यथा ऐसे पुलिसकर्मियों का योगदान प्रशिक्षण संस्थान में स्वीकार नहीं किया जायेगा । यदि पुलिसकर्मी किसी कारण से प्रशिक्षण में योगदान नहीं देते हैं, तो योगदान नहीं देने कारणों का उल्लेख करते हुए कार्यालय आदेश या जिलादेश अंकित कर संबंधित कर्मियों के सेवा पुस्तिका में अंकित किया जाये । इस प्रशिक्षण से होने वाले सभी प्रकार के लाभ और एसीपी, एमएससीपी अगले पद में प्रोन्नति का लाभ प्रशिक्षण उत्तीर्ण होने की तिथि से देय होगा ।




# विज्ञान प्रदर्शनी एवं शहीद वीर जवानों को श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन



**दैनिक शुभ भास्कर गुड्डू पांडे संवाददाता (रामगढ़)**एसबीएम पब्लिक स्कूल सुंदर नगर भुरकुंडा में विज्ञान प्रदर्शनी एवं शहीद वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पण का कार्यक्रम किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि कारगिल योद्धा श्री एसएन यादव एसएन यादव, विशिष्ट अतिथि बासल थाना के सहायक थाना प्रभारी नरेंद्र प्रसाद एवं अन्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि जगतार सिंह , समाजसेवी विश्वरंजन सिन्हा, अनामिका श्रीवास्तव एवं कई गणमान्य हस्तियों ने शिरकत किया. सर्वप्रथम बासल थाना के सहायक थाना प्रभारी श्री नरेंद्र प्रसाद ने विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन फीता काटकर किया. सर्वप्रथम कारगिल योद्धा श्री एसएन यादव के द्वारा शहीद वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पण का कार्यक्रम किया गया, तथा नरेन्द्र प्रसाद ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की, प्रधानाध्यापक आर के शर्मा सचिव श्रीमती इंदु शर्मा और सभी अतिथियों ने श्रद्धांजलि अर्पण किया. इससे संबंधित देशभक्ति डांस भी किए गए. उपरांत बच्चों के द्वारा बनाई गई विज्ञान प्रदर्शनी के लिए बनाए गए प्रतिरूपों का अवलोकन किया गया। जिसका सफल मंच संचालन अविनाश कुमार पाण्डेय ने करते हुए विज्ञान एक वरदान है कि महता को बताया ।जिसमें विद्यालय के बच्चों ने एक से बढ़कर एक विज्ञान से संबंधित प्रतिरूप बनाएं .विज्ञान का महत्व बताते श्री आ.के . शर्मा ने कहा इससे बच्चों में रचनात्मक शक्ति बढ़ती है।श्री मति इंदु शर्मा ने विज्ञान के महत्व के बारे में बताया। इस कार्यक्रम में शिक्षक गुरेन्द्र सिंह , अविनाश कुमार पाण्डेय , हेमंत वर्मा , सुनिल वर्मा ,शिक्षिका नंदिनी वर्मा , रितु , पलविंद्र कौर , संध्या ने अहम योगदान दिया ।

## सीएम के प्रधान सचिव पद से हटाए गए आईएएस राजीव अरुण एक्का, भ्रष्टाचार के आरोपों के बीच संभालेंगे नया विभाग



**संवाददाता रोहित कुमार रांची :** मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का पद से हटा दिए गए हैं। उन्हें पंचायती राज विभाग का प्रधान सचिव बनाया गया है। रविवार देर रात कार्मिक विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी की। एक्का के पास सूचना एवं जनसंपर्क और गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के प्रधान सचिव का भी अतिरिक्त प्रभार था।इससे पहले दिन में पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने एक्का के खिलाफ भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए थे। प्रदेश भाजपा कार्यालय में उन्होंने आरोपों से संबंधित एक वीडियो क्लिप भी जारी किया, जिसमें एक्का फाइलों पर हस्ताक्षर करते दिख रहे हैं। वहीं, उनके बगल में खड़ी एक महिला फाइल आगे बढ़ा रही है। भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी का आरोप है कि एक्का अरगोड़ा चौक में विशाल चौधरी नामक एक व्यक्ति के निजी कार्यालय में बैठकर सरकारी फाइलें निपटाते हैं। उनको फाइल दे रही महिला सरकारी कर्मी भी नहीं है। वीडियो में किसी काम को लेकर पैसे के बारे में पूछा जा रहा है। भाजपा का एक उच्चस्तरीय शिष्टमंडल राज्यपाल से मुलाकात कर अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करेगा।उन्होंने सीबीआई जांच की मांग करते हुए कहा कि वे ईडी से भी शिकायत करेंगे। सरकार तत्काल उन्हें पद से हटाए। उन्होंने मुख्य सचिव से भी कार्रवाई का आग्रह किया। बाबूलाल मरांडी ने इस प्रकरण में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद का हवाला देते हुए कहा कि उन्होंने गलत करने वालों को संरक्षण दिया, जिसकी सजा भुगत रहे हैं।बाबूलाल मरांडी के आरोपों के बाद सियासी गलियारे में हड़कंप मचा है। इसे लेकर चचाओं का बाजार भी गर्म रहा। यह देखा जा रहा था कि भ्रष्टाचार के आरोपों के बाद सरकार क्या निर्णय लेती है। उच्चस्तर पर विमर्श के बाद रविवार को सरकारी अवकाश के बावजूद राज्य सरकार ने राजीव अरुण एक्का को हटाने का निर्णय किया।

## राधा गोविंद विश्वविद्यालय में हुआ रंगोत्सव कार्यक्रम




**दैनिक शुभ भास्कर रामगढ़।** राधा गोविंद विश्वविद्यालय प्रांगण में सोमवार को होली मिलन समारोह मनाया गया। मुख्य अतिथि के रुप में विश्वविद्यालय के माननीय कुलाधिपति बी.एन.साह उपस्थित थे। उन्होंने सभी को होली की शुभकामनाएं दी और अपने संबोधन में कहा कि होली हमारे समाज में एकता, शांति, प्रेम और खुशी का प्रतीक है। यह आपस में भाईचारे को बढ़ावा देती है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को सलाह देते हुए कहा कि जल जीवन का आधार है। इसलिए पानी की बबार्दी करके होली ना खेलें। इसके लिए सूखे व प्राकृतिक रंगों का प्रयोग करें। साथ ही, विश्वविद्यालय परिसर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिक्षा स्वास्थ्य ट्रस्ट की सचिव सुश्री प्रियंका कुमारी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में सभी को अग्रिम बधाई दी और देश के उत्थान में महिलाओं द्वारा दिए गए योगदान पर चर्चा की। मौके पर बाहर से आई हुई गायन मंडली ने फगुआ गीत गाकर सभी को आनंदित किया एवं विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने होली पर आयोजित कार्यक्रम में एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ एक-दूसरे को रंग लगाया और शिक्षकों से आशीर्वाद प्राप्त किया। विश्वविद्यालय प्रबंधन द्वारा पारंपरिक भोजन की भी व्यवस्था की गई थी। इस शुभ अवसर पर श्रीमती कुलाधिपति महोदया फूलमती देवी, विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. निर्मल कुमार मंडल, मीडिया प्रभारी डॉ. संजय सिंह, सभी विभाग के विभागाध्यक्ष, व्याख्यातागण, विद्यार्थीगण व शिक्षकेतर कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## दोरंगी नीति अपना रही रामगढ़ जिला प्रशासन: दिलीप दांगी



**दैनिक शुभ भास्कररामगढ़।**आजसू पार्टी के रामगढ़ जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी ने जिला प्रशासन के कार्यशैली पर सवाल उठाया है। सोमवार को जारी अपने बयान में दिलीप दांगी ने कहा कि रामगढ़ जिला प्रशासन दोरंगी नीति अपना रही है। उप चुनाव का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इसमें जोर आजमा रहे सभी प्रत्याशियों को प्रशासन ने सुरक्षा मुहैया करवाया था, लेकिन यह सुविधा एनडीए की महिला प्रत्याशी सुनीता देवी को नहीं उपलब्ध करवाया गया। यही नहीं, अब वो रामगढ़ विधानसभा का उप चुनाव जीत कर विधायक बन गई हैं, इसके बावजूद प्रशासन ने उनकी सुरक्षा के लिए कोई पहल नहीं, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। दिलीप दांगी ने कहा कि यह सब राज्य सरकार के इशारे पर हो रहा है। जिला परिषद अध्यक्ष सुधा चौधरी और जिप उपाध्यक्ष रीता देवी को भी अब तक सुरक्षा व्यवस्था नहीं करवाया जाना, सरकार की ओछी मानसिकता को दशार्ता है। आजसू पार्टी के बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी भी इस व्यवस्था का दंश झेल रहे हैं। दिलीप दांगी ने कहा कि जनता के चुने हुए प्रतिनिधियों के साथ भेदभाव का यह खेल पूरा जिला देख रहा है। आने वाले चुनाव में आम आवाम इसका मुंहतोड़ जवाब देगी। दिलीप दांगी ने कहा कि यदि जिला प्रशासन ने जल्द विधायक सुनीता देवी के साथ जिला परिषद अध्यक्ष सुधा चौधरी, जिप उपाध्यक्ष रीता देवी और रोशनलाल चौधरी को सुरक्षा मुहैया करवाया तो आजसू इन सारे तथ्यों को जनता की अदालत में ले जाएगा।

## रंगों से सराबोर हुए पीसीआर सदस्य- पीसीआर भवन में होली मिलन समारोह का आयोजन



**दैनिक शुभ भास्कर राजीव सिंह संवाददाता रामगढ़।** रंगों के त्योहार होली पर पीसीआर सदस्यों ने खूब रंग गुलाल उड़ाया। प्रेस क्लब रामगढ़ के भवन में सोमवार को होली की पूर्व संध्या पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में पिछले कुछ माह में पीसीआर से जुड़े कई सदस्यों ने अपने परिजनों को खोया है उन सभी की आत्मा की शांति के लिए मौन रखकर प्रार्थना की गई। होली मिलन समारोह का आगाज करते हुए क्लब के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने कहा कि होली का त्योहार आपस में प्रेम और भाईचारगी बढ़ाने वाला त्योहार है। दिन भर समाज के लिए व्यस्त रहने वाले पत्रकारों के लिए इस तरह का आयोजन जरूरी है। प्रेस क्लब रामगढ़ के सदस्यों के क्लब आए दिन ऐसे आयोजन करते रहता हैं। अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने सभी सदस्यों को गुलाल लगाकर होली मिलन कार्यक्रम की शुरूआत किया। सभी सदस्यों में एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दिया। इसके बाद खूब रंग गुलाल उड़ाया गया। कार्यक्रम के बाद सभी लोग सामूहिक रूप से स्वरूचि भोज का आनंद लिए। कार्यक्रम में सचिव योगेंद्र कुमार सिन्हा, सह सचिव दीपक प्रसाद, कोषाध्यक्ष तरुण बागी, कार्यकारणी सदस्य दुर्वेश आलम, विनीत कुमार, मो वलीउल्लाह, मनोहर लहरी के अलावा दिलीप सिंह, धनेश्वर प्रसाद, राकेश पांडेय, अशोक मेहता, प्रदीप राज बबलू, संजय शुक्ला, अमरजीत कुमार, सुरेंद्र सिंह भाटिया, धर्मेंद्र पटेल, रितेश कश्यप, अरविंद वर्मा, प्रदीप बर्मन, सत्यप्रकाश वर्मन, मनोज मिश्र, ओम प्रकाश गुप्ता, मोतीउल्लाह, तारकेश्वर, सौरव सिंह, हीरा सिंह, राहुल कुमार, जाकिर हुसैन, पंकज सोनी, आशीष सिंह, अजय कुमार, सुनील यादव आदि मौजूद थे।

## होली पर्व को भुरकुंडा ओपी व बासल थाना में शांति समिति की हुई बैठक



दैनिक शुभ भास्कर राजेश सिंह संवाददाता भुरकुंडा (रामगढ़)-होली पर्व व शब-ए-बारात को ले भुरकुंडा ओपी और बासल थाना में सोमवार को शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में होली पर्व आपसी भाईचारगी व सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया। भुरकुंडा ओपी में बैठक की अध्यक्षता ओपी प्रभारी अमित कुमार ने करते हुए कहा कि होली आपसी भाईचारगी व प्रेम का संदेश देता है। इसे मिल-जुलकर मनाएं। दोनो लगहों पर बैठक में उपस्थित लोगों से किसी भी तरह के अफवाहों बचने व अप्रिय घटना की सूचना पर तत्काल पुलिस को सूचित करने की अपील की गई। साथ ही विधि-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस को मदद करने की भी अपील की गई। मौके पर एसआई अक्षय कुमार, एसआई मयंक कुमार, एसआई रामसरीख तिवारी, चमन लाल, जगतार सिंह, संजय मिश्रा, संजय वर्मा, मुकेश राउत सहित दर्जनों लोग मौजूद थे। बासल थाना में बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी अमर शुक्ला ने करते हुए कहा कि पर्व के दौरान पुलिस गश्ती तेज की जाएगी। इस दौरान हुड़दंगियों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। बासल थाना की बैठक में एएसआई नरेंद्र प्रसाद, मुखिया विजय मुंडा व मुखिया संदीप उरांव, समाजसेवी नंदकिशोर मुडा, सुखलाल बेदिया, मो. क्युम अंसारी, विनोद कुमार, राजकुमार मुंडा, चरेंद्र बेदिया, राजकुमार ठाकुर, डोमन महतो, रतन प्रसाद बासुदेव महतो, राम नरेश महतो सहित दर्जनों लोग मौजूद थें।

## कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया

**दैनिक शुभ भास्कर राजीव सिंह संवाददाता**

रामगढ़।झारखंड प्रदेश कांग्रेश कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निदेर्शानुसार एलआईसी ऑफिस के कार्यालय के समक्ष रामगढ़ जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुन्ना पासवान के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया अडानी समूह के संघ भाजपा सरकार की यारी से लोगों का पैसा एलआईसी और एसबीआई में डूबने की आशंका व्यक्त की जा रही है एलआईसी के करोड़ों के पॉलिसी धारकों द्वारा कमाया गया सारा लाभ जो अब हम सभी जानते हैं कि स्टॉक मार्केट में हेरफेर और मनी लॉन्ड्रिंग के कारण हुआ था उस सारे लाभ का सफाया हो गया एलआईसी को एक बहुत बड़ा नुकसान हुआ है इसके लिए प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री जिम्मेदार हैं कांग्रेस पार्टी किसके खिलाफ प्रखंड से पंचायत तक जागरूकता चलाने के लिए कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम तय किया है भाजपा सरकार की अडानी के पक्ष में क्रोनी कैपिटल रीजन की नीति से वाकिफ है गहरे आर्थिक संकट में समय मैं भाजपा सरकार देश के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचों को अडानी समूह को बेच रही है एसबीआई और एलआईसी जैसे सार्वजनिक संस्थाओं को निवेश करने के लिए मजबूर कर रही है जिससे गरीब और मध्यम वर्ग के भारतीयों की करोड़ों की बचत जोखिम में है विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर अध्यक्ष बलराम साहू ,शहजाद खान दाविश खान, सलीम खान रोहित यादव, राजू मालाकार राव राम, यूनुस खान, साकिब खान, राजू मालाकर, नकुल महतो ,अनिल राम सहित सैकड़ों कांग्रेसी नेता गण उपस्थित रहे !



## झारखंड में कहा कहा फैला है भ्रष्टाचार का जाल- 17 इंजीनियर और पांच ठेकेदार अब ईडी के निशाने पर




**संवाददाता रोहित कुमार रांची।** सवा सौ करोड़ की अवैध चल-अचल संपत्ति के मालिक निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम की कड़ी में कई और नाम जुड़ेंगे। वीरेंद्र राम के करीबी रामपुकार राम के यहां भी ईडी को ढेरों दस्तावेज मिले हैं। अब इस कार्रवाई की जद में 17 इंजीनियर और पांच ठेकेदार हैं। जानकारी के मुताबिक ईडी कई महीने से इनकी गतिविधियों पर निगाह रख रही है। इनके फोन सर्विलांस पर हैं। पर्याप्त सबूत भी जुटाए जा चुके हैं। अधिकारियों की हरी झंडी मिलते ही कार्रवाई की प्रक्रिया को अंजाम दिया जाएगा।वीरेंद्र राम की काली कमाई में बड़ा योगदान एक प्रमोटी आइएएस अधिकारी का रहा है। वह भी जांच के दायरे में रहेंगे। कई महत्वपूर्ण पदों पर सेवा दे चुके इस आइएएस अधिकारी ने अपने कार्यकाल में वीरेंद्र राम को संरक्षण दिया। मनपसंद लोगों को काम देने में उनके नियमों की अवहेलना करने में वीरेंद्र राम का साथ दिया।जो पांच ठेकेदार रडार पर हैं, उनमें तीन जल संसाधन विभाग, रांची के हैं। इसके अलावा दो ठेकेदार पेयजल स्वच्छता विभाग में धनबाद और चाईबासा में बड़े पैमाने पर सक्रिय हैं। इनके खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) से लेकर पीएमओ तक पूर्व में शिकायत भेजी गई थी।

# जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर का 10 दिवसीय लोकस ऐप का प्रशिक्षण हुआ संपन्न

**दैनिक शुभ भास्कर मोहन मंडल कुंडहित (जामताड़ा)**

सोमवार को प्रखंड परिसर स्थित समुदाय संचालित प्रशिक्षण केंद्र में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर का 10 दिवसीय लोकस ऐप का प्रशिक्षण संपन्न हुआ। मौके पर जेएसएलपीएस राज्य स्तरीय पीई प्रोग्राम एग्जेक्युटिव एमआईएस अभिनव कुमार द्वारा प्रशिक्षित जामताड़ा जिला से 30 मास्टर ट्रेनर को लोकस एप्लीकेशन पर ट्रेनिंग दिया गया । कहा की लोकस एप्लीकेशन द्वारा समूह के पुस्तक-संचालन का काम डिजिटली हो पायेगा। झारखंड के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में सखीमंडल से जुड़कर यह महिलाएं इस मुकाम तक पहुंच कर काफी खुश है और अब अपने राज्य ही नहीं देश के अन्य राज्यों में भी नेशनल कम्युनिटी रिसोर्स पर्सन बन प्रशिक्षण दे पाने में सक्षम बन गई है। कहा कि पिछले महीने आयोजित 10दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को लोकस एप से जुड़ी विभिन्न जानकारियां प्रैक्टिकल माध्यम से दी गई थी। इसके बाद चयनित प्रतिभागियों के लिए ब्रीफिंग सेशन का आयोजन किया गया ,ताकि ट्रेनिंग से जुड़ी किसी प्रकार के सवालों को दूर किया जाए और पहली बार प्रशिक्षण देने बाहर जा रहे लोगो को कोई कठिनाई न हो। राज्य स्तरीय पीई प्रोग्राम एग्जेक्युटिव एमआईएस अभिनव कुमार की उपस्थिति में सभी छः प्रखंडों से लोकस एप का प्रशिक्षण प्राप्त किये कैडरों का लिखित परीक्षा लिया गया एवं सभी प्रशिक्षणार्थियों से बारी बारी कर मौखिक तार्किक क्षमता का परीक्षा लिया गया। जिसमें ट्रेनर के रूप में कार्यरत बीएपी नूर आलम एवं नूर जमाल शेख एवं बीपीएम विशेश्वर माझी ब्लॉक एडमिन सौरभ भारत एवं डीईओ लोकोस एप मास्टर ट्रेनर उपस्थित थे ।



## ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल में होली मिलन समारोह आयोजित



**दैनिक शुभ भास्कर मुरारी मंडल जामताड़ा**

देवघर प्रखंड के रोहिणी रोड स्थित कोरियासा मोहल्ला में स्थित ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल में सोमवार को होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें शिक्षक-शिक्षिका और बच्चे रंग गुलाल से सराबोर रहे। इस मौके पर बच्चे शिक्षक-शिक्षिकाओं को अबीर लगाकर तथा उनका पैर छूकर आशीर्वाद लिया। स्कूल के निदेशक मुरारी मंडल और प्रधानाध्यापक सुप्रिया मेम सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बच्चों को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। प्रधानाध्यापक प्रधानाध्यापिका सुप्रिया मेम ने कहा कि होली प्रेम, हर्ष, उल्लास को प्रकट करने का मौका होता है।आपस में हम सभी होली मिलकर मनाएं।इस मौके पर शिक्षकों के द्वारा मिठाइयां भी बांटी गई। मौके पर शिक्षिका पिंकी देवी,रूबी कुमारी, मीणा देवी, शिक्षक संदीप यादव संतोष श्रीवास्तव सहित काफी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## कटिहार के शरीफगंज में फांसी लगाकर नाबालिक ने किया आत्महत्या, पुलिस जुटी जांच में



**दैनिक शुभ भास्कर की रिपोट**

कटिहार बिहार सहायक थाना क्षेत्र के शरीफगंज में हुए इस मामले के बारे में मृतिका नाबालिक के परिजन ने बताया कि मृतिका का मानसिक स्थिति ठीक नहीं था। इसी कारण उन्होंने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली बताया जा रहा है कि मृतिका का घर बेगूसराय है और वह अपने मामा के घर रह कर पढ़ाई लिखाई करती थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची शव का पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं इस घटना के अनुसंधान में पुलिस जुटी है।

# नशे के धंधे में लेनदेन को लेकर चचेरे भाई को मारी गोली, रेफर

**दैनिक शुभ भास्कर की रिपोट**

भागलपुर बिहार के लोदीपुर थाना क्षेत्र के जिच्छों गांव में युवक को गोली मार दी गई। जिससे युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है कि चचेरे भाई ने ही भाई को गोली मारकर घायल कर दिया। जिछो के रहने वाले विपिन यादव को गोली मारकर घायल कर दिया ब्राऊन शुगर की खरीद बिक्री को लेकर युवक को गोली मार दी गई घायल को मायागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी स्थिति गम्भीर देखते हुए उसे पटना रेफर कर दिया गया प्राइवेट जॉब करता है युवक घायल युवक के भाई ने बताया की चचेरे भाई लक्ष्मण यादव ने ही गोली मारी है छोटे भाई ने गांव के एक युवक सज्जन भगत पर हथियार देने का आरोप लगाया है। उसने बताया कि विपिन कोयला डिपो से काम कर वापस घर आ रहा था। इस दौरान लक्ष्मण यादव एवं अन्य



दो-तीन लोगों उसे रोक कर उसके ऊपर तीन गोली चला दी। युवक को एक गोली सीने में लग गई। नशे के कारोबार को लेकर चली है गोली वहीं ग्रामीणों की माने तो सज्जन भगत, लक्ष्मण यादव एवं विपिन यादव के बीच नशे के कारोबार को लेकर विवाद चल रहा था। पैसे के लेनदेन में गोली चलाने की बात सामने आ रही। वहीं स्थानीय थाना के द्वारा पूरे मामले की जांच की जा रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि जल्द ही अपराधी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## होली व शब ए बारात को लेकर प्रशासन मुस्तैद, डीआईजी ने कहा शांति व सौहार्द भाईचारे के साथ मनाएं पर्व

**दैनिक शुभ भास्कर विवेक कुमार की रिपोट**



भागलपुर बिहार होली और सब ए बारात को लेकर डीआईजी विवेकानंद ने बताया कि हर जगह पुलिस बल के साथ साथ मजिस्ट्रेट बहाल कर दिए गए हैं दोनों पर शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराया जाएगा साथ ही साथ उन्होंने कहा होली पर पिछले वर्ष जहरीली शराब की खेप आने से कई लोग मृत्यु के शिकार हो गए थे इस पर विशेष पहल करते हुए सभी बॉर्डर इलाकों पर चौक चौबंद व्यवस्था करते हुए हर आने जाने वाली गाड़ियों का निरीक्षण किया जा रहा है जिससे बाहर से जहरीली शराब ना आ सके और पिछले बार की तरह ऐसी दुर्घटना ना हो कई जगहों पर केमिकल को लेकर के भी जांच किया जा रहा है क्योंकि कुछ लोग केमिकल मिलाकर शराब बनाते हैं जिससे शराब जहरीली हो जाती और लोगों की मौत हो जाती है वही डीआईजी विवेकानंद ने शहरवासियों से अपील करते हुए कहा कि भागलपुर बांका नवगछिया जैसे जगहों के लोगों से हमारी अपील है शांति व सौहार्द साथ ही साथ भाईचारे के साथ पर्व मनाए और शराब से दूर रहें।

# वरीय पुलिस अधीक्षक ने तीन मामलों का खुलासा

**दैनिक शुभ भास्कर आनंद कुमार की रिपोट**

बिहार भागलपुर वरीय पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार ने आदित्य मामले को लेकर प्रेस वार्ता में कई जानकारियां दी उन्होंने बताया 23 फरवरी को रात्रि में सुल्तानगंज थानान्तर्गत तिलकपुर में संगिता सिंह पति अजय कुमार सिंह के घर में घुसकर तीन अज्ञात अपराधकर्मी द्वारा मोबाईल एवं जेवर लूट लिया गया, जिस संदर्भ में सुल्तानगंज थाना में केस दर्ज किया गया था जिस कांड में वरीय पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार के निर्देश पर डॉ गौरव कुमार, पुलिस उपाधीक्षक विधि-व्यवस्था भागलपुर के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन कर तकनिकी अनुसंधान एवं आसूचना के आधार पर घटना में लूटा गया दोनो मोबाईल ग्राम पिलीदरी बिन्द टोला निवासी अंकित कुमार और रजनीश कुमार पास से बरामद कर लिया गया है एवं



दोनो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया है तथा इस कांड में शामिल अन्य अभियुक्तों का पहचान कर लिया गया है। जिसकी गिरफ्तारी एंव शेष लूटे हुए सामान की बरामदगी का प्रयास किया जा रहा है वहीं दूसरे मामले में अवैध बालू के खनन एवं परिवहन पर पूर्णतः रोकथाम हेतु अवैध खनन एवं परिवहन तथा ओवरलोडिंग में संलिप्त खनन माफियाओं के विरूद्ध बड़ी कार्रवाई हेतु वरीय पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार के द्वारा गुप्त सूचना मिलि किं जगदीशपुर - गोराडीह की सीमा पर ग्राम भरोखर, सारथ एवं बड़ी दोस्तनी में खनन माफियाओं के द्वारा अवैध खनन एवं परिवहन किया जा रहा है, जिस खनन माफियाओं के विरूद्ध अविलम्ब कार्रवाई करने का निर्देश प्राप्त हुआ। उक्त निर्देश के आलोक में 5 मार्च की रात्रि में पुलिस उपाधीक्षक विधि-व्यवस्था भागलपुर डॉ गौरव कुमार के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन करते हुए ग्राम बड़ी दोस्तनी से खनन माफियाओं द्वारा अवैध रूप से ट्रैक्टर द्वारा अवैध बालू के खनन करने में प्रयोग किये जा रहे कुल 06 बालू लोड ट्रैक्टर को जप्त किया गया है। वहीं तीसरे मामले में जगदीशपुर (बायपास टी०ओ०पी०) अन्तर्गत दिनांक 05 मार्च को सूचना मिली की उजले रंग के वाहन में लादकर विदेशी शराब झारखण्ड के हंसडीहा से भागलपुर के रास्ते से होते हुए नवगछिया की तरफ जानेवाली है। वायपास टी०ओ०पी० के पास वाहन चेकिंग करना प्रारंभ किया। वाहन चेकिंग के क्रम में 07:00 बजे सुबह तकनिकी टीम ने सूचित किया दोनो पिकअप बायपास पहुँच रहा है। सभी सशस्त्र बल के सहयोग से दोनों पिकअप को रोका गया तो जिसमें एक पिकअप चालक भागने का प्रयास किया जिसे सशस्त्र बल के सहयोग से तीन युवको को पकड़ा गया। तत्पश्चात वाहन में शराब के कॉर्टून के उपर आलू एवं प्याज का बोस लदा हुआ वाहनों को विधिवत जात करते हुए एक पिकअप पर 668.50 लीटर ब्लू गोल्ड एवं दूसरे पिकअप पर 90 लीटर ब्लू गोल्ड अंग्रेजी शराब बरामद किया गया'

## आभा मुक्तापुर गाँव में दो दिन पुर्व सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत पर परिजनों एंव ग्रामीणों ने बाथ थाना पहुचकर हंगामा करते हुए दोस्तों के द्वारा हत्या का आरोप लगाते हुए न्याय का लगाया गुहार


**दैनिक शुभ भास्कर प्रभात कुमार मिश्रा की रिपोट**



बिहार भागलपुर जिले के सुलतानगंज प्रखंड के बाथ थाना क्षेत्र के आभा मुक्तापुर गाँव के समिप दो दिन पुर्व सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत के मामले में परिजन एंव ग्रामीणों ने बाथ थाना पहुंचकर जमकर हंगामा करते हुए कहा कि सड़क दुर्घटना में सौरभ कुमार एंव नीतीश कुमार की मौत नहीं हुई है सौरभ कुमार व नीतीश कुमार के दोस्तों द्वारा हत्या कर दिया गया है इसके लिए परिजनों ने पांच दोस्तों के नाम देकर आरोप लगाया है कि इन्ही लोगों के द्वारा हत्या कर दिया गया है और षडयंत्र के तहत सड़क दुर्घटना का रुप दिया गया है इसके उचित कानूनी कार्रवाई करते न्याय का गुहार लगाया गया है वही थानाध्यक्ष कन्हैया कुमार झा ने परिजनों को समझाते हुए उचित न्याय की बात कही है'

## होली को लेकर पुलिस ने कई शराब कारोबारियों के कई जगहों पर की छापेमारी, 4 लोगों को किया गिरफ्तार

**दैनिक शुभ भास्कर की रिपोट**



भागलपुर बिहार होली को लेकर पुलिस के द्वारा लगातार शराब कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में हबीबपुर थाना क्षेत्र के करोड़ी बाजार में वरीय पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार के आदेश पर सीआईटी की चार टीमों के द्वारा छापेमारी कर कई घरों से भारी संख्या में देशी शराब और महुआ सहित देशी शराब बनाने में काम आने वाले दवा के साथ-साथ चार लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। वही कई शराब कारोबारी पुलिस को देख कर फरार हो गए। वही बरामद शराब को वहीं पर नष्ट कर दिया गया। होली को देखते हुए भारी मात्रा में यहां पर शराब बनाई गई थी और होली में इसे खपाने की तैयारी की गई थी। लेकिन वरीय पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के बाद बड़ी कार्रवाई की गई है।

# मांझा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक में एक दूसरे को रंग अबीर गुलाल लगाकर समारोह पूर्वक होली मनाई गई - प्रमोद कुमार पटेल प्रदेश सचिव

**दैनिक शुभ भास्कर जिला ब्यूरो शैलेश कुमार तिवारी की रिपोर्ट**

गोपालगंज बिहार मांझा प्रखंड मुख्यालय मांझा गढ़ थाना परिसर में शब ए बरात, होलिका दहन, एवं होली पर्व को शांतिपूर्ण प्रेम और भाईचारा के साथ मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में थाना अध्यक्ष विशाल आनंद ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों से शांतिपूर्ण सभी पर्व मनाने का अपील किया और कहां की होली में डीजे नहीं बजाना है। वही प्रखंड विकास पदाधिकारी बिट्टू कुमार राम कहा कि होली रंगों का त्योहार है हिंदू मुस्लिम दोनों भाई मिलकर नशा मुक्त होली मनाएं और शांति व्यवस्था बनाए रखें, अंचल अधिकारी सुश्री अर्चिता भारती ने कहा कि प्रशासन आपके सेवा में तत्पर है शांति व्यवस्था में आप सभी सहयोग करें और अश्लीलता फूहड़ गानों का बहिष्कार करें सभी एक दूसरे का सम्मान करें। जदयू प्रदेश सचिव सह स्थानीय पूर्व जिला पार्षद



प्रमोद कुमार पटेल ने कहा कि स्नेही देवियों और सज्जनों आप सबको होली की रंगभरी बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं होली हिंदुओं का रंग भरा खूबसूरत त्यौहार है जो सबको लुभाता है होलिका दहन बुराई पर अच्छाई का अहंकार पर प्रेम का असत्य पर सत्य का अधर्म पर धर्म का प्रतीक पर्व है, भक्त पहलाद ने श्री हरि विष्णु भगवान का भक्त थे और हिरण कश्यप भक्त प्रहलाद के पिता अपने आप को भगवान कहता था जो भक्त पहलाद को जलाने के लिए अपने बहन होलिका को कहा कि अपने साथ लेकर अपने गोद में आग की चिता पर बैठ गई। पहलाद ईश्वर का स्मरण करने लगे इसी बीच दुष्ट प्रकृति की होलीका जलकर राख हो गई और भक्त पहलाद जीवित रह गए उसी दिन से बुराई रूपी होलिका का जलाया जाता है। हम आप सब से अपील करेंगे की होलिका दहन के रूप में आप अपने अंदर क्रोध द्वेष जलन अहंकार एक दूसरे के प्रति नफरत को जलाकर नष्ट कर अपने अंदर प्रेम भाईचारा और ईश्वर भक्ति को स्थापित करें। बैठक के बाद रंग गुलाल अबीर के साथ सभी को थाना प्रभारी के तरफ से पुआ का भोज दिया गया और सभी लोग एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं और बधाइयां दी। होली मिलन में थानाध्यक्ष विशाल आनंद, प्रखंड विकास पदाधिकारी बिट्टू कुमार राम, अंचल अधिकारी अर्चिता भारती, जदयू प्रदेश सचिव सह पूर्व जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार पटेल, एस आई रविकांत दुबे, जितेंद्र सिंह यादव, विमल पासवान, पूर्व मुखिया रंजन सिंह, अमरेंद्र कुमार बारी, अब्दुल अहद, राधारमण मिश्र, अवधेश प्रसाद, व्यास मुनि शाही, पत्रकार राजेश प्रसाद, राजन पांडे, सुधीश लाल श्रीवास्तव, मुखिया विनोद साहनी, सत्येंद्र गुप्ता, शाहिद अंसारी, राजकुमार प्रसाद, उपेंद्र प्रसाद, आलमगीर मियां, बुचुन मिया, किताब उद्दीन मियां, मुन्ना सिंह, परवेज आलम सहित सैकड़ों जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों ने एक दूसरे को रंग गुलाल अबीर लगाकर होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## पूर्व डिप्टी सीएम के पिता के श्राद्ध कर्म में तमिलनाडु मुद्दे पर जमकर बरसे प्रतिपक्ष नेता सम्राट चौधरी

**दैनिक शुभ भास्कर जिला चीफ ब्यूरो रूपेश मिश्रा की रिपोट**

कटिहार बिहार प्रदेश की राजधानी से पटना से लगभग 300 किलोमीटर दूर सीमांचल के शहर कटिहार में आज बिहार के दिग्गज नेताओं का जमावड़ा लगा रहा, कटिहार मिर्चाईबारी स्थित जीबी निकेतन में कल प्रदेश के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पूर्व डिप्टी सीएम तार किशोर प्रसाद के पिता गंगा प्रसाद के श्राद्ध कर्म में शामिल हुए थे और आज डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव के अलावे सत्ता और विपक्ष के दिग्गज राजनेताओं का जमावड़ा कटिहार में श्राद्ध कर्म में शामिल होनी को लेकर लगा रहा, इस बीच जब नेताओ से तमिलनाडु मुद्दे पर सवाल पूछा गया तो राजद के तरफ से मृत्युंजय तिवारी ने कमान संभालते हुए इशारों इशारों में इसे भाजपा प्रायोजित बता दिया, उन्होंने कहा सरकार इस मामले पर पहले ही गंभीरता दिखा चुकी है फिर भी भाजपा बेवजह इसे मुद्दा बना रहे हैं, वही नेता प्रतिपक्ष सम्राट चौधरी



तमिलनाडु मुद्दे पर सरकार पर जमकर बरसते दिखे, दोनों पक्षो ने इन सबके बावजूद राजनीतिक शुचिता के पाठ पढ़ाते हुए श्राद्ध कर्म में शामिल हो कर पूर्व डिप्टी सीएम तार किशोर प्रसाद के पिता गंगा प्रसाद के श्रद्धांजलि देते हुए उनकी आत्मा की शांति की कामना किया। मृत्युंजय तिवारी (राजद, प्रवक्ता) सम्राट चौधरी (नेता प्रतिपक्ष)

## राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता के संदेश के साथ सूचना एवं प्रसरण मंत्रालय का तीन दिवसीय फोटो प्रदर्शनी कार्यक्रम का रंगारंग समापान

फारबिसगंज : सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो, पटना तथा दरभंगा द्वारा फारबिसगंज के द्विजदेनी स्मारक उच्च विद्यालय मैदान में बीते तीन दिनों से आयोजित हो रहे आजादी का अमृत महोत्सव के तहत फोटो प्रदर्शनी सह जागरूकता कार्यक्रम का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ समापन हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर अररिया के जिला परिषद अध्यक्ष मो. आफताब अजीम उर्फ पप्पू अजीम शामिल हुए। मौके पर अररिया के जिला परिषद सदस्य सत्यनारायण यादव, एसएसबी 52वीं बटालियन, पूर्णिया के डिप्टी कमांडेंट (मेडिकल) डॉ अभिषेक कुमार, सीआरपीएफ 215 बटालियन, जमुई के कमांडिंग ऑफिसर शाहनवाज खान, जागरण कल्याण भारती के अध्यक्ष संजय कुमार शर्मा, कैलाश सत्यार्थी फाउंडेशन के सुकेश श्रीवास्तव सहित केंद्रीय संचार ब्यूरो, पटना के कार्यालय प्रमुख सह क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी मनीष कुमार, कार्यक्रम प्रमुख सह क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी पवन कुमार सिन्हा, सहायक क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी अमरेंद्र मोहन तथा केंद्रीय संचार ब्यूरो, दरभंगा के सहायक क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी मिहिर कुमार झा मौजूद थें समापन समारोह को संबोधित करते हुए अररिया के जिला परिषद अध्यक्ष मो. आफताब अजीम ने कहा कि यह प्रदर्शनी वास्तव में राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता का प्रतीक है। देश को आजाद कराने में जिन वीर सपूतों ने हंसते-हंसते अपनी जान देश के लिए कुर्बान किए हैं, खास कर वे गुमनाम स्वतंत्रता सेनानी जिन्हें इतिहास में भुला दिया गया था, उन सभी के बारे में लोगों को फोटो प्रदर्शनी के माध्यम से बताने और दिखाने के लिए मैं माननीय प्रधानमंत्री एवं सूचना प्रसारण मंत्रालय का तहे दिल से शुक्रिया अदा करता हूं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में यह देश तेजी से विकास कर रहा है। जिन गरीब लोगों के सिर पर झोपड़ियां थी, वह आज पक्के मकान में तब्दील हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि गरीबी उन्मूलन की दिशा में केंद्र सरकार के द्वारा कई योजनाएं



चलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के फोटो प्रदर्शनी के आयोजन कर लोगों को यह जानकारी देने का प्रयास किया जा रहा है कि केंद्र सरकार किस दिशा में देश को आगे बढ़ा रही है। केंद्र सरकार की इस प्रकार की पहल बेहद सराहनीय है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय संचार ब्यूरो, पटना के कार्यक्रम प्रमुख पवन कुमार सिन्हा ने कहा कि बीते तीन दिनों में हमलोगों ने फारबिसगंज की जनता को देश की आजादी के घटनाक्रमों, गुमनाम नायकों, केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं, केंद्रीय बजट, जी 20 तथा मिलेटस वर्ष आदि के बारे में फोटो प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, विभागीय स्टालों तथा विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं के माध्यम से जानकारी देने का सफल प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि हमारा विभाग इसी प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से केंद्र सरकार नीतियों एवं उपलब्धियों के बारे में आमजनों को जागरूक करता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय संचार ब्यूरो, पटना के कार्यालय प्रमुख मनीष कुमार ने कहा कि इस प्रदर्शनी के माध्यम से केंद्र सरकार के बीते 8 वर्षों के दौरान चलाई जा रही योजनाओं और उनकी उपलब्धियों के बारे में लोगों को बताया गया है। पुरस्कार वितरण- मालूम हो कि 03 मार्च को फारबिसगंज के मिथिला पब्लिक स्कूल के छात्र- छात्राओं के बीच चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। आज के समापन समारोह में चित्रांकन प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवम तृतीय स्थान पर रहे क्रमशः दिव्यांशी कुमारी, मानवी सिंह एवं क्रीति कुमारी को पुरस्कृत किया गया। अनुप्रिया को सांत्वना पुरस्कार दिया गया है। सभी विद्यार्थी कक्षा 7 के हैं। अतिथियों ने सभी को शील्ड एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम स्थल पर आज भी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सही जवाब देने वाले प्रतिभागियों को मौके पर पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन के दिन जेनिथ पब्लिक स्कूल की छात्राओं के समूह के द्वारा सुंदर नृत्य की प्रस्तुति की गई थी। उस समूह के सभी छात्राओं सहित डांस टीचर को मुख्य अतिथि ने प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। आज के समापन समारोह में भी जेनिथ पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने शिरकत कर देश भक्ति गीत पर सुंदर प्रकृति की। सांस्कृतिक दल के कलाकारों ने भी गीत एवम नृत्य की प्रस्तुति की। सभी स्टॉलों के प्रभारियों को किया गया सम्मानित- कार्यक्रम स्थल पर बीते 3 दिनों से सशस्त्र सीमा बल 56वीं (बथनाहा) एवं 52वीं बटालियन (पूर्णिया), सीआरपीएफ 215 बटालियन (जमुई) तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, फारबिसगंज की ओर से लगाए गए चिकित्सा शिविर के लिए क्रमशः सचिन, शाहनवाज खान एवम अजय कुमार देव को केंद्रीय संचार ब्यूरो, दरभंगा की ओर से प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इसी प्रकार जीविका (स्वस्थ्य पोषण) एवं सीमांचल जीविका ग्रेट प्रोड्यूसर के प्रभारी क्रमश रंजन कुमारी तथा ज्योति देवी को भी कार्यक्रम में उनके योगदान के लिए विभाग द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का संचालन केंद्रीय संचार ब्यूरो, दरभंगा के सहायक क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी मिहिर कुमार झा एवं केंद्रीय संचार ब्यूरो, पटना के सहायक क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी अमरेंद्र मोहन ने किया। धन्यवाद ज्ञापन जागरण कल्याण भारती के अध्यक्ष संजय कुमार ने किया।

## संत लुक हॉस्पिटल कंपाउंड की झाड़ियों में लगी आग मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ियां



**शुभ भास्कर संवाददाता पंकज भगत**

पाकुड़ जिले के हिरणपुर प्रखंड के एसटी संत लुक हॉस्पिटल कंपाउंड के चारो ओर झाड़ियों में आग लग जाने से अस्पताल के कर्मी परेशान हुए, बताया जा रहा है कि करीब 1 बजे आग लगी,, परंतु आग कैसे लगी यह किसी को नही पता चल पाया है, संत लुक हॉस्पिटल की कर्मियों ने आग लगने की सूचना दमकल विभाग को दी,, फिलहाल अस्पताल कंपाउंड के कर्मियों के महिलाएं पुरुष बच्चे सभी ने मिलकर पाइप और बाल्टी से पानी से आग बुझाने का काफी प्रयास कर रहे है लेकिन आग पर नहीं काबू पाया गया हालाँकि आग पर नियंत्रण कार्य जारी है,, सूचना पाते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुँच कर आग बुझाने का कार्य मे जुटे है,,, इस दौरान स्थानीय पुलिस घटनास्थल पहुँच चुकी हैं दमकल विभाग की टीम ने बड़ी मशक्कत के बाद आग को बुझाया।

# हाई स्कूल डुमरामा मैदान में 10 मार्च से 13 मार्च तक होने वाले 108 कुंडीय गायत्री नवचेतना महायज्ञ की तैयारी अंतिम चरण में !

**दैनिक शुभ भास्कर लक्ष्मण पासवान की रिपोर्ट**



बिहार बांका जिला के अमरपुर प्रखंड अंतर्गत हाई स्कूल डुमरा मैदान में होने वाले 108 कुंडीय गायत्री नवचेतना महायज्ञ की तैयारी अब जोरों पर है ! महायज्ञ की तैयारी में 108 कुंड तैयार किए गए हैं ! धर्म प्रेमी श्रद्धालु गन यज्ञ स्थल पर पहुंचकर निस्वार्थ रूप से यज्ञ के शेष बचे कार्यों को मूर्त रूप देने में लगे हुए हैं ! यज्ञ में धर्म प्रेमी एवं आगंतुकों को किसी प्रकार की कोई कठिनाई का सामना नहीं करना पड़े इसके लिए यज्ञ समिति गायत्री परिवार अमरपुर बांका के के द्वारा लगातार यज्ञ सफल संचालन के लिए समीक्षात्मक बैठक किया जा रहा है ! गायत्री परिवार के कर्मठ लगन शील सह युवा कार्यकर्ता सह यज्ञ समिति गायत्री परिवार अमरपुर के कोषाध्यक्ष प्रकाश सिंह ने बताया कि 10 मार्च से 13 मार्च तक 108 कुंडीय गायत्री नवचेतना महायज्ञ का आयोजन हाई स्कूल डुमरामा मैदान में होना सुनिश्चित है ! उपरोक्त के आलोक में महायज्ञ के सफल संचालन हेतु जोर शोर से शेष बचे कार्यों का निष्पादन कराया जा रहा है ! महायज्ञ के लिए 108 कुंड बनकर तैयार है ! प्रकाश सिंह ने बताया कि इस आयोजित महायज्ञ में 4 जिले से मुख्य रूप से गायत्री परिवार से जुड़े धर्म प्रेमी भाई बंधु आने की संभावना है! चुकी यह जिला स्तरीय महायज्ञ का आयोजन किया गया है ! प्रकाश सिंह कोषाध्यक्ष ने बताया कि महायज्ञ ऐसे स्थान पर किया जा रहा है जिससे लोगों को आवागमन में किसी प्रकार का कोई परेशानी नहीं होगी ! भागलपुर बांका मुख्य पक्की सड़क के किनारे डुमरामा मैदान पर यज्ञ होने के कारण यहां आने जाने में किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं है यज्ञ स्थल पर लोग आसानी से उतरेंगे ! जिससे भागलपुर और बांका जिले के लोगों को महायज्ञ स्थल पर आने में काफी सहूलियत होगी इसके मद्देनजर रखते हुए हाई स्कूल डुमरामा मैदान पर महायज्ञ होना सुनिश्चित हुआ है और महायज्ञ के लायक जगह भी बहुत मैदान है' प्रकाश सिंह ने बताया कि गायत्री परिवार के संस्थापक वेद मूर्ति तपोनोष्ठ पंडित राम शर्मा आचार्य द्वारा 3200 पुस्तकें लिखी गई है जो इस यज्ञ में पुस्तकों का स्टाल लगाया जा रहा है ! कोषाध्यक्ष प्रकाश सिंह नेबताया कि सनातन धर्म के धर्म प्रेमी गन इस 108 कुंडीय गायत्री नवचेतना महायज्ञ में पधार कर पुण्य का भागी बनने का यह बहुत बड़ा मौका है !

उन्होंने गायत्री परिवार एवं सभी धर्म प्रेमी भाई बंधुओं से इस यज्ञ की सफलता को लेकर यज्ञ में पधारने का आह्वान किया है ! यज्ञ की तैयारी को लेकर प्रकाश सिंह कोषाध्यक्ष के साथ-साथ राकेश कुमार रंजन वीरेंद्र कुमार सिंह उप कोषाध्यक्ष यज्ञ स्थल पर मौजूदा और मुस्तैद दिखे गए !

## कटिहार के डूमर के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से साइकिल सवार की हुई मौत, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा सदर अस्पताल



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो चीफ रूपेश मिश्रा की रिपोर्ट**

कटिहार बिहार पोठिया ओपी क्षेत्र के डूमर के समीप हुए इस घटना के बारे में बताया जा रहा है कि शब्दा गांव निवासी बबलू पासवान साइकिल से अपने घर आ रहे थे। इसी दौरान डूमर के समीप अज्ञात वाहन के चपेट में आने से उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पहुंची और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है और वही पुलिस के द्वारा घटना का अनुसंधान किया जा रहा है। मृतक व्यक्ति का कोई परिजन नहीं है। ग्रामीणों के द्वारा ही शव का पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार किया जा रहा है।

## फुल्लीडुमर थाना की पुलिस एक शराब कारोबारी एवं एक कांड के नामजद अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता कामेश्वर साह, फुल्लीडुमर/ बांका**



फुल्लीडुमर थाना की पुलिस विशेष समकालीन अभियान के तहत शनिवार को संध्या गश्ती के दौरान चौडाड़ गांव से एक शराब कारोबारी तथा सलैया गांव से थाना कांड संख्या 88/2023 के नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार किया है फुल्लीडुमर थाना से मिली प्राप्त जानकारी के अनुसार शराब बिक्री की गुप्त सूचना पर थाना अध्यक्ष आलोक कुमार के नेतृत्व में सैप जवानों के सहयोग से चौडाड़ गांव के रमेश दास पिता स्वर्गीय तूफानी दास के घर छापेमारी की गई जहां छापेमारी के दौरान पुलिस ने घर के आंगन में बोरा से छिपाकर रखे गए प्लास्टिक के डिब्बे में 4 लीटर महुआ शराब को जप्त किया है तथा मौके पर से शराब कारोबारी रमेश दास को भी रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया गयो वहीं गस्ती के दौरान थाना अध्यक्ष आलोक कुमार के नेतृत्व में सहायक थाना अध्यक्ष बलबीर लक्षण एवं सैप जवानों द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर थाना कांड संख्या 88/ 2023 के नामजद अभियुक्त सलैया गांव निवासी सुखदेव दास पिता स्वर्गीय बासु दास को छापेमारी कर उसके घर से गिरफ्तार कर थाना लाया गयो वहीं दोनों गिरफ्तार व्यक्ति की विधि सम्मत कागजी प्रक्रिया पूर्ण करते हुए सोमवार को फुल्लीडुमर अस्पताल में कोविड जांच के बाद पुलिस अभिरक्षा में न्यायिक हिरासत में बांका जेल भेज दिया गया है

## अवैध खनन मामले में चार ट्रक जब्त; परिवहन दंड की राशि लगभग बारह लाख

**दैनिक शुभ भास्कर संतोष कुमार झा, बांका**

जिला पदाधिकारी के निर्देश पर वरीय पदाधिकारी द्वारा बांका जिले के मार्ग पर अवैध खनन को लेकर चलाया गया जांच अभियान। इस अभियान में अवैध खनन की दृष्टि से संवेदनशील मार्ग को किया अवरुद्ध एवं चार ट्रक जब्त किया गया। अमरपुर एवं बांका थाना क्षेत्र अंतर्गत अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण पर पूर्ण रोकथाम हेतु सघन छापेमारी की गयी। छापेमारी के क्रम में अवैध खनन की दृष्टि से संवेदनशील मार्गो पर ट्रेंच काटकर रास्ता को अवरुद्ध किया गया है. खनिज के अवैध परिवहन में शामिल कुल 4 ट्रको को भी जब्त कर थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है। छापेमारी दल के रूप में अनुमंडल पदाधिकारी बांका, डॉ प्रीति, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बांका, बिपिन बिहारी, जिला खनिज विकास पदाधिकारी बांका, कुमार रंजन, खान निरीक्षक हरि ओम ओझा, मोटर यान निरीक्षक अरुण कुमार तथा भारी संख्या में पुलिस बल उपस्थित रहे. जिला खनिज विकास पदाधिकारी, बांका कुमार रंजन ने बताया की जब्त वाहनों से खनन एवं परिवहन नियमानुसार दंड की राशि वसूली जायेगी. जिसमें खनन एवं परिवहन की दंड की राशि लगभग 12 लाख रुपए है ।

# झारखंड व बिहार के संयुक्त उत्पाद टीम ने अवैध शराब को लेकर गोड्डा में की छापेमारी

**दैनिक शुभ भास्कर अवध विहारी, ब्यूरो बांका**




पिछले वर्ष होली त्योहार में झारखंड के गोड्डा जिला से ही जंगली इलाकों से जहरीली शराब पैकिंग कर भागलपुर एवं बांका जिले में आपूर्ति की गई थी। जिसमें दर्जनों लोगों की जाने चली गई थी। जिसको लेकर ऐसी घटनाएं की पुनरावृत्ति नहीं हो इसको लेकर दोनों राज्यों के अधिकारियों के संयुक्त टीम के द्वारा गोड्डा जिले के जंगलों व सटे इलाकों में सर्च अभियान चलाया गया। जिसमें अधीक्षक मद्य निषेध बांका के नेतृत्व में उत्पाद की एक टीम एवं गोड्डा उत्पाद की टीम के साथ रोहट थाना पुलिस बल ने संयुक्त रूप से पोड़ैयाहाट थाना के अंतर्गत हरियारी गांव एवं उससे सटे जंगलों में तलाशी अभियान चलाया । तलाशी अभियान के दौरान किसी भी प्रकार के शराब निर्माण /पैकिंग नहीं पाया गया । गत वर्ष होली में इसी जंगल क्षेत्र में जहरीली शराब की पैकिंग कर भागलपुर एवं बांका जिला में शराब की आपूर्ति की गई थी । और गत वर्ष की संयुक्त छापामारी में बड़े पैमाने पर एस्प्रीट , इंपीरियल ब्लू विदेशी शराब का लेबल स्टीकर और खाली बोतलें , ढक्कन आदि बरामद किया गया था। इसी सतर्कता के तहत ये सर्च की कारार्वाई की गई। इसके बाद इस टीम के द्वारा गोड्डा- सुंदर पहाड़ी रोड में एक ठिकाने की तलाशी ली गई । लेकिन वहां पर भी विदेशी शराब का भंडारण नहीं पाया गया। संयुक्त टीम ने अडानी गेट नंबर 2 पर अवैध शराब बिक्री ठिकानों पर छापामारी की जहां से करीब 100 लीटर महुआ शराब बरामद करते हुए 8 शराब विक्रेता एवं शराब सेवन कर्ता को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में गोड्डा उत्पाद टीम के द्वारा प्राथमिक दर्ज की गई। गोड्डा उत्पाद टीम का नेतृत्व उत्पाद अवर निरीक्षक मनोज कुमार कर रहे थे। जबकि बांका उत्पाद टीम में निरीक्षक मद्य निषेध अजय कुमार एवं प्रशांत कुमार, अवर निरीक्षक मनीष कुमार सक्सेना एवं सहायक अवर निरीक्षक किशोर कुमार के साथ पुलिस बल साथ थे।

## 440 बोतल विदेशी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार



**दैनिक शुभ भास्कर डॉ अनुप कुमार, बांका**

बांका। एसपी डॉ सत्यप्रकाश के निर्देश पर होली के मद्देनजर जिले में शराब के विरुद्ध सघन छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान पंजवारा पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने जांच के दौरान एक कार से भारी मात्रा में शराब बरामद किया है। मौके पर शराब तस्कर को गिरफ्तार करते हुए शराब में प्रयुक्त कार को जब्त कर लिया है। इस बावत पंजवारा थानाध्यक्ष अनिल कुमार साव ने बताया कि रविवार की रात पंजवारा स्थित उत्पाद विभाग चेकपोस्ट से जांच के दौरान एक कार में कई कार्टून में 440 बोतल विदेशी शराब बरामद किया गया है। जिसकी कुल मात्रा 157.56 लीटर है। गिरफ्तार तस्कर भागलपुर जिला के नवगछिया थाना क्षेत्र के श्रीपुर गांव निवासी शिवम कुमार पिता स्व. बिंदेश्वरी प्रसाद सिंह है। जो होली पर शराब की बड़ी खेप झारखंड के गोड्डा से लेकर नवगछिया जा रहा था। तस्करी में प्रयुक्त कार को जब्त करते हुए गिरफ्तार तस्कर के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया गया है। गिरफ्तार तस्कर को सोमवार को पुलिस अभिरक्षा में बांका जेल भेज दिया।

## केंद्र में अटकी है 7 बाइपास के निर्माण की फाइल, बाइपास बनने पर बिहार से झारखंड की यात्रा होगी सुगम, शेखपुरा- जमुई- बांका व आसपास की आबादी होगी लाभान्वित

**दैनिक शुभ भास्कर डॉ अनुप कुमार,बांका**



बांका। सात बाइपास के निर्माण की स्वीकृति का लंबे समय से इंतजार है. शहरों को जाम से मुक्ति दिलाने और यात्रा को सुगम बनाने के लिए राज्य सरकार ने इसका प्रस्ताव केंद्र को भेजा था, लेकिन अबतक इसके निर्माण की स्वीकृति नहीं मिली है. इन बाइपास के बन जाने से कई जिलों के लोगों को आवागमन में सुविधा होगी. जाम से मुक्ति मिलेगी. पथ निर्माण विभाग की ओर से केंद्रीय परिवहन एवं सड़क मंत्रालय को इसका प्रस्ताव भेजा था. इनके निर्माण की स्वीकृति को लेकर विभाग के पदाधिकारी निरंतर संपर्क में हैं. सभी बाइपास के निर्माण की जल्द स्वीकृति मिलने की उम्मीद है. इसकी कार्रवाई चल रही है. इसी क्रम में स्टैंडिंग फाइनेंस कमेटी के पास इसकी स्वीकृति की फाइल भेज दी गई है. यहां से सहमति मिलते ही निर्माण की स्वीकृति मिलेगी. मंत्रालय से दी गई जानकारी में साफ किया गया है कि राष्ट्रीय राजमार्ग 333-ए के 72 किमी से 143 किमी के चौड़ीकरण का कार्य शुरू करने के पहले की गतिविधियों को पूरा तथा मानगोबांदर, केंदुआ, टोलासोनो, झाझा, नरगंजो और भैरोगंज बाइपास के निर्माण को लेकर 746.73 करोड़ की स्वीकृति देने की प्रक्रिया चल रही है. इन छह बाइपास में 41 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण होना है. राजमार्ग 33-ए बिहार से झारखंड को भी जोड़ता है. बिहार में यह सड़क बरबीघा, शेखपुरा, जमुई, झाझा और बांका तक जाती है. इस तरह उक्त जगहों पर बाइपास बन जाने से बिहार से झारखंड तक की यात्रा भी सुगम होगी. शेखपुरा, जमुई और बांका जिले तथा आसपास के इलाकों की बड़ी आबादी को इसका सीधा लाभ मिलेगा. इनमें मानगोबांदर, केंदुआ, टोलासोनो, झाझा और नरगंजो जमुई जिले और भैरोगंज बांका जिले में स्थापित हैं.

# बांका के कमलडीह गांव में महज 1 साल में नल जल योजना की टंकी हो गई जर्जर, ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा योजना का लाभ

**दैनिक शुभ भास्कर अवध विहारी, ब्यूरो बांका**





सबको स्वच्छ नल का जल योजना मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का ड्रीम प्रोजेक्ट है। हर घर, नल का जल योजना को प्राथमिकता के आधार पहुंचाने की बात सरकारी स्तर पर कही जा रही है, लेकिन धरातल पर हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। बांका प्रखंड में यह योजना बस योजना बन कर रही गई है। प्रखंड क्षेत्र के बहरा पंचायत अंतर्गत कमलडीह गांव में हर गल नल जल योजना का लाभ नहीं मिल रहा है नल जल योजना के तहत बिछी पाइप एवं लगाए गए नल सिर्फ शोभा की वस्तु बनकर रह गई है इससे ज्यादातर महिलाएं प्रभावित हैं क्योंकि महिलाओं को अपने घर के कार्य के लिए अन्य जगह से पानी ढोकर लाना पड़ता है महिलाओं ने बताया कि एक माह से ऊपर हो गया हमें जो मिलने वाला पानी सरकार की ओर से मुहैया कराएगा था वह नहीं मिल रहा है चापाकल भी दम तोड़ चुका है इसका कारण है कि गांव के बगल में कई बड़े-बड़े स्टेट बोरिंग होने के कारण लेयर नीचे चला गया हैं इसलिए चापाकल ने दम तोड़ दिया है पानी उसे निकलता नहीं है थोड़ा बहुत पानी निकलने से कार्य चलता नहीं है नल जल योजना जो सरकार की ओर से चलाई गई थी उसे कुछ दिन ( लगभग 1 वर्ष ) पानी सही रूप से मिला उसके बाद टंकी खराब हो चुके हैं वह जर्जर हो चुका है उसे पानी नहीं मिलता है वही जो पानी सप्लायर करते थे उनके द्वारा सप्लाई नहीं दिए जाने पर शिकायत किया गया तो उन्होंने बताया कि मशीन खराब है जहां शिकायत करना है कर दीजिए हम क्या करेंगे वही इस संबंध में पंचायत के मुखिया ऋषि कापरी ने बताया कि पंचायतों में अधिकतर कार्य पीएचडी विभाग के द्वारा कराया गया है उन्हीं के द्वारा सभी व्यवस्था की जाती है अब कहां पर क्या दिक्कत है यह विभागीय समझे । वही गांव के वकील यादव , मीरा देवी , संगीता देवी , चांदनी कुमारी , सहित अन्य ग्रामीणों ने शिकायत किया जब से इस योजना का संचालन हुआ है तब से आज तक कभी भी सही तरीके से लाभ लाभुकों को नहीं मिला है और आज के दौर में तो एक महीना पूर्व से ही नल बंद है पानी आता ही नहीं है कारण क्या है हम लोग तो कुछ बोल नहीं सकते हैं अब देखना होगा कि विभाग इसके ऊपर कितने समय में अपनी कार्रवाई करते हैं और लाभुकों को इस योजना का लाभ देने में सक्षम होता हैं।

# गंगा समिति की समीक्षा बैठक आयोजित

**दैनिक शुभ भास्कर संतोष कुमार झा, बांका**



सोमवार को जिला पदाधिकारी, बाँका की अध्यक्षता में जिला गंगा समिति की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी, बाँका,अपर समाहर्त्ता, बाँका,उप विकास आयुक्त, बाँका,जिला पंचायत राज पदाधिकारी, बाँका,कार्यपालक अभियंता, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता सिंचाई प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, बाँका, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, बाँका उपस्थित थे। बैठक में जिला पदाधिकारी, द्वारा होली के अवसर पर सभी तालाबों,पोखरों एवं नालों की सफाई कराई जाए । जहाँ कूड़ा-कचरा, पॉलिथीन इत्यादि का समान फैला हुआ हो। होली के अवसर पर किसी भी परिस्थिति में तालाबों, पोखरो एवं नालों में कूड़ा करकट, पॉलिथीन, विषैले, रासायनिक एवं हानिकारक पदार्थ नहीं डाला जाय। होली के अवसर पर आमजनों को जागरूक किया जाय कि वे तालाब, पोखर एवं नालों में कूड़ा-कचरा, पॉलिथीन इत्यादि नहीं डालें। बाँका जिला अंतर्गत आहूत जिला गंगा समिति की बैठक में दिये गये निदेश का अनुपालन करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिए।

## लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित



**दैनिक शुभ भास्कर संतोष कुमार झा, बांका**

जिला पदाधिकारी, बांका अंशुल कुमार के द्वारा सोमवार को सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ सोमवारीय बैठक आयोजित की गई । बैठक में विभिन्न कार्यालयों में लंबित पत्रों के निष्पादन की प्रगति की समीक्षा की गई तथा काफी दिनों से लंबित पत्रों के तुरंत निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। उक्त बैठक में अपर समाहर्ता, बांका, उप विकास आयुक्त, बांका, प्रभारी पदाधिकारी आपदा प्रबंधन शाखा, बांका, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, बांका, वरीय कोषागार पदाधिकारी, बांका, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, बांका, जिला मत्स्य पदाधिकारी, बांका एवं अन्य वरीय जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## संग्रामपुर पुलिस ने एक शराब कारोबारी को किया गिरफ्तार

**दैनिक शुभ भास्कर रोहित कुमार, मुंगेर**

मुंगेर जिले के संग्रामपुर पुलिस ने एक व्यक्ति को चार बोतल विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। संग्रामपुर थाना अध्यक्ष रंजन कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि संग्रामपुर बाजार के हॉस्पिटल चौक के समीप एक शराब कारोबारी विदेशी शराब होने बात कही।जिस दौरान कारवाई करते हुए तलाशी के दौरान प्लास्टिक के एक थेला से 4 बोतल विदेशी शराब बरामद किया गया। गिरफ्तार व्यक्ति संग्रामपुर बाजार के अंजनी कुमार भगत बताया गया। जिसमें एक ब्लेंडर स्पइरड 750 ml के 1 बोतल एवं एंपीरियल ब्लू 375ml के 3 बोतल विदेशी शराब बरामद किया गया। गिरफ्तार व्यक्ति को मध्य निषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज करते हुए पुलिस अभिरक्षा में मुंगेर न्यायालय भेज दिया गया।

## होली पर्व को लेकर फूलीडूमर बाजार सहित प्रखंड के सभी बाजारों में उमड़ी ग्राहकों की भीड़, स्थानीय प्रशासन मुस्तैद

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता कामेश्वर साह, फुल्लीडुमर/बांका**



होली पर्व को लेकर सोमवार को फुल्लीडुमर बाजार सहित प्रखंड क्षेत्र के खेसर, गोड़ा, भितीया, तेलियामोड़, कुमारपुर सहित अन्य बाजारों में ग्राहकों की भीड़ उमड़ पड़ी जानकारी के अनुसार मंगलवार से शुरू हो रहे होली पर्व को लेकर सोमवार को फुल्लीडुमर बाजार में उमड़ी भीड़ के कारण दिनभर बाजारों में जाम की स्थिति बनी रही वहीं होली पर्व को लेकर ग्राहकों ने किराना के समान, फल, मिठाई ,कपड़े, सब्जी, रंग- अबीर, पिचकारी सहित अन्य सामानों की जमकर खरीदारी की होली पर्व में विधि व्यवस्था बनाए रखने हेतु फुल्लीडुमर थाना अध्यक्ष आलोक कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी द्वारा थाना क्षेत्र के सभी जगहों पर गश्त करते देखा गयो वहीं फुल्लीडुमर बाजार में थाना अध्यक्ष आलोक कुमार माईकिंग कर लोगों से अपील करते हुए कहा कि बिहार में शराबबंदी है अतः शराबबंदी कानून का पालन करते हुए होली पर्व को मनाऐ साथ ही लोगों से अपील करते हुए कहा कि जहां चोरी छुपे शराब बनाई जाती है उसकी सूचना थाने को दें सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगो वहीं होली पर्व में अशांति फैलाने वाले लोगों पर पुलिस की पैनी नजर होने की बात भी कही गई साथ ही पुलिस ने यह भी कहा कि जहरीली शराब पीने से पूर्व में कई लोगों की जान जा चुकी है, अतः किसी भी कीमत पर शराब का सेवन ना करें

# होली एवं शब ए बरात पर्व को लेकर जिला प्रशासन ने विधि व्यवस्था को लेकर जारी किए निर्देश

**दैनिक शुभ भास्कर संतोष कुमार झा, बांका**

होली एवं शब-ए-बरात 2023 पर्व को लेकर जिला अंतर्गत विधि-व्यवस्था एवं लोक-व्यवस्था संधारण विषय पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में उपस्थित थानाध्यक्षों, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अचंलाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारियों को आसन्न होली एवं शब-ए-बरात के अवसर पर विधि व्यवस्था एवं सम्प्रदायिक सौहार्द्र बनाये रखने हेतु अपने क्षेत्रान्तर्गत संवेदनशील स्थलों, हाट बाजारों, चौक चैराहों, मंदिर मस्जिदों इत्यादि जगहों पर लगातार भ्रमणशील रहते हुए विधि व्यवस्था बनाये रखेंगे। सभी थानाध्यक्ष धारा -107 दं0प्र0सं0 के तहत उपद्रवी/शराती तत्वों के विरूद्ध आवश्यक कार्रवाई करने हेतु अपने-अपने थाना क्षेत्र से संबंधित अधिक से अधिक व्यक्तियों को चिन्हित कर



स्वयं/स्थानीय चैकीदार से सत्यापनोपरान्त तत्संबंधी सूची अनुमंडल पदाधिकारी बांका को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। होली एवं शबे बरात के अवसर पर विधि व्यवस्था के पर्यवेक्षण/निरीक्षण एवं सूचना को प्राप्त करने तथा अपेक्षित कार्रवाई हेतु जिला नियंत्रण कक्ष दिनांक 06 मार्च से दिनांक 09 मार्च तक अनुमंडल कार्यालय बांका में बनाया गया है। जिसकी दूरभाष संख्या 06424-222226/222225 है। कार्यपालक अभियंता, विद्युत प्रमंडल, बांका एवं अमरपुर स्वयं भ्रमणशील रहकर जर्जर/ढीले तारों को दुरुस्त करना सुनिश्चित करेंगे ताकि कोई अप्रिय घटना ना घट सके। होलिका दहन के क्रम में आग लगने की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए जिला अग्निशमन पदाधिकारी विभिन्न थानान्तर्गत अग्निशमन दसता को पूर्ण तैयारी हालत में रखना सुनिश्चित करेंगे। होली के दिन उपद्रवी/शराती तत्वों के द्वारा डी0जे0 पर अश्लील गाने बजाकर/धार्मिक उन्माद वाले नारे लगाकर साम्प्रदायिक सद्भाव को प्रभावित किया जाता है। सभी थानाध्यक्ष अपने-अपने थाना क्षेत्र अन्तर्गत डी0जे0 संचालक के साथ बैठक कर डी0जे0 का उपयोग हर हाल में वर्जित करेंगे। शराब के आवाजाही पर प्रभावी नियंत्रण हेतु जिला के विभिन्न सीमाओं पर एवं निर्धारित चेकिंग प्वाईट पर वाहनों की चेकिंग युद्ध स्तर पर करेंगे। सभी थानाध्यक्ष होली एवं शब-ए-बरात -2023 के अवसर पर विधि-व्यवस्था एवं साम्प्रदायिक सौहार्द्र कायम रखने हेतु चौकीदार परेड ससमय कराना सुनिश्चित करेंगे एवं स्थानीय दफादार एवं चौकीदार के सहयोग से सूचनाओं का संकलन अचूक रूप से करायेंगे। इसके अलावे छोटी-छोटी सूचनाओं को गंभीरता से लेते हुए उस पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। होली पर्व में नकली तथा मिलावटी रंग और अबीर बिक्री की जाती है, जिसके प्रयोग से स्वास्थ्य प्रभावित होता है ऐसे लोगों के विरूद्ध अभियान चलाकर विधि सम्मत कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

सिविल सर्जन, बांका अपने स्तर से अस्पताल में चिकित्सक एवं पारा मेडिकल स्टाफ को आवश्यक दबाव के साथ उपलब्ध रहने का निर्देश देंग। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी/अंचल अधिकारी अपने मुख्यालय में उपस्थित रहकर अपने अपने क्षेत्र में अवस्थित संवेदनशील स्थानों का विशेष रूप से परिभ्रमण करते हुए सभी प्रशासनिक सतर्कतामूलक कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। होली और शबे बरात के अवसर पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए क्विक रिस्पांस टीम की प्रतिनियुक्त की जाएगी। जिला परिवहन पदाधिकारी 06 से 10 तारीख तक लगातार छापेमारी कर बाइक चालकों और ओवरलोड वाहन पर नियंत्रण करेंगे, खाद्य पदार्थों में मिलावट संबंधी समस्याओं को देखते हुए फूड इंस्पेक्टर एवं सिविल सर्जन लगातार छापामारी करेंगे।

इस अवसर पर जिला पदाधिकारी, बांका के साथ पुलिस अधीक्षक, बांका, अपर समाहर्ता, बांका,उप विकास आयुक्त, बांका, अनुमंडल पदाधिकारी, बांका, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, बांका, प्रभारी पदाधिकारी आपदा प्रबंधन शाखा, बांका, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, बांका, वरीय कोषागार पदाधिकारी, बांका, निदेशक डीआरडीए-सह-जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, बांका एवं अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# ट्रेन से आरपीएफ और रेल जीआरपी पुलिस ने भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब की खेप को बरामद किया

**जयनगर /मधुबनी दैनिक शुभ भास्कर (मो गुलाब)**



जयनगर आरपीएफ और रेल जीआरपी पुलिस के द्वारा ट्रेन में चेकिंग के दौरान भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद किया। आरपीएफ प्रभारी रमेश कुमार के द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक जयनगर रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नम्बर 04 पर हमसफर एक्सप्रेस ट्रेन के आने पर रेलवे सुरक्षा बल ओपी उप निरीक्षक रमेश कुमार और जीआरपी के पुलिस पदाधिकारी राममलार पासवान समेत अन्य पुलिस बल के द्वारा उक्त ट्रेन में चेकिंग के दौरान कोच संख्या एस 08 के अलग अलग शौचालय के डस्टबिन से भारी मात्र में रखे लावारिश हालत मेंअलग अलग ब्रांडों के विदेशी शराब की खेप को बरामद किया। शराब को जप्त कर कागजी करवाई कर जप्ती सूची बना कर आगे की करवाई हेतू रेल जीआरपी पुलिस को सुपूर्द कर दिया गया। जप्त शराब में कुल 43 बोतल 32 .15 लीटर शराब हैं। रेल जीआरपी प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि मामला दर्ज कर करवाई हेतू जाँच की जा रही हैं।

# डीएम अरविंद कुमार वर्मा ने समस्त जिलावासियों को दी होली की शुभकामनाएं



मधुबनी- जिलेवासियों के नाम अपने संदेश में उन्होंने कहा है कि सभी लोग उत्साह पूर्वक होली खेलें और मिलावटी रंगों के दुष्प्रभाव को देखते हुए उससे दूर रहें। स्वास्थ्य को हानि पहुंचाने वाले रंगों और गुलाल के इस्तेमाल से बचें। इस अवसर पर उन्होंने अपील की है कि जबरदस्ती बल प्रयोग के द्वारा होली ना खेलें, जिससे दूसरों को बुरा लगे। उन्होंने सभी प्रकार के नशे के सेवन से दूर रहने की अपील भी की है।विशेषकर नौजवानों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आपके व्यवहार से दूसरों को परेशानी ना हो। इसलिए हुड़दंग न मचाएं। उन्होंने कहा कि डीजे का इस्तेमाल प्रतिबंधित है। ऐसे में डीजे का इस्तेमाल न करें। साथ ही किसी भी लाऊड स्पीकर पर ऐसा अश्लील या भ्रामक गाना ना बजाएं, जिससे किसी भी व्यक्ति अथवा समूह की भावना को ठेस पहुंचती हो। सोशल मीडिया को शुभकामनाओं के आदान-प्रदान का बेहतर माध्यम बताते हुए उन्होंने अफवाहों से बचने की सलाह भी दी है।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले को मोमेंटो देकर किया सम्मानित

**दैनिक शुभ भास्कर संतोष कुमार झा, बांका**

बांका शहर के चंद्रशेखर सिंह नगर भवन में जिला प्रशासन बांका की तरफ से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को लेकर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पदाधिकारी, बांका अंशुल कुमार एवं पुलिस अधीक्षक, बांका डॉक्टर सत्यप्रकाश स्वागत करते हुए वरीय उप समाहर्ता, बांका स्वाति कुमारी की तरफ से मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ के उपरांत पुलिस अधीक्षक तथा जिला पदाधिकारी द्वारा उपस्थित सभी महिलाओं को महिला सशक्तिकरण तथा महिलाओं को किस प्रकार आगे आना चाहिए, समाज में महिलाओं का क्या जिम्मेदारी है ,इस पर उन्होंने अपने बातों को उपस्थित महिलाओं के बीच विस्तार पूर्वक चर्चा








की गई। साथ ही कार्यक्रम में अनेक बच्चों ने शानदार नृत्य प्रस्तुति किया। वरीय उप समाहर्ता स्वाति कुमारी के द्वारा एक संवाद गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें बांका सदर अस्पताल की स्त्री रोग विशेषज्ञ, डाइट बांका की लेक्चरर, उसके अलावा डालसा की सदस्य वरिष्ठ वकील ने भी इस वार्ता में भाग लिया। इस वार्ता में महिलाओं को लेकर अनेकों विचारों को रखा गया महिलाओं को किस प्रकार शिक्षित किया जाए महिलाओं में अगर बीमारी की बात की जाए तो बांका सदर अस्पताल से आई हुई वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ ने महिलाओं के अंदर होने वाले एनीमिया को लेकर महिलाओं को जागरूक किया। इसके अलावा डालसा की सदस्य वरिष्ठ वकील ने भी महिलाओं को कानून संबंधी जो भी उन्हें परेशानियां होती है उसको लेकर उन्होंने महिलाओं को संबोधित किया। आज के इस कार्यक्रम में जहां एक तरफ बांका के अनेकों वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद थे । तो वहीं दूसरी तरफ आंगनबाड़ी तथा जीविका समूह की भी काफी महिलाएं उपस्थिति हुई। इस कार्यक्रम के अंत में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष पर बांका जिले की अनेकों महिलाओं को उनके उत्कृष्ठ कार्यों को देखते हुए उन्हें मोमेंटो देकर उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अपर समाहर्ता, बांका, उप विकास आयुक्त, बांका, अनुमंडल पदाधिकारी, बांका, वरीय कोषागार पदाधिकारी, बांका एवं अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी के साथ वन स्टॉप सेंटर की परामर्शी अंजना भारती के अलावा अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

# देवीपुर थाना परिसर में होली एवं शबे बरात को लेकर शांति समिति की बैठक की गई

**दैनिक सुभ भास्कर संवाददाता देवीपुर**

थाना परिसर में रविवार को होली व शबेबारात के अवसर पर सीओ सुनील कुमार की अध्यक्षता में व पुलिस निरीक्षक मनोज कुमार, थाना प्रभारी धनंजय कुमार सिंह एवं पंचायत जनप्रतिनिधि व सामाजिक कार्यकताओं की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए सीओ सुनील कुमार ने कहा कि डीजे पर अश्लील गानों,तेज वोल्यूम में डीजे बजाने,शराब की बिक्री पर होली और सबे बारात के दिन 8 मार्च को प्रतिबंधित रहेगा।8 मार्च को होली के दिन अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस है।महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार करने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जायेगी।पुलिस इंस्पेक्टर मनोज कुमार ने अवैध शराब के निर्माण और बिक्री पर कड़ी कार्रवाई होगी।देवीपुर की जागरूक जनता का पुलिस प्रशासन के साथ समन्वय जिले भर में एक मिशाल है।थाना प्रभारी धनंजय कुमार सिंह ने कहा कि डीजे पर तेज





आवाज में अश्लील गीत बजाने पर डीजे जब्त कर लिया जायेगा। अवैध शराब पीकर हुड़दंग मचाने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी।20 सूत्री उपाध्यक्ष तेजनारायण वर्मा ने कहा होली और सबे बारात एक ही दिन है।प्रशासन को दो समुदाय वाले जगहों पर विशेष सतर्कता की जरूरत है।कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष नरेश यादव ने कहा कि डीजे के तेज आवाज के कारण लोगों की मौतें हृदय गति रूक जाने के कारण हो रही है।डीजे पर पूर्ण पाबंदी लगाने की मांग की कार्यक्रम का संचालन दोआब क्षेत्र अध्यक्ष राजेंद्र झा उन्मुक्त ने की।मौके पर एसआई गौतम वर्मा, एएसआई अकील अहमद, सुधीर कुमार शर्मा, ब्रहमदेव प्रसाद, उषा कुमारी, तिलेश्वर यादव, प्रमुख प्रतिनिधि नीलम यादव, बीस सूत्री उपाध्यक्ष तेजनारायण वर्मा, बीस सूत्री सदस्य संजय मिश्रा, चिकित्सा पदाधिकारी डाक्ट राजमंगल सिंह, एम्स के चिकित्सक डाक्टर प्रहर्ष अनुराग, डाक्टर चंदन, मुखिया नौशाद शेख, जयप्रकाश मंडल, रामफल तुरी, पूर्व मुखिया बबलू पासवान, संजय यादव, समाज सेवी लालजी प्रसाद यादव, राजेश चन्द्र बरनवाल, सत्यवान कुमार, चन्द्रमोहन कुमार, नरेश यादव, नीलम यादव, हैदर अली,अनुप कुमार सिन्हा,मंटू बरनवाल, शिवशंकर यादव, एहतराम अंसारी, विजय यादव, सीताराम यादव, राजेश राय, महावीर मंडल, किशोर झा, अजय दास, रंजीत मंडल, राजेश मंडल, आजाद शेख, डाक्ट चन्दन कुमार, नरेश यादव, रुद्र नारायण शाही, लक्ष्मी यादव, सतीश बरनवाल, टेंटू मंडल, अनूप सिन्हा, सलीम अंसारी,रंजीत मंडल, प्रमोद सिंह, विकास पांडेय, समेत दर्जनों लोग ,होम गार्ड व थाना के जवान मौजूद थे।

# होली का त्यौहार नजदीक देख हो रही लगातार नशीले पदार्थों पर करवाई



4 शिवपुरी खनियाधाना थाना अंतर्गत एनडीपीसी एक्ट के तहत हुआ मामला दर्ज जानकारी के अनुसार शिवपुरी एसपी राजेश सिंह चंदेल के निर्देशन होली के त्योहार को देखते हुए चल रही कार्रवाई जिससे कोई अन्य वारदातें ना हो सकें सुरक्षा की दृष्टि से आज देर रात एक बत्ती मादक पदार्थ देश ने बालक ने की सूचना मुख्य द्वारा थाना प्रभारी को मिली जैसे ही थाना प्रभारी की टीम ने मुखबिर की सूचना पर दबिश दी तो एक व्यक्ति 70 साल का जिसके पास से अंतरराष्ट्रीय मार्केट अनुसार कीमत ₹20000 बताई जा रही है गांजा जप्त किया और उस पर एनडीपीसी एक्ट के तहत कार्यवाही कर भेजा जेल देर रात पुलिस ने की कार्रवाई बाइट थाना प्रभारी सुरेश शर्मा **जिला ब्यूरो शिवपुरी मध्य प्रदेश गणेश सोनी**

# माणिक साहा फिर लेंगे त्रिपुरा के सीएम की शपथ, राज्यपाल से मुलाकात कर सरकार बनाने का दावा पेश किया

माणिक साहा त्रिपुरा के मुख्यमंत्री बने रहेंगे। सोमवार को अगरतला में आयोजित भाजपा विधायक दल की बैठक में उन्हें अगले मुख्यमंत्री के रूप में चुना गया। भाजपा प्रवक्ता ने नवनिर्वाचित विधायकों की बैठक के बाद संवाददाताओं को बताया कि साहा के नाम का समर्थन पार्टी के सभी विधायकों ने सर्वसम्मति से किया। सोमवार देर शाम को उन्होंने राज्यपाल सत्यदेव नारायण आर्य के समक्ष सरकार बनाने का दावा भी पेश किया। साहा को पिछले साल बिप्लब कुमार देब की जगह त्रिपुरा का सीएम बनाया गया था। ऐसे अटकलें लगाई जा रही थीं कि संवेदनशील सीमावर्ती राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में केंद्रीय मंत्री प्रतिमा भौमिक को यहां लाया जा सकता है। नए मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह आठ मार्च को होगा। हाल ही में हुए चुनावों में भाजपा ने 60 सदस्यीय विधानसभा में 32 सीटों पर जीत हासिल की है जबकि उसकी



सहयोगी इंडीजेनस पीपुल्स फ्रंट आफ त्रिपुरा (आइपीएफटी) ने एक सीट जीती। उधर, नगालैंड में भाजपा ने गठबंधन सहयोगी नेशनल डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (एनडीपीपी) के साथ सत्ता बरकरार रखी है। नेफ्यू रियो मंगलवार को सीएम पद की शपथ लेंगे। यहां सबसे खास बात ये है कि राज्य में विपक्ष रहित सरकार रहेगी। सभी विपक्षी दलों ने भी एनडीपीपी-भाजपा गठबंधन को बिना शर्त समर्थन दे दिया है। चुनाव पूर्व गठबंधन सहयोगी एनडीपीपी-भाजपा को 60 सदस्यीय विधानसभा में कुल 37 सीटें मिली थीं। इसमें एनडीपीपी को 25 और भाजपा को 12 सीटों पर जीत मिली थी। इसके अलावा एनसीपी को सात, एनपीपी को पांच, लोजपा (रामविलास) , नागा पीपुल्स फ्रंट (एनपीएफ) और आरपीआइ (अठावले) को दो-दो और जद (यू) को एक सीट पर विजय मिली थी। चार निर्दलीय भी जीते थे। संगमा दूसरी बार होंगे मेघालय के सीएम, 12 मंत्रियों में एक भाजपा कोटे से भी नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) के अध्यक्ष कोनराड के संगमा मंगलवार को मेघालय के मुख्यमंत्री पद की लगातार दूसरी बार शपथ लेंगे। उनके साथ 12 मंत्री भी शपथ लेंगे। एनपीपी से आठ, यूनाइटेड डेमोक्रेटिक पार्टी (यूडीपी) से दो, हिल स्टेट पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (एचएसपीडीपी) और भाजपा से एक-एक विधायक मंत्री बनेंगे। सोमवार को मेघालय विधानसभा के 58 नवनिर्वाचित सदस्यों ने शपथ ली और प्रोटेम स्पीकर टिमोथी डी शिरा ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। मेघालय में 60 विधानसभा सीटें हैं, लेकिन यूडीपी उम्मीदवार एचडी आर लिंगदोह के निधन के बाद सोहियोंग निर्वाचन क्षेत्र में मतदान स्थगित कर दिया गया था। रेसुबेलपारा के विधायक शिरा को चार मार्च को राजभवन में राज्यपाल फागू चौहान ने विधानसभा के प्रोटेम स्पीकर के रूप में शपथ दिलाई गई थी।पीएम आज से पूर्वोत्तर के दो दिवसीय दौरे पर, शपथ ग्रहण समारोहों में होंगे शामिल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार से पूर्वोत्तर के दो दिवसीय दौरे पर होंगे। इस दौरान वह क्षेत्र के तीन राज्यों में नई सरकारों के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। असम के स्वास्थ्य मंत्री केशव महंत ने सोमवार को कहा कि वह राज्य में अपने रात्रि प्रवास के दौरान यहां असम सरकार की एक कैबिनेट बैठक में भी शामिल होंगे।

# विश्वकर्मा समाज का 29 वा युवक युवती परिचय सम्मेलन हुआ आयोजित



**जबलपुर से अनूप चतुर्वेदी की रिपोर्ट**

जबलपुर संस्कारधानी में विजयनगर आईटीआई जेडीए ग्राउंड में विश्वकर्मा महा संगठन के द्वारा 29 वा युवक युवती परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया इस आयोजित सम्मेलन में संपूर्ण भारत वर्ष से लोगों ने शिरकत की एवं मंच पर अपना परिचय देकर परिणय सूत्र में बंधने के लिए मेल मिलाप किया विश्वकर्मा समाज के अध्यक्ष रामबाबू विश्वकर्मा ने बताया कि समाज को मजबूत बनाने के लिए एवं वे वजह के खर्चों से बचने के लिए युवक युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन आज के समय की महती आवश्यकता है जिसे ध्यान में रखकर यह आयोजन किया जा रहा है इस कड़ी में 300 से भी अधिक लोगों ने मंच पर अपना परिचय दिया वही 18 से भी अधिक विश्वकर्मा समाज की बिंगो ने इस कार्यक्रम में अपना सहयोग प्रदान किया एवं कार्यक्रम के सहयोगी रहे समाज के लोगों ने कहा कि यह कार्यक्रम बहुत ही आवश्यक और अद्भुत था ऐसे ही कार्यक्रम आगे भी लगातार किए जाते रहेंगे।

# तेल और सर्फ से बना रहे थे नकली दूध बड़ी मात्रा में कराया नष्ट

मुंडावर। सरस डेयरी चेयरमैन विश्राम गुर्जर ने खाद्य तेल और सर्फ मिलाकर नकली दूध बनाने वाले स्थान पर छापा मारा और लोगों को रंगे हाथों पकड़ लिया। मिकसी में इस दूध को तैयार कर रहे थे। यह कारोबार पिछले तीन साल से लगातार कर रहे



हैं।पुलिस, फूड व सरस डेयरी टीम को देख नकली दूध बनाने वाले के हाथ कांप गए। फिर पुलिस के सामने बोला कि तेल डालकर नकली दूध बनाते हैं। रोजाना 15 सौ लीटर दूध तैयार कर नीमराणा और आसपास बेचते हैं।अलवर जिले में ततारपुर के समीप टेहड़की गांव में रमेशचंद यादव के घर पर मिला जिसे पुलिस ने हिरासत में ले लिया। पूरा माल जब्त कर लिया। वहीं नकली दूध को नष्ट करा दिया। यहां से रोज 1500 लीटर दूध तैयार होता था।यहां 25 पीपे खाली भी मिले हैं जबकि दो मिकसी, 42 केन दूध, 25 तेल के पीपे मिलै।डेयरी चेयरमैन विश्राम गुर्जर ने बताया कि ततारपुर के पास टेहड़की गांव में नकली दूध बनता है। शनिवार सुबह 11 बजे दूध तैयार कर पिकअप से भेजा जाता है। इसलिए टीम साढ़े 10 बजे मौके पर पहुंच गई। घर के अंदर रमेश चंद तेल व अन्य सामग्री से नकली दूध बनाते मिला। दो मिकसी चालू थी।